RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 222
फरीदाबाद, सोमवार, 20 सितंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आज से शुरू हो रहे पितृ पक्ष

पेज - 11

### सियासी रंग में देशभक्ति का तड़का : पूर्व डीजीपी मुहम्मद मुस्तफा का ट्वीट

# अमरिंदर सिंह 14 साल आईएसआई एजेंट के साथ रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**कैप्टन** के इस्तीफे के बाद पंजाब की सियासत गरमाई हुई है। इस बीच मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी जताने वाले नवजोत सिंह सिद्धू के सलाहकार और पूर्व डीजीपी मुहम्मद मुस्तफा ने अमरिंदर पर निशाना साधा है। दरअसल, कैप्टन अमरिंदर ने सिद्धू को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। इस पर मुस्तफा ने कहा कि आप देशभक्ति का सर्टिफिकेट मत बांटिए, क्योंकि आप खुद 14 साल आईएसआई एजेंट के साथ रहे। मेरा मुंह मत खुलवाइए।



#### इस्तीफा देने के बाद कैप्टन ने सिद्धू को बताया था राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

दरअसल, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने शनिवार को इस्तीफा देने के बाद मीडिया से बात की थी, जिसमें उन्होंने सिद्धू को तबाही तक बता दिया। कैप्टन ने कहा था कि सिद्धू राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। अगर कांग्रेस हाईकमान सिद्धू को सीएम चेहरा बनाता है तो वो इसका विरोध करेंगे। कैप्टन ने कहा था कि कश्मीर में रोज हमारे जवान मर रहे हैं। पाक पीएम इमरान खान और सेना प्रमुख बाजवा के साथ दोस्ती वाले सिद्धू को मैं सीएम के रूप में स्वीकार नहीं करूंगा।

दरअसल, मुस्तफा ने यह शब्दबाण अमरिंदर पर उस पाकिस्तानी महिला पत्रकार को लेकर चलाया है, जिसके साथ अमरिंदर की लंबे समय तक नजदीकियां रही हैं। मुस्तफा ने इस पत्रकार के पंजाब सरकार में दखल को लेकर भी सवाल उठाए हैं।

मुस्तफा ने कहा, वो जानते हैं कि कैप्टन मुंह पर ही झूठ बोलने की क्षमता रखते हैं। सिद्धू पर आप हर तरह से राजनीतिक हमला कर सकते हो, लेकिन उनकी देशभक्ति को चुनौती मत दीजिए और देशभक्ति का सर्टिफिकेट मत बांटिए। मुस्तफा ने कैप्टन पर यह भी आरोप लगाया कि उनकी पाक पत्रकार दोस्त ने पंजाब सरकार के कामकाज में कई बार हस्तक्षेप किया। उन्होंने लिखा, मेरे पास आपके गलत कामों का बहुत बड़ा जखीरा है, लेकिन मैंने इसे राहुल गांधी के साथ शेयर नहीं किया, क्योंकि मैंने आपसे वादा किया था। यह मेरे चरित्र की ताकत है। मुस्तफा ने पुराने गीत राज को राज रहने दो का वीडियो भी ट्वीट किया है।


**पंजाब में सीएम बदलने के बाद हरियाणा में हुड्डा विरोधी धड़ा सक्रिय**

# आरोप : कैप्टन जैसी हैं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह की नीतियां

### प्रदेशाध्यक्ष के विरोधी, हाईकमान पर बनाते रहे हैं दबाव

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**आखिरकार** पंजाब का सीएम प्रकरण सुलझ गया, लेकिन कांग्रेस के लिए एक और नई चुनौती खड़ी हो गई है। पंजाब प्रकरण को देखकर हरियाणा कांग्रेस में हुड्डा विरोधी धड़ा फिर से सियासी चौसर बिछाने के लिए सक्रिय हो गया है। प्रदेश कांग्रेस में चर्चाओं का दौर गर्म है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कार्यशैली के विरोधी रहे नेताओं में चर्चा है कि भूपेंद्र सिंह की आदतें कैप्टन अमरिंदर सिंह से मेल खाती हैं। कांग्रेस हाईकमान ने अब नीति व नियम बदलने का प्रमाण पंजाब में दे दिया है। इसको हरियाणा में भी जारी रखा जा सकता है। सूत्रों की मानें तो कहा जा रहा है कि कैप्टन का हाल देखकर संभवतया हुड्डा का व्यवहार बदल सकता है। नहीं बदला तो फिर प्रदेश कांग्रेस में बदलाव के लिए हाईकमान को कोई न कोई पैंतरा आजमाना पड़ेगा। एक और भी चर्चा है, जो भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विरोधी गुट ने प्रदेश में फैला रखी है कि हुड्डा इन दिनों



भाजपा की बी टीम के रूप में सियासी पैंतरेबाजी चल रहे हैं।

बता दें, प्रदेश में कांग्रेस चार गुटों में बंटी हुई है। तीन गुट भूपेंद्र हुड्डा के खिलाफ हैं और भूपेंद्र हुड्डा भी तीनों के विरुद्ध हैं। पहला गुट खुद भूपेंद्र हुड्डा का है। दूसरा गुट कुमारी सेलजा का, जो भले ही मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष हैं। लेकिन वे प्रदेश में कहीं भी कोई कार्यक्रम करें, हुड्डा उस कार्यक्रम को फेल करने में पूरा जोर लगती हैं। हाईकमान ने विधायक दल के कहने पर भी कोई एक्शन नहीं लिया। तीसरा गुट रणदीप सुरजेवाला का है। रणदीप सिंह एक अच्छा वक्ता हैं और प्रदेश में उनकी छवि अच्छी है। बावजूद इसके हुड्डा उन्हें रुकावट समझते हैं। जब तक प्रदेश में हुड्डा एक्टिव हैं, तब तक रणदीप सीएम की दौड़ से बाहर रहेंगे। चौथा गुट कुलदीप बिश्नोई का है। कुलदीप बिश्नोई को दबाने में भी पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने सफलता हासिल की है। अशोक तंवर को तो पार्टी से बाहर का रास्ता ही दिखा डाला था।

कांग्रेसियों में चर्चा है कि भूपेंद्र और अमरिंदर की नीति मनमानी करने वाली रही है। दोनों मनमानी करते हुए हाईकमान पर दबाव बनाते रहे हैं। अमरिंदर ने नवजोत सिद्धू को पंजाब प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अपनी नीति में परिवर्तन नहीं किया और सिद्धू को फेल करने के लिए काम करना शुरू कर दिया। हाईकमान के बार-बार समझाने के बाद भी पूरा जोर लगाया। जब वे नहीं बदले तो हाईकमान को सीएम ही बदलना पड़ा। उधर, हरियाणा में भी भूपेंद्र हुड्डा मनमानी कर रहे हैं। पिछले 7 साल से प्रदेश में कांग्रेस का संगठन ही खड़ा नहीं होने दिया। पहले पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक तंवर और अब कुमारी सेलजा के खिलाफ काम करने में जुटे हैं।

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 33.01°C
न्यूनतम 26.02°C

**आज का मैच**
IPL
आरसीबी vs केकेआर

## क्विक न्यूज

### स्कॉर्पियो और ऑटो की टक्कर में 8 की मौत

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ में बस्तर के कोंडागांव में रविवार को बड़ा सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और 9 घायल हैं। घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। एक ही परिवार के 16 लोग ऑटो से गमी के कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरान झारखंड से जगदलपुर जा रही स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी।

### गणेश प्रतिमा विसर्जन के वक्त पांच लोग डूबे

**लखनऊ।** गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए गए 5 लोग कल्याणी नदी में डूब गए। इनके डूबने से इलाके में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से पांचों की तलाश में जुट गई है, लेकिन अभी तक इनके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी हैं। नदी में पानी का बहाव तेज होने के कारण इनकी तलाश में भी दिक्कत हो रही है। मसौली थाना क्षेत्र के सहादत गंज कस्बा के रहने वाले नारायणधर पांडेय, हरिशचंद्र, नीलेश पटवा, मुन्नी पटवा पत्नी मदन, धर्मेंद्र कश्यप व सूरज पटवा शामिल हैं।

### 'नफरत की राजनीति करने वालों को घर बिठाएगी जनता'



**वाराणसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी चुनाव में जनता जल्द ही नफरत और बंटवारे की राजनीति करने वालों को उनके घर बिठाएगी। खुर्शीद ने यह भी कहा कि वाराणसी में उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी का स्मार्ट बनारस कहीं नहीं मिला, क्योंकि यहां की समस्या जस की तस बनी हुई है और जिस भावना से यहां के लोगों ने उन्हें चुन कर प्रधानमंत्री बनाया उन्होंने उसी भावाना को ठेस पहुंचाई है।

### 'यूपी के सुरक्षा मॉडल की दुनिया भर में सराहना'



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपनी सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की साथ ही दावा किया कि प्रदेश सरकार के सुरक्षा और सुशासन मॉडल को दुनिया भर में सराहा जा रहा है। रविवार को लोक भवन (मुख्यमंत्री कार्यालय) के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने सुरक्षा और सुशासन का जो मॉडल दिया है उसे देश और दुनिया देख रही है और कोरोना प्रबंधन के लिए सरकार के प्रयासों को दुनिया भर में सराहा जा रहा है।

● विस्तृत खबर पेज-09

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

### कांग्रेस भी सीएम बदलने की राह पर चली, नए सीएम का ऐलान

# दलित नेता चरणजीत चन्नी पंजाब के नए सीएम होंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**कैप्टन** अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के 24 घंटे बाद आखिरकार पंजाब के नए मुख्यमंत्री का नाम तय हो गया। कांग्रेस के दलित नेता चरणजीत सिंह चन्नी राज्य के नए सीएम होंगे। पार्टी इंचार्ज हरीश रावत ने ट्वीट करके चन्नी के कांग्रेस विधायक दल का नेता चुने जाने की जानकारी दी। चन्नी रामदासिया सिख कम्युनिटी से हैं। इधर, खबर मिली है कि सुखजिंदर रंधावा और ब्रह्म मोहिंद्रा को डिप्टी सीएम बनाया जाएगा। चन्नी के कांग्रेस विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद कांग्रेस के प्रभारी हरीश रावत उन्हें लेकर राज्यपाल से मिलने पहुंचे। नवजोत सिंह सिद्धू और सुखजिंदर सिंह रंधावा भी उनके साथ गए। इस मुलाकात के बाद चरणजीत चन्नी ने कहा कि सोमवार सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण होगा।

चरणजीत सिंह चन्नी चमकौर साहिब से लगातार तीन बार विधायक बने। 2007 में उन्होंने निर्दलीय चुनाव जीता था। इसके बाद दो बार कांग्रेस की टिकट पर विधायक बने। 2015 से 2016 तक पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता रहे। 2017 में कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार में उन्हें टेक्निकल एजुकेशन और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग मंत्री बनाया गया था। अमरिंदर सिंह के खिलाफ अगस्त में हुई बगावत की अगुआई करने वालों में चन्नी प्रमुख थे। उन्होंने कहा था कि पंजाब के मुद्दों को हल करने के लिए हमें अमरिंदर पर भरोसा नहीं रहा।

सूत्रों के मुताबिक, इससे पहले सीएम के लिए सुखजिंदर सिंह रंधावा (सुक्खी) के नाम पर सहमति बन गई थी, लेकिन नवजोत सिद्धू उनके नाम पर राजी नहीं थे। सिद्धू ने खुद को सीएम बनाने का दावा ठोंका था, लेकिन वे पंजाब कांग्रेस के प्रधान हैं, इसलिए हाईकमान ने उनके नाम को हरी झंडी नहीं दी। इसके बाद सिद्धू खेमे ने दलित मुख्यमंत्री बनाने की बात कही। सिद्धू की तरफ से चन्नी का नाम रखने के पीछे खास वजह है। दरअसल, सिद्धू ऐसा सीएम चाहते हैं जो उनकी बात सुने, लेकिन सुखजिंदर रंधावा का स्वभाव उस तरह का नहीं है।



### सुखजिंदर रंधावा और ब्रह्म मोहिंद्रा बनेंगे डिप्टी सीएम | आज सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण

#### कांग्रेस ने 32 फीसद दलित वोट पर साधा निशाना

चन्नी के सहारे कांग्रेस ने पंजाब में 32 फीसद दलित वोट बैंक पर निशाना साधा है। इसके अलावा अकाली दल के दलित डिप्टी सीएम बनाने के चुनावी वादे का भी तोड़ निकाल लिया। भाजपा ने भी दलित सीएम बनाने का वादा किया था। आम आदमी पार्टी दावा करती थी कि उन्होंने पंजाब विधानसभा में दलित नेता हरपाल चीमा को विपक्ष का नेता बनाया है। कांग्रेस ने अपने इस दांव से सभी दलों को सियासी पटखनी दे दी है। कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद पंजाब के नए मुख्यमंत्री पर फैसला शनिवार रात को ही विधायक दल की बैठक में होना था और कांग्रेस के पूर्व प्रधान सुनील जाखड़ का सीएम बनना लगभग तय माना जा रहा था। इसी बीच अचानक पंजाब के सिख स्टेट होने की वजह से सिख चेहरे की मांग शुरू हो गई और कांग्रेस हिंदू और सिख चेहरे के चक्कर में उलझ गई थी।

#### चन्नी ने भेजा था महिला आईएएस को अनुचित संदेश : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने चरणजीत सिंह चन्नी को कांग्रेस द्वारा पंजाब का मुख्यमंत्री चुनने पर उन खबरों को हवाला देते हुए निशाना साधा है, जिनमें उनपर वर्ष 2018 में एक आईएएस अधिकारी को अनुचित संदेश भेजने का आरोप लगा था। भाजपा नेता और पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्वीट किया, कांग्रेस ने चरणजीत चन्नी को मुख्यमंत्री पद के लिए चुना, जिन्होंने तीन साल पुराने मीटू मामले में कार्रवाई का सामना किया था। उन्होंने कथित तौर पर वर्ष 2018 में एक महिला आईएएस अधिकारी को अनुचित संदेश भेजा था। उस मामले को दबा दिया गया था, लेकिन पंजाब महिला आयोग द्वारा नोटिस भेजने के बाद दोबारा सामने आया। बहुत बढ़िया, राहुल।

## वोट के लिए तालिबान-पाकिस्तान का मुद्दा उठाती है भाजपा : महबूबा मुफ्ती

**जम्मू।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भारतीय जनता पार्टी पर तालिबान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के मुद्दों पर वोट हासिल करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा भगवा पार्टी का सात साल का शासन देश के लोगों के लिए मुसीबत लाया है और इसने जम्मू कश्मीर को बर्बाद कर दिया। मुफ्ती ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकाल में हिंदू नहीं, बल्कि लोकतंत्र और भारत खतरे में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पिछले 70 वर्षों के सभी अच्छे काम को भाजपा बर्बाद करने पर तुली है और भगवा पार्टी ने देश के संसाधनों को बेचना शुरू कर दिया है। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ दल ने विपक्षी दलों के विधायकों को खरीदने या डराने के लिए अपना खजाना भरने के वास्ते आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को बढ़ाना शुरू कर दिया है।

### जंगली हाथी ने व्यक्ति को कुचल कर मार डाला

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में रविवार को एक जंगली हाथी ने 50 वर्षीय एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। वन विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक सितंबर में अब तक 11 लोगों की इस तरह से हाथियों के हमले में मौत हो चुकी है। अधिकारी के मुताबिक यह घटना प्रतापपुर वन क्षेत्र के बड़मा गांव में तड़के करीब दो बजे हुई।

### सऊदी-भारत के विदेश मंत्रियों के बीच हुई वार्ता

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को सऊदी अरब के अपने समकक्ष फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ अफगानिस्तान के घटनाक्रम पर विचार विमर्श किया और रक्षा, व्यापार, निवेश और ऊर्जा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने पर मंथन किया।

सऊदी नेता के साथ व्यापक बातचीत में, जयशंकर ने भारत से खाड़ी देश की यात्रा पर प्रतिबंधों में और ढील देने का आह्वान किया और कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय समुदाय को दिए गए समर्थन के लिए देश की सराहना की। अल सऊद शनिवार शाम तीन दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। महामारी फैलने के बाद से यह सऊदी अरब के किसी मंत्री की पहली भारत यात्रा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया, दोनों मंत्रियों ने अफगानिस्तान के घटनाक्रम और अन्य क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## 'मैं पार्टी बदलकर कोई इतिहास नहीं बना रहा'

**एजेंसी।** कोलकाता



**राजनीति** से संन्यास का एलान करने के बाद तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने वाले भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नेता बाबुल सुप्रियो ने एक बार फिर से मीडिया के सामने बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि मैं पार्टी बदलकर कोई इतिहास नहीं बना रहा हूं। इससे पहले भी कई बड़े नेताओं ने पार्टी बदली है। मैं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे अपनी प्लेइंग-11 टीम में मौका दिया। मुझे सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग की जानकारी है और इसका सामना करने के लिए मैं तैयार हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं पिछले सात सालों से राजनीति में हूं और यहां भी बेहतर करने की हरसंभव कोशिश करूंगा। मुझे लगा कि जनकल्याण के लिए (टीएमसी में शामिल होने पर) यह एक अच्छा अवसर है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मैं आसनसोल से सांसद हूं, मैं बुधवार को दिल्ली जाऊंगा अगर स्पीकर मुझे समय देंगे तो मैं उसी दिन इस पद से इस्तीफा दे दूंगा। वहीं इससे पहले शनिवार को टीएमसी में शामिल होने के बाद बाबुल सुप्रियो ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा था कि मुझे अपना फैसला बदलने पर गर्व है। बंगाल की सेवा करने के लिए टीएमसी में आया हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं सोमवार को दीदी से मिलूंगा। मैं गर्मजोशी भरे स्वागत से अभिभूत हूं।

## महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री देशमुख ने सचिन वाजे से लिए थे 4.7 करोड़

**एजेंसी।** कोलकाता

मुंबई की एक विशेष अदालत ने कहा कि पैसों के लेनदेन से प्रथम दृष्टया यह संकेत मिलता है कि महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने पूर्व पुलिसकर्मी सचिन वाजे तथा अपने सहायक कुंदन शिंदे से 4.7 करोड़ रुपये लिए थे। अदालत ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में वाजे और अन्य के खिलाफ दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लिया है।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस महीने मामले में वाजे, देशमुख के निजी सचिव (अतिरिक्त जिलाधीश पद के अधिकारी) संजीव पलांदे, निजी सहायक शिंदे और 11 अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। विशेष न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने 16 सितंबर को आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था और अदालत का विस्तृत आदेश शनिवार को उपलब्ध हुआ। अदालत ने अपने आदेश में कहा, 'बयानों और आरोप का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने पर पैसों के लेनदेन से प्रथम दृष्टया संकेत मिलता है कि अनिल देशमुख को सचिन वाजे और कुंदन शिंदे से 4.7 करोड़ रुपये मिले थे।'

**राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी केस : सप्लीमेंट्री चार्जशीट में खुलासा**

# कुंद्रा ने बनाई थीं 119 पोर्न फिल्में, 8.84 करोड़ में बेचना चाहता था

**एजेंसी।** मुंबई

**पोर्न** फिल्मों के कारोबारी राज कुंद्रा ने 2 साल में अपने ऐप के यूजर्स 3 गुना और मुनाफा 8 गुना बढ़ाने का प्लान बनाया था। वह अपनी 119 फिल्मों का पूरा कलेक्शन 8.84 करोड़ रुपये में बेचना चाहता था। उसके एक ऐप पर पाबंदी लग गई, तो उसने दूसरा ऐप भी बनवा लिया था। कुंद्रा डिजिटल मीडिया से अवैध तरीके से पैसा कमाने के सारे पैंतरे आजमा रहा था। जब भंडाफोड़ हुआ तो उसने कुछ डेटा डिलीट करके अपने आप को बचाने की कोशिश की। यह सब खुलासा मुंबई पुलिस की सप्लीमेंट्री चार्जशीट में किया गया है, जो कोर्ट में दायर की गई है।

बीते फरवरी में मड आईलेंड में पुलिस ने छापा मारा और पोर्न रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस केस में टीवी एक्ट्रेस गहना वशिष्ठ का नाम सामने आया। पुलिस को गहना से राज कुंद्रा की कंपनी विहान इंटरप्राइज में काम कर रहे उमेश कामत के बारे में पता चला। उमेश राज कुंद्रा के लंदन स्थित बहनोई प्रदीप बख्शी को सारे वीडियो एक शेयरिंग एप्लिकेशन से भेजता था। प्रदीप कंपनी केनरीन के ऐप पर सारे वीडियो अपलोड करता था। उमेश यह ट्रांसफर राज के ऑफिस से ही करता था। चार्जशीट के मुताबिक, उमेश के मोबाइल से हॉटशॉट ऐप का अकाउंट और हॉटशॉट टेकन डाउन नाम के दो वॉट्सऐप ग्रुप के बारे में पता चला। इन दोनों ग्रुप का एडमिन भी राज ही था। राज और उसकी कंपनी के आईटी हेड रयान थारप, उमेश, प्रदीप बख्शी और दूसरे कर्मचारियों के बीच हॉटशॉट और 'बोली फेम' ऐप के कंटेंट पर काम करने वालों को पेमेंट, गूगल और एप्पल की तरफ से पेमेंट, यूजर्स रेवेन्यू के बारे में वॉट्सऐप ग्रुप में चैट हुई थी, मेल भेजे गए थे। आय का ब्योरा आदि स्टोर किया गया था। यह सब हाथ लगने से पता चला कि राज ही सारे रैकेट का मास्टरमाइंड है, वह प्रदीप बख्शी के जरिए अश्लील वीडियोज अपलोड करवाता था और उसके बदले में पैसा कमाता था।

#### फंसने के डर से कराया था डाटा डिलीट

राज जानता था कि उसका काम गैरकानूनी है और वह फंस सकता है। इस बात का सबूत यह है कि उसने बहुत सारा डेटा डिलीट करने की कोशिश की थी। गूगल प्ले और एप्पल स्टोर ने हॉटशॉट ऐप पर पोर्न कंटेंट होने की वजह से उसे प्रतिबंधित कर दिया था। उसके बाद राज ने दूसरा ऐप 'बोली फेम' बनवा लिया था, लेकिन उसने हॉटशॉट का सारा डेटा भी डिलीट करने के लिए अपने आईटी डिपार्टमेंट को बोल दिया था। इस साल फरवरी में पुलिस केस के बाद राज ने अपने मोबाइल से हॉटशॉट ऐप के बारे में वॉट्सऐप मैसेज और चैट भी डिलीट कर दिए थे। रयान थारप के मोबाइल से भी डेटा डिलीट करवा दिया था। यह सारा डेटा डिलीट करवा के राज ने मान लिया था कि पुलिस उस तक नहीं पहुंच पाएगी। इसलिए पुलिस ने जब पहली बार नोटिस भेजा, तो राज ने 'क्या मैं आरोपी हूं, मैं इस लेटर पर सिग्नेचर नहीं करूंगा' ऐसा कहकर नकार दिया था। चार्जशीट में बताया गया है कि राज ने कभी पुलिस को सही तरीके से उत्तर नहीं दिया। पुलिस कार्रवाई में सपोर्ट भी नहीं किया।



#### पुलिस ने हर संभव जगह से ढूंढा डेटा

राज के ऑफिस से 24 हार्ड डिस्क जब्त हुई थीं। इसमें 35 फिल्में मिलीं। और एक कंप्यूटर से 16 फिल्म मिलीं, दूसरे कंप्यूटर से 60 से ज्यादा फिल्में और पीपीटी मिली। राज और दूसरे आरोपियों के कंप्यूटर और मोबाइल से ऐप के कंटेंट, खर्च, आमदानी और भविष्य के प्लान समेत सारी जानकारियां मिलीं। ऐप डेवलप करने का खर्च, ओनरशिप ट्रांसफर, गूगल और एप्पल के साथ हुए आर्थिक व्यवहार की सारी बातें भी राज के कर्मचारियों और दूसरे लोगों से पता चली। राज की वेब ब्राउजिंग हिस्ट्री, फेसटाइम हिस्ट्री और कॉल लोग से भी काफी चीजें खोजी गई और तार जोड़े गए। कई सारे ईमेल रिकॉर्ड खंगाले गए। जैसे उमेश कामत ने प्रदीप बख्शी को जितने भी ईमेल भेजे थे, वह राज को भी मार्क किए जाते थे।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, सोमवार, 20 सितंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

### शहर का तापमान

- अधिकतम 33.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 24.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- शहर में जगह-जगह लगेंगे वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 9 बजे
- सभी दुकानें खुलेंगी: रात 10 बजे तक
- माल्स खुले रहेंगे: रात 10 बजे तक
- बीके अस्पताल की ओपीडी: सुबह 8 बजे

### निवेश गुरु

**आपको** सीधे स्टॉक मार्केट में निवेश करना है तो आपको अधिक पूंजी की आवश्यकता होगी। परंतु आप बहुत कम पैसे से म्यूच्यूअल फण्ड में निवेश करके स्टॉक मार्केट के रिटर्न का फायदा उठा सकते हैं। म्यूच्यूअल फंड का यह सबसे बड़ा फायदा है कि आप 500 या 1,000 रुपए से भी सिप की शुरुआत कर सकते हैं। अगर आपको लम सम करना है तो भी आप अपने बजट के अनुसार 1000 से 5000 रुपये से लम सम करवा सकते हैं। इसमें आपको बहुत ज्यादा रकम की आवश्यकता नहीं होती हैं। साथ ही आपको निवेश करने के लिए इंतजार नहीं करना होगा की जब आपकी इनकम ज्यादा होगी।


### यूटीलिटी न्यूज

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले शुरू

**फरीदाबाद।** प्रदेश में सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2021-22 के लिए विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में दाखिले हेतू ऑनलाईन आवेदन 'डब्लूडब्लूडब्लू आईटीआई हरियाणा एडमिशन डॉट एन आई सी डॉट इन' पर 30 सितंबर कर सकते है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग से दी गई जानकारी के अनुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2021-22 के लिए दाखिले 30 सितंबर तक ऑनलाईन कर सकते है। विवरण पत्रिका, संस्थानों की सूची एवं दाखिले के लिये उपलब्ध संस्थानवार सीटों बारे सूचना बेबसाईट पर उपलब्ध होगी। विभिन्न दाखिला चरणों हेतू मैरिट एवं सीट अलाअमैंट जारी होने के पूर्ण कार्यक्रम बारे सूचना दाखिला वेबसाइट पर 25 सितंबर से उपलब्ध होगी।

### क्विक न्यूज

## वाहन चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी सेक्टर 19 की टीम ने वाहन चोरी के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम इरफान है जो उत्तर प्रदेश के हापुड़ का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ चोरी की धाराओं के तहत फरीदाबाद में दो मुकदमे दर्ज है। जिसमें आरोपी ने एक ऑल्टो कार और एक मोटरसाइकिल चोरी की थी। चोरी के पश्चात आरोपी को दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था जिसमें वह जेल में बंद था। पुलिस चौकी सेक्टर 19 की टीम ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी की गई कार और मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके नीमका जेल भेज दिया गया है।

# लापरवाही : सिर्फ फाइलों में ही सिमट कर रहे जाते हैं सरकारी आदेश

### किराएदार और कर्मचारियों के पुलिस वैरिफिकेशन न करवाने से बढ़ रही समस्या

**राजेश दास।** फरीदाबाद






**औद्योगिक** नगरी फरीदाबाद की आबादी करीब 25 लाख से ज्यादा है। इनमें से करीब 50 प्रतिशत से भी कम लोगों के अपने मकान हैं। शेष लोग किराए के मकानों में रह कर गुजारा करते हैं। इसी तरह शहर के निजी संस्थानों, छोटी मोटी दुकानों और लोगों के घरों में लाखों की संख्या में लोग काम करते हैं। इनमें से करीब दस प्रतिशत लोगें की भी पुलिस वैरिफिकेशन मकान मालिकों और व्यवसायियों द्वारा नहीं करवाई जाती है।

बाद में संगीन अपराध होने पर पुलिस के लिए मामले को सुलझाना और अपराधियों को पकड़ना बेहद मुश्किल हो जाता है। पिछले दिनों सेक्टर-65 के एक फ्लैट में किराए पर रहने वाले तस्करों के कब्जे से करोड़ों रुपये की हीरोइन पकड़ी गई थी। वहीं अन्य कई अपराधिक घटनाएं भी घटी थी। जिसे ध्यान में रखते हुए तत्कालीन उपायुक्त यशपाल यादव ने पुलिस के साथ साथ नगर निगम और जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में वैरिफकेशन करवाने के आदेश दिये थे।

### संवेदनशील शहरों में शामिल

**औद्योगिक** नगरी फरीदाबाद देश की घनी आबादी वाले शहरों में शामिल है। घनी आबादी और दिल्ली के नजदीक होने की वजह से फरीदाबाद संवेदनशील माना जाता है। लेकिन इसके बावजूद पुलिस और प्रशासन किराएदारों व नौकरों की वैरिफिकेशन के मामले में जरा भी गंभीरता नहीं बरतती। हालांकि फरीदाबाद में कोई आतंकवादी घटना नहीं हुई है, लेकिन आतंकवादियों के शरण लेने के कई मामले उजागर हो चुके हैं। कई साल पहले पुलिस बल्लभगढ़ में पहचान छिपा कर रह रहे एक आतंकवादी को गिफ्तार कर चुकी है। गांधी कालोनी और दौलताबाद से आईएसआई एजेंट का सहयोग करने वाली दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली बम धमाके में पकड़े गए एक आतंकवादी से यहां के एक इंजीनियरिंग कॉलेज का आई कार्ड भी बरामद हुआ था। इसके अलावा समय समय पर यहां अन्य राज्यों के मोस्टवांटेड बदमाश भी गिरफ्तार हो चुके हैं। हाल ही में उत्तरप्रदेश के मोस्टवांटेड बदमाश विकास दुबे द्वारा अपने साथियों के साथ यहां अपने रिश्तेदार के घर शरण लेने का मामला उजागर हुआ था। लेकिन इसके बावजूद वैरिफिकेशन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### नहीं हुआ आदेश का पालन




**करीब** दो महीने पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने यहां सेक्टर 65 की एक सोसायटी में छापेमारी कर 2500 करोड़ रुपये की हीरोइन बरामद की थी। इसके अलावा पिछले कुछ समय से शहर में वाहन चोरी और अन्य कई तरह की वारदातें भी बढ़ने लगी थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए तत्कालीन जिला उपायुक्त यशपाल यादव ने 14 जुलाई 2021 को आदेश जारी करते हुए किराएदारों, नौकरों अथवा कर्मचारियों का पुलिस वैरिफिकेशन करवाने की हिदायत दी थी। जिसमें उन्होंने स्पष्ट कहा था कि पुलिस वैरिफिकेशन न करवाए जाने की वजह से न केवल अपराधों में वृद्धि होती है बल्कि अपराध हो जाने के बाद पुलिस को मामला सुलझाने अथवा अपराधियों तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा था कि वे अपने इन आदेशों के तहत घरों और संस्थानों के मुखिया को अपने कर्मचारी व किरायेदारों का पुलिस वैरिफकेशन करवाने के लिए पाबंद करते हैं। उन्होंने पुलिस विभाग, एसडीएम, तहसीलदार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी और नगर निगम को अपने अपने क्षेत्र में लोगों से अपने किरायेदारों और कर्मचारियों का पुलिस वैरिफकेशन का पालन मजबूती के साथ करवाने के आदेश दिये थे।

### अपनी सुरक्षा के लिए



**पुलिस** प्रवक्ता सुबेसिंह ने कहा कि अपराधों की रोकथाम और अपनी व परिवार की सुरक्षा के लिए सभी लोगों को जिम्मेदार नागरिक का फर्ज निभाते हुए अपने नौकर, किरायेदार, ड्राइवर और अन्य कर्मचारियों की पुलिस वैरिफिकेशन करवाने के लिए खुद आगे आना चाहिए। पुलिस वैरिफिकेशन न करवाने पर जिला उपायुक्त के आदेशों की अह्वेलना करने के आरोप में पुलिस की तरफ से संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

जिला लोक सम्पर्क विभाग को वैरिफिकेशन के प्रचार के लिए विभिन्न तरीके अपनाने के आदेश दिये थे। लेकिन यह आदेश उपायुक्त कार्यालय से निकलने के बाद फाइलों में सिमट कर ही रह गए।

### फाइलों में सिमटे आदेश

**संबंधित** विभिन्न विभागों को आदेश देने के साथ साथ उपायुक्त ने लोगों को पुलिस वैरिफिकेशन करवाने के प्रति जागरुक करने के आदेश भी दिये थे। ताकि संबंधित लोग मामले की गंभीरता को समझते हुए खुद ही अपने किरायेदारों और कर्मचारियों की वैरिफिकेशन करवाने में रूचि दिखाए। इसके लिए उपायुक्त ने जिला लोक सम्पर्क विभाग को कई तरह के आदेश दिये थे। जिसमें उन्होंने विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों, उपमंडल कार्यालय, तसहील, न्यायालय परिसर व सार्वजनिक स्थलों पर वैन के माध्यम मुनादी करवाने और इस कार्यालय के साथ साथ सभी पुलिस चौकी और थानों में इश्तेहार चस्पा करने के आदेश दिये थे। उपायुक्त की तरफ से यह आदेश जारी किये हुए करीब दो महीने से ज्यादा समय गुजर चुका है। लेकिन उन्होंने वैरिफिकेशन के प्रति जागरूक करने के लिए जो प्रयास करने के आदेश दिये थे, जिनमें से जमीनी स्तर पर पुलिस और प्रशासन की तरफ से कोई काम होता हुआ नजर नहीं आया। इससे साफ है प्रशासन की तरफ से जारी होने वाले आदेश फाइलों में सिमट कर रह जाते है।

# मंदिर श्रीबांके बिहारी में हुआ गणेश विसर्जन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**प्रत्येक** वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री सनातन धर्म सभा श्री बांके बिहारी मंदिर द्वारा गणेश स्थापना के बाद गणेश विर्सजन विधि विधान पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मंदिर के प्रधान एवं महंत ललित गिरी गोस्वामी,पण्डित प्रदीप शास्त्री, मनीष दुबे व अन्य भक्तों ने पूरे विधि विधान से भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना, हवन यज्ञ किया और गणपति बप्पा मोरया का जयकारा लगाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

इस अवसर पर महंत ललित गोस्वामी ने कहा कि मंदिर में पूरे दस दिनों तक गणेश उत्सव मनाया गया और प्रतिदिन महिला मंडल द्वारा भजन, कीर्तन, आरती की गई। उन्होंने कहा कि हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष भाद्रपद मास के शुक्ल चतुर्थी को हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार गणेश चतुर्थी मनाया जाता। यह गणेश उत्सव शिवाजी महाराज की माताजी आदरणीय जीजा बाई जी द्वारा मनाया जाता था उसके बाद इसको बाल गंगाधर तिलक जीने हिंदुओं की एकता बनाने के लिए महाराष्ट्र में शुरुआत की इससे हिंदुओं में जागृति आई और एकत्रित हो गए अंग्रेज डरने लगे धीरे धीरे यह पूरे भारतवर्ष में गणेश उत्सव मनाया जाने लगा। श्री गोस्वामी ने कहा कि अशोक अरोड़ा परिवार के सहयोग से गणपति स्थापना एवं विसर्जन श्री बांके बिहारी मंदिर श्री सनातन धर्म सभा के द्वारा किया जाता है। गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए सभी भक्तों ने गणपति जी के साथ पूरे मंदिर की परिक्रमा करते हुए जयकारा लगाते हुए खुशी के साथ थोड़ा सा दुख मनाते हुए मंदिर प्रांगण में जल में फूल और दूध डाल के तैयार किए गये टब में भावभीनी विदाई देते हुए गणपति जी का विसर्जन किया। तदुपरांत सभी भक्त प्रसाद लेकर अपने अपने घरों को रवाना हुए।

इस मौके पर संस्था के सरपरस्त एन.एल गौसांई, अशोक अरोड़ा एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, पूनम अरोड़ा, मनीष अरोड़ा, अंकिता अरोड़ा, महिला मंडल प्रधान मीनाक्षी गोस्वामी, प्रीति गोसाईं, गीता गोसाईं, रेखा आहूजा, शोभा दता, रजनी कुमार, सतीश अरोड़ा-रमा अरोड़ा, राजेश गोसाईं, विशाल शर्मा, पीयूष गोस्वामी आदि भक्त मौजूद थे।

# ग्रामीणों ने उठाया नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**ग्रामीण** क्षेत्र में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के मद्देनजर क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने तिगांव स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में 'नि:शुल्क मल्टीप्ल स्पेशलिटी हेल्थ चेकअप कैंप' आयोजित किया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 174 लोग पहुंचे। जिनमें तकरीबन 10 बच्चे भी शामिल रहे।

इस दौरान क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार, आर्थोपेडिक्स एवं ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डॉ. (लेफ्टिनेंट कर्नल) पंकज सिंह पोसवाल, बाल रोग विभाग के एचओडी एवं वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. संजीव दत्ता और वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रविंद्र कौर खुराना द्वारा लोगों को हृदय रोग, जोड़ों एवं कमर दर्द, बाल रोग और स्त्री रोगों पर बिना किसी शुल्क के परामर्श दिया गया। इस मौके पर लोगों की ईसीजी, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। शिविर में आये लोगों में हाई ब्लड प्रेशर, मधुमेह, चलते समय छाती में दर्द व सांस फूलने की समस्या, कमर, घुटने एवं कूल्हे में दर्द और महिलाओं में अनियमित पीरियड्स की समस्या ज्यादा देखने को मिली।

# कोविड से लड़ने को वैक्सीन लगवाए प्रत्येक नागरिक : गुर्जर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**कोरोना** वैक्सीनेशन को लगवा कर कॅरोना से शरीर में उत्पन्न बुरे प्रभाव से खुद को बचाया जा सकता है। यह विचार ऊर्जा एवं भारी उद्योग केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णापाल गुर्जर ने तिलपत, हरकेश नगर, बसेलवा कालोनी में आयोजित वैक्सीनेशन कैम्प के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति के अंदर रोग-प्रतिरोधक क्षमता के कम हो जाने से करोना महामारी जैसे संक्रमण के बुरे प्रभाव का खतरा बढ़ सकता है। कोरोना वैक्सीनेशन कराने से शरीर को मिलने वाली रोग प्रतिरोधक क्षमता की ऊर्जा का लाभ लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुशल नेतृत्व में आज विभिन्न स्थानों पर कोरोना वैक्सीनेशन कैंप स्वास्थ्य विभाग से देश भर में लगाए जा रहे हैं। जिसके तहत संबंधित व्यक्ति अपने आसपास लग रहे कैम्प मे जाकर अपने और अपने परिवार को कॅरोना वैक्सीन जरूर करवाएं। इसके लिए वह अपने मोबाइल नम्बर से अपने आधार कार्ड के साथ जोड़, रजिस्ट्रेशन कराकर कोरोना वैक्सीनेशन करवाया जा सकता है।

# अलायन्स क्लब ने किया रक्तदान शिविर आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**अलायन्स** क्लब इंटरनेशनल फरीदाबाद 150 की शाखा ग्रीन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में कारखाना बाग, ओल्ड फरीदाबाद में रखा गया। इस रक्तदान शिविर का उद्घाटन केन्द्रीय राज्य मंत्री बिजली एवं भारी उद्योग भारत सरकार कृष्ण पाल गुर्जर के हाथों से किया गया।

केन्द्रीय मंत्री ने इस अवसर पर अलायन्स क्लब इंटरनेशनल फरीदाबाद ग्रीन द्वारा लगाए गए रक्तदान को देश, समाज एवं मानवता की बहुत बड़ी सेवा कहा तथा क्लब द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर अलाय केजी अग्रवाल अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अलायन्स क्लब की टीम के सभी सदस्यों ने मंत्री का भरपूर स्वागत किया। अलाय केजी अग्रवाल ने मंत्री को बताया कि अलायन्स क्लब का इस वर्ष में 5000 यूनिट ब्लड एकत्र करने का लक्ष्य है। शुरू के दो महीने कोरोना की भेंट चढ़ गए तथा बाकि तीन महीने में 1000 यूनिट से अधिक ब्लड एकत्र हो चुका है। इस कैम्प को सफल बनाने के लिए क्लब के प्रधान अलाय केशव बंसल एवं सचिव अलाय धर्मेन्द्र गोयल तथा उनकी टीम ने दिन रात मेहनत की। इस कैम्प के प्रोजेक्ट चैयरमैन अलाय अनुपम शर्मा जी थे जिनकी देख रेख में इस कैम्प का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने अनुपम शर्मा की तारीफ की। ज्यादा तर मजदूर वर्ग के लोगों ने रक्तदान किया। काफी लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। उनके चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। इस कैम्प में 56 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस कैम्प में मुख्य उपस्थिति में अलाय के जी अग्रवाल अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, अलाय सुनील अग्रवाल, अलाय अनिल गोयल, अलाय सुभाष गोयल, नीरज आहुजा, राज कुमार अग्रवाल, राजेश भल्ला, अलाय एम एल जैन, अलाय राकेश अग्रवाल, अलाय डी के लाम्बा, अलाय हरीश भारद्वाज अलाय भुपेंद्र कुमार, करतार दलाल जो समय समय पर रक्तदान करते रहते हैं आदि ने शामिल होकर कैंप की शोभा बढ़ाई। रक्त एकत्रित करने का कार्य डिवाइन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बहुत ही सुचारू रूप से किया गया।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

### नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

सियासत में बहुत कम लोग दिखते हैं खरे अब तो
दिलों में साज़िशें लेकर हर इक दल में भरे अब तो
जो संजीदा बचे हैं वो तो ओढ़ेंगे ही ख़ामोशी
बिखेरेंगे बड़ा जलवा यहाँ पर मसखरे अब तो

# 'पैरालंपिक पदक वीरों का अभूतपूर्व अभिनन्दन'

### रावल कॉन्वेंट स्कूल के पूर्व छात्र रहे सिंहराज अधाना को देख विद्यार्थी हुए अभिभूत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जिले** की अग्रणी एवं लोकप्रिय रावल शिक्षण संस्था द्वारा हाल ही में जापान में संपन्न हुए टोक्यो पैरालंपिक 2020 में शूटिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले वीरों का अभूतपूर्व अभिनन्दन किया गया। हरियाणा-फरीदाबाद का नाम जापान की धरती से विश्व पटल पर चमकाने वाले 19 वर्षीय मनीष नरवाल ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। वहीं सिंहराज अधाना ने निशाने बाजी की अलग-अलग स्पर्धाओं में सिल्वर तथा ब्रोंज मैडल जीतकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

साधारण परिवेश तथा असाधारण प्रतिभा के धनी दोनों विजेताओं को अपने बीच पाकर रावल इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी अत्यंत प्रसन्न व उत्साहित नज़र आये। अपने संबोधन में सिंहराज अधाना ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सबसे पहले अपने जीवन में बड़ा लक्ष्य बनायें, फिर अनुशासन में रह कर निरंतर कड़ी मेहनत करें।

अपने लक्ष्य तक पहुंचने में असंख्य बाधाओं का सामना हमें करना पड़ता है, कभी-कभी हौसला पस्त होने लगता है पर हिम्मत ना हारें, आगे बढ़ते जाएं एक दिन जरूर आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेंगे।

रावल कान्वेंट स्कूल के पूर्व छात्र रहे सिंहराज अधाना ने अपने पूर्व अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं का इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मनीष नरवाल ने सभी विद्याथोयों को संदेश दिया की हमें अपनी कमजोरियों का बहाना ले कर कभी भी हौसला नहीं हारना चाहिए। हर बच्चा सब कुछ कर सकता है बस उसे संकल्प लेने की जरुरत है। इस सम्मान समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी रितु चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

रितु चौधरी ने कहा की हमें गर्व है की हमारे दोनों बच्चे असंख्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेंगे। रावल शिक्षण संस्था के चेयरमैन सीबी रावल व प्रो-चेयरमैन अनिल रावल ने सभी अतिथियों का फूल व शॉल भेंट कर अभिवादन किया। इस सम्मान समारोह में हरियाणा एडूकेटर्स क्लब के प्रेसिडेंट रमेश डागर, शिक्षाविद गौरव पाराशर, दीपक यादव, अजीत डागर के अतिरिक्त दिलबाग सिंह नरवाल, सुनील अधाना, ऊधम सिंह अधाना समेत अनेक गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित थे। रावल इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सीवी सिंह ने समारोह को सफल बनाने के लिए अपने सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं अतिथियों का धन्यवाद किया।

# फिट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**संघर्ष** ट्रस्ट इंडिया के खेल निदेशक सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर में एनसीसी गर्ल्स के लिए फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया गया। एनसीसी आफिसर लेंफ्टिनैंट मोनिका देशवाल ने बताया कि फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 प्रोग्राम के अंतर्गत सभी कन्या एनसीसी कैडेटस ने भाग लिया। विद्यालय के आस पास रहने वाले सभी ग्रामीणों को फिट रहने का संदेश दिया।

### कमांडिंग आफिसर ने दीं शुभकामनाएं

कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की इंचार्ज राजबाला के द्वारा झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। एनसीसी यूनिट के कमांडिंग आफिसर कर्नल राम अवतार यादव ने एनसीसी कन्या कैडेटस के अच्छे कार्यों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। कमांडिग आफिसर लेंफ्टिनैंट मोनिका देशवाल को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई दी।

पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 20 सितंबर, 2021



# जिले में डेंगू से एक मौत, स्वास्थ्य विभाग है अंजान

कविता। फरीदाबाद

**जिले** में शुक्रवार को एक व्यक्ति की डेंगू से मौत हो गई, लेकिन विभाग को इसकी जानकारी ही नहीं है। रविवार तक डेंगू के 58 मरीजों की पुष्टि जिला मलेरिया विभाग द्वारा की गई। इसमें चौकाने वाला खुलासा यह किया गया कि शनिवार को डेंगू के 10 मामले सामने आए थे। वहीं रविवार को डेंगू के 12 नए मामले सामने आए हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रामभगत ने बताया कि दो दिनों में सामने आए यह 22 मरीज सेम कालोनियों से है। जिसमें डबुआ कालोनी, संजय कालोनी, सेक्टर-23, सेक्टर-19 और सेक्टर-21 के अलावा कई अन्य कालोनियों से

### दो दिनों में सामने आए 22 नए मरीज, कुल संख्या 58

### कालोनियों और सेक्टरों में बढ़ रहे डेंगू के मरीज

मरीज शामिल है। ऐसे में लोगों को सावधानियां बरतनी होंगी। वहीं बीके अस्पताल में एक वार्ड भी शुरू किया गया है। लेकिन मरीज निजी अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक डेंगू के लगातार बढ़ रहे मरीजों की संख्या पिछले तीन सालों के आंकड़े को पार करने जा रही है। जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 2018 के बाद से ही डेंगू के मरीजों की संख्या कम हो रही थी। लेकिन इस साल दो दिनों में 22 मरीज सामने आने से विभाग भी चिंतित हो गया है। ऐसे में हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि डेगू के मरीजों की संख्या को कम किया जा सके।

**11 वर्षो में डेंगू के मरीजों की संख्या**

| वर्ष | पॉजिटिव | मौत |
|---|---|---|
| 2011 | 73 | 1 |
| 2012 | 52 | 0 |
| 2013 | 140 | 03 |
| 2014 | 46 | 0 |
| 2015 | 457 | 0 |
| 2016 | 107 | 0 |
| 2017 | 153 | 0 |
| 2018 | 65 | 0 |
| 2019 | 21 | 0 |
| 2020 | 32 | 0 |
| 2021 | 58 | 01 |

### डेंगू से एक व्यक्ति की मौत

**जिले** में डेंगू के मरीज डबुआ कालोनी, संजय कालोनी के आसपास और सेक्टर-23, 19 और 21 से ज्यादा सामने आ रहे है। ऐसे में संजय कालोनी निवासी एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। व्यक्ति यहां अपने परिवार के साथ रहता था। उसे वायरल होने पर जांच कराई गई। उसकी रिपोर्ट डेंगू पॉजिटिव पाई गई। जिस पर परिजनों ने उसे जवाहर कालोनी स्थित गुरूद्वारा रोड़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जहां उसकी हालत बिगडने पर उसे सेक्टर-16 स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। जहां पहुंचने पर व्यक्ति की मौत हो गई। लेकिन स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी शुक्रवार के बाद से अब तक नहीं दी गई है।



# देश में किसानों की इतनी बुरी दुर्दशा पहले कभी नहीं देखी: डॉ. गुप्ता

### आम आदमी पार्टी की किसान- मजदूर बचाओ यात्रा का जिले में हुआ स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**आम** आदमी पार्टी की प्रदेशभर में पांच सितम्बर से निकाली जा रही खेत बचाओ, किसान बचाओ मजदूर बचाओ यात्रा शनिवार को फरीदाबाद पहुंची, जहां पर सराय ख्वाजा में व्यापार संगठन के नेता अमन गोयल एवं जोन प्रवक्ता विनय यादव ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।

राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा के सह प्रभारी डॉ. सुशील गुप्ता द्वारा निकाली जा रही यात्रा का नेतृत्व जिला अध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना कर रहे थे। यात्रा का आरंभ करने से पूर्व डॉ. सुशील गुप्ता ने मीडिया को सम्बोधित किया और कहा कि तीन कृषि कानूनों के विरोध में यह यात्रा निकाली जा रही है। आज पूरे देश के अंदर किसानों ने आंदोलन छेड़ रखा है और पिछले लगभग 10 महीनों से किसान हरियाणा के बॉर्डर पर बैठे हुए हैं, मगर केन्द्र की भाजपा सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी है। इतना ही नहीं, हरियाणा की खट्टर सरकार ने तो करनाल में किसानों पर लाठीचार्ज तक करवाए और उन पर केस दर्ज करवाए। करनाल के एसडीएम ने तो सीधे किसानों के सिर फोड़ने के आदेश दे दिए।

गुप्ता ने कहा कि कहा कि हरियाणा सरकार ने विधानसभा में बिल पारित किया कि किसानों की जमीन एक्वायर करने के लिए अब किसानों की सहमति की जरूरत नहीं है, इससे किसानों की जमीन को उनकी बिना मर्जी के भी सरकार खरीदकर बेच सकती है। केन्द्र सरकार अडानी और अम्बानी के सामने बिक चुकी है और वो किसानों की बात नहीं सुनेगी। आज देश के किसानों की जितनी बुरी दुर्दशा है, इतनी बुरी कभी नहीं देखी। सुशील गुप्ता के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ सराय ख्वाजा से किया गया और तिगांव विधानसभा के बाद फरीदाबाद विधानसभा में महिला जोन अध्यक्ष मंजू गुप्ता एवं राजन गुप्ता ने यात्रा का स्वागत किया।

इसके बाद यात्रा बल्लभगढ़ पहुंची, जहां लोकेश अग्रवाल एवं दिनेश मंगला ने स्वागत किया। इसके बाद यात्रा एनआईटी विधानसभा पहुंची जहां प्रवासी नेता संतोष यादव ने विशाल काफिले के साथ डॉ. सुशील गुप्ता को हल देकर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद यात्रा बडखल विधानसभा पहुंची स. मनीष भाटिया, सुनील ग्रोवर एवं तेजवंत सिंह ने यात्रा का स्वागत किया।

इसके पश्चात खेत बचाओ, मजदूर बचाओ एवं किसान बचाओ यात्रा गुडगांव के लिए रवाना हो गई। फरीदाबाद में जगह-जगह यात्रा का जोरदार स्वागत करने पर जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार जताया और कहा कि आम आदमी पार्टी की खेत बचाओ, किसान बचाओ एवं मजदूर बचाओ यात्रा भाजपा की गूंगी बहरी सरकार को जगाने का काम करेगी।

यात्रा में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता ओपी गुप्ता, ओ पी शर्मा, मंजू गुप्ता, विनय यादव, गीता शर्मा, भीम यादव, विजय गोदारा, रघुवर दयाल, अमन गोयल, विनोद भाटी, तेजवंत सिंह बिट्टू, हरजिंदर सिंह, राजकुमार, डी एस चावला, कुलदीप चावला, जोगिंदर चंदीला, परमजीत कौर, विना वशिष्ट, राजन गुप्ता, हैप्पी सिंह, राजुद्दीन, शिवम पांडेय, पंकज फौजी, एडवोकेट दिनेश भारद्वाज, मुकेश डागर कोच, धीरज यादव, गौरव बक्शी, कुलदीप शर्मा, धर्मेंद्र हिंदुस्तानी आदि उपस्थित रहे।

# बदमाशों की कोशिश नाकाम करने वाले महिला और युवक होंगे सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### पुलिस आयुक्त ने दोनों को प्रशंसा पत्र एवं 5-5 हजार रुपये का इनाम की घोषणा की

**बहादुरी** और सतर्कता इंसान को किसी भी मुसीबत का सामना करने में मदद करती है। इसी का उदाहरण प्रस्तुत किया है फरीदाबाद की एक महिला तथा पुरुष ने जिन्होंने अलग-अलग स्थानों पर अपने साथ होने वाली वारदात का बहादुरी के साथ मुकाबला कर खुद को तो बचाया।साथ में एक मैसेज दिया की सजगता अपराधियों पर भारी पड़ती है।

मीनू नामक महिला अपने भाई के साथ स्कूटी लेकर बृहस्पतिवार शाम को बाजार वापस आ रही थी। तभी सेक्टर-16 में बाइक सवार उनका पीछा कर रहा था। महिला को लगा कि शायद यह उसका पर्स खींचने की कोशिश करेगा। जिस पर मीनू सतर्क हो गई और उसने मजबूती से अपना पर्स पकड़े रखा। जैसे ही झपटमार ने उसका पर्स छीनने का प्रयास किया तो मीनू ने उसे ऐसा झटका दिया कि उसका पर्स भी बच गया और झपटमार मोटरसाइकिल सहित गिर गया। आरोपी को दबोच पुलिस के हवाले किया। आरोपी की पहचान एनआईटी के रहने वाले विशाल उर्फ नोनू के रूप में हुई है। दूसरी घटना थाना एनआईटी इलाके की है। एसजीएम नगर निवासी दीपक ने बताया कि बृहस्पतिवार को उसने मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी कर दी थी। बीमार बेटे को डाक्टर के पास ले जाने के लिए बाहर निकला तो उसने देखा कि एक युवक उसकी मोटरसाइकिल को लेकर जा रहा है और उसका एक साथी आसपास निगाह रख रहा था। दीपक ने अपनी मोटरसाइकिल वापिस लेने के लिए दौड़कर चोरों का पीछा किया।

मोटरसाइकिल लेकर भाग रहे चोरों को मोटरसाइकिल सहित खींच लिया जिससे चोर गिर गया, लेकिन मौका देखकर दोनों फरार हो गए। पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के सज्ञान मे आने पर उन्होंने महिला की बहादुरी और युवक की सतर्कता की सराहना करते हुए उन्हें 5-5 हजार रुपये का नगद इनाम देकर सम्मानित करने की घोषणा की।

# सभी स्कूलों में चलेगा प्लास्टिक मुक्त फरीदाबाद अभियान: कुलडिया



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जब** हम सड़कों पर चलते है तो यहां वहां जगह-जगह कूड़ा दिखाई देता है।

ये सब ऐसा कूड़ा होता है जिसकी बहुत ही कम या कोई भी कीमत नहीं मिलती जैसे कि दूध की खाली थैली, पूरे फरीदाबाद में लाखों दूध की थैली प्रतिदिन कूड़े में या सड़कों पर फैंक दी जाती है ऐसे ही चिप्स के पैकेट चॉकलेट के पैकेट पाउच, पानी की बोत्तल इत्यादि ये जब फैंकी जाती है तो इसकी कोई कीमत नही होती और ये कचरे को बढ़ाने का काम करती है, सीवर लाइन को जाम करती है और साथ ही मिट्टी में दबने से बारिश के पानी को भी जमीन में जाने से रोकती है। अगर इन सब को अलग से रखा जाए तो सब मिल कर रीसायकल किया जा सकता है यही नगर निगम की पहल है इस अभियान के अंतर्गत बच्चो को मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा स्कूलो के सहयोग से समझाया जाएगा कि आप सबके परिवारों से ये कूड़ा आगे सड़कों पर न जाये। अगले दस दिनों तक ये बच्चे सभी तरह का प्लास्टिक वेस्ट घर से बाहर न फैक कर अपने अपने स्कूलो में ले कर आएंगे।

# केन्द्रीय मंत्रिमंडल में ओबीसी समाज के 27 मंत्रियों को बनाकर बढ़ाया मान: कंबोज

### अन्तोदय के मूलमंत्र पर चलकर पिछड़े वर्ग के हित में कार्यरत मोदी सरकार: कंबोज

### पिछड़ा वर्ग व किसान हितैषी है राज्य और केंद्र सरकार: कंबोज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भारतीय** जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री रहे कर्णदेव कंबोज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रीमंडल में 27 पिछड़े वर्ग के मंत्रियों को बनाकर पिछड़े वर्ग के समाज के लोगों का मान बढ़ाया है।

केंद्र सरकार ने मेडिकल शिक्षा में पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत का आरक्षण दर्शाता है कि भाजपा की केंद्र सरकार पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्प है। कंबोज फरीदाबाद सेक्टर-12 फ़रीदाबाद के कन्वेंशन हॉल में आयोजित ओबीसी मोर्चे के जिला कार्यकारिणी की बैठक लेने पहुंचे थे। इस अवसर पर मोर्चे की प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्षा ऊषा प्रियदर्शनी, प्रदेश महामंत्री रामेश्वर प्रजापति, पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष मेयर मदन चौहान, मोर्चा के प्रभारी हरेन्द्र भडाना, ज़िला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा भगवान सिंह, भाजपा जिला सचिव सुनीता बघेल, ओबीसी मोर्चा महामंत्री प्रवीण चौधरी व मनोज बालियान मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कर्णदेव कंबोज ने कहा कि देश में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक ऐसी सरकार हैं जिनको पिछड़ों, गरीब, मजदूर, किसान की चिंता है और अन्तोदय के मूलमंत्र पर चलकर पिछड़ों के विकास के लिए प्रयत्नशील है।

भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार पिछड़े वर्ग और किसानों को सशक्त करने का लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा रबी की फसलों में भारी वृद्धि करना, किसानों की आय को बढ़ाने की तरफ एक सराहनीय कदम है। हरियाणा में 17 लाख किसानों को 3961 करोड़ रूपए फसल बीमा मुआवजा, फल व सब्जियों को भाव तक भरपाई योजनाओं में शामिल कराना यह सब किसान के हित में किये गए निर्णय हैं। 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में किसानों के कल्याण की सुविधाएं सबसे ज्यादा हरियाणा प्रदेश में दी जा रही हैं चाहे सबसे ज्यादा मूल्य पर 11 फसलों को एमएसपी पर खरीद करना व गन्ने का सबसे ज्यादा मूल्य देना।

ओबीसी मोर्चे की प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष ऊषा प्रियादर्शनी ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की और संगठन विस्तार के दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर और पिछड़े वर्ग के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाकर लोगों को सशक्त करने का कार्य करें।

# नेशनल चैम्पियनशिप में हरियाणा ने जीते 15 पदक

### खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण चार रजत और 7 कांस्य पदक जीते

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन 15 सितम्बर से 19 सितम्बर तक जे एन स्टेडियम वारंगल तेलांगना में किया गया।

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में हरियाणा के 56 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 4 स्वर्ण पदक, 4 रजत पदक और 7 कांस्य पदक जीतकर कुल 15 पदक जीते। राजकुमार मिटान ने बताया कि प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड महिला वर्ग में नैंसी रोहतक ने 54 सेकेण्ड 41 माइक्रोन का समय देकर रजत पदक जीता। आयुष डबास सोनीपत ने 47 सेकेण्ड 10 माइक्रोन का समय देकर कांस्य पदक विजेता बना। परवेज खान नूंह ने 1500 मीटर दौड पुरुष वर्ग में 3 मिनट 42 सेकेण्ड 64 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीता।

रेखा फतेहाबाद ने हाई जंप और डिस्कस थ्रो इवेंट में कांस्य पदक जीते। साहिल सिलवाल चरखी दादरी ने जेवेलिन थ्रो इवेंट में स्वर्ण पदक जीता। अभिनव रोहतक ने डिस्कस थ्रो इवेंट में कांस्य पदक जीता। नन्ही हिसार ने 400 मीटर हर्डल दौड में रजत पदक जीता। रचना रोहतक ने 800 मीटर दौड में कांस्य पदक जीता। शिल्पा जींद ने जेवेलिन थ्रो इवेंट में कांस्य पदक जीता। सोनू कुमारी चरखी दादरी ने हैप्टाथलान में कांस्य पदक जीता। रेणु भिवानी ट्रिपल जंप में रजत पदक विजेता बनी। प्रशांत सिंह कन्हैया ने पोलवाल्ट इवेंट में रजत पदक जीता। मनोज कुमार 10 किलोमीटर दौड में कांस्य पदक जीता। राजकुमार मिटान ने बताया कि पुरुष रिले दौड में आयुष डबास सोनीपत, विक्रांत पांचाल फरीदाबाद, पंकज भिवानी और सचिन ने 3 मिनट 8 सैकण्ड 86 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीता। 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड महिला में नैंसी रोहतक, निशा फतेहाबाद, कविता सोनीपत और नन्ही हिसार ने का 3 मिनट 42 सैकेण्ड और 82 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक विजेता बनकर हरियाणा राज्य का नाम रौशन किया।

एथलेटिक्स हरियाणा टीम कोच रोहताश सिवाच और टीम मैनेजर सत्यवीर धनखड ने पदक विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान और समस्त पदाधिकारियों ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

# कोरोना: जिले में दो पॉजिटिव समेत एक्टिव केस हुए नौ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के दो ओर नए मरीज सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा 99846 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 9 पर पहुंच चुकी है। जिसमें आठ होम आईसोलेशन पर और एक मरीज अस्पताल में भर्ती है। वहीं जिले में पिछले 24 घंटों में 1259 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें फिलहाल सरकारी के 867 और प्राईवेट की 387 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। वहीं जिले में कोरोना से बचाव की वैक्सीन के लिए भी लोग आगे आ रहे है। जिसके तहत 4863 लोगों ने टीका लगवाया। जिसमें सरकारी में प्रथम डोज 2674 और द्वितीय में 1333 लोगों को डोज लगी। वहीं निजी अस्पतालों में प्रथम डोज 486 को और 370 को द्वितीय डोज लगी।



### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 1119129 |
| अब तक पॉजिटिव | : 99846 |
| अब तक नेगेटिव | : 1018029 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1254 |
| अब तक मौत | : 716 |
| अब तक ठीक | : 99121 |

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क सुरक्षा अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**फरीदाबाद/बल्लभगढ़।** परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने रविवार को सड़क सुरक्षा अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हरियाणा के परिवहन मंत्री मुलचंद शर्मा ने सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी टीम दिन-रात सड़क सुरक्षा पर कार्य कर रही है। हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा की सभी दोपहिया वाहन चालकों को आईएसआई मार्क हेलमेट लगाना चाहिए। आपको बता दें फरीदाबाद पुलिस कमीशनर विकास कुमार अरोड़ा ने सड़क सुरक्षा पर मुहिम चलाई है। जोकि गत 11 सितम्बर से शुरू की गई थी और 25 सितम्बर तक फ़रीदाबाद में सभी जगह चलाई जा रही है। हेलमेट इंडिया कोएलीशन द्वारा पूरे भारत में नकली हेलमेट बेचने व बनाने के ख़िलाफ़ मुहिम चलाई जा रही है। साथ ही नकली हेलमेट बनाने पर 2 लाख से 5 लाख तक जुर्माना व जेल भी हो सकता है। इस मौके पर स्टेट रोड सेफ़्टी काउंसिल के मेम्बर देवेंद्र सिंह एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन से बिजेंद्र सैनी, सौरव बिंदल, विकास व अन्य लोग मौजूद रहे।

### पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना बेहद कल्याणकारी: गुर्जर

**फरीदाबाद।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का लाभ पाने के लिए आपके पास राशन कार्ड होना अनिवार्य है। राशन कार्ड में जितने लोगों के नाम दर्ज हैं, उसी के हिसाब से पात्र परिवार के सभी को पांच-पांच किलो मुफ्त अनाज उपब्लध करवाया जाता है। यह विचार ऊर्जा एवं भारी उद्योग केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज हरकेश नगर व तिलपत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन वितरित करते हुए कहे। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के बारे में क्षेत्र के लाभार्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राशन कार्ड में 4 लोगों के नाम दर्ज हैं तो सभी को 5-5 किलो यानी कुल 20 किलो अनाज मिलेगा, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवार के लोगो को मिल सकें। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार अनेक प्रकार से लोगो को जागरूक कर रही है। योजना को लेकर ज्यादा जागरूकता पैदा करने की कड़ी में ही इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर पप्पी चेयरमैन उमेश सरपंच विनोद अवाना बिल्लू पार्षद प्रेम चौहान राजपूत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### छह बच्चों को बरामद कर किया सीडब्ल्यूसी के हवाले

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए शहर को परीक्षा मुक्त बालभिक्षा मुक्त बनाने की मुहिम के तहत महिला थाना सेंट्रल की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से 6 बच्चों को सकुशल बरामद करके चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को सौंपकर बहुत ही सरहनीय कार्य किया है। शनिवार को महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता द्वारा एएसआई अजय सिंह, एचसी राजबाला, सुनीता, महिला सिपाही डिंपी, पूनम, नीतू व सिपाही मनजीत की टीम गठित करके इलाका थाना सेंट्रल जोन में रवाना किया गया। जिसके अनुसार इस टीम को दो स्थानों से 6 बच्चे भीख मांगते हुए दिखाई दिए। जिसमें 4 लड़के और 2 लड़कियां थीं। पुलिस टीम द्वारा सभी बच्चों को रेस्क्यू किया गया। रेडक्रॉस फरीदाबाद सदस्य नितिन भाटिया की मदद से सभी बच्चों की खाने पीने की व्यवस्था करने के बाद सभी का बीके अस्पताल फरीदाबाद से शारीरिक मेडिकल कराने के बाद सीडब्ल्यूसी कार्यालय एनआईटी फरीदाबाद के सम्मुख काउंसलिंग के लिए पेश किया गया। सीडब्ल्यूसी चेयरमैन को बच्चों के संरक्षण बारे लिखित दरखास्त दी गई ताकि फरीदाबाद शहर को बाल भिक्षुक मुक्त किया जा सके व इन बच्चों का संरक्षण व पुनर्वास किया जा सके।

### देश की आधी महिलाएं नहीं हैं जागरूक: चांदनी



**फरीदाबाद।** देश में कई ऐसे मामले सामने आए। जहां पर एक कपड़े को ही पीरियड्स में बार-बार इस्तेमाल करने के कारण महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कई महिलाएं पीरियड्स हाईजीन को लेकर जागरूक ही नहीं हैं। लड़कियों को अपने फर्स्ट पीरियड से पहले इसकी सही जानकारी होना जरूरी है। उम्र छोटी होती है, जिसके कारण ऐसे समय में उनकी देखभाल भी बहुत मायने रखती है। वहीं महिलाओं को इसके प्रति जागरूक होने की जरूरत है, क्योंकि अगर वे जागरूक होंगी तो अपनी जान जोखिम में नहीं डालेंगी। उन्होंने रविवार को मुजेसर, सेक्टर-24 के स्लम एरिया में सेनेटरी पैड वितरण किये गये। जिसमें अंजलि राजपूत, मिली शर्मा, साक्षी सिंह, प्रेजिडेंट चांदनी आजाद अली के साथ मौजूद रहे और सेनेटरी पैड वितरण किये गये।

### एमटीपी किट बेचते फार्मासिस्ट गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को पन्हेड़ा गांव में दीपक नामक फार्मासिस्ट को एमटीपी किट बेचते रंगे हाथ पकड़ा है। फार्मासिस्ट काफी लंबे समय से एमटीपी किट बेच कर मुनाफा कमा रहा था। जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से एमटीपी किट बेचना गैर कानूनी है। फिलहाल, मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। स्वास्थ्य केंद्र खेड़ीकलां के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. हरजिंद्र सिंह की शिकायत पर थाना छांयसा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विनय गुप्ता को शिकायत मिली थी कि पन्हेड़ा गांव स्थित यश्वी क्लीनिक फार्मेसी का फार्मासिस्ट दीपक एमटीपी किट बेचता है। उन्होंने शिकायत के आधार पर डा. हरजिंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया था। टीम के सदस्यों ने मौका देखते हुए फार्मासिस्ट को दबोच लिया। डा. हरजिंदर ने बताया कि बताया कि आरोपी दीपक से 500 रुपये का वह नोट भी बरामद कर लिया है, जो महिला को एमटीपी किट खरीदने के लिए दिया था। उन्होंने बताया कि स्टोर संचालकों को बताया गया है कि एमटीपी किट बेचना गैर कानूनी है। इसके बाद भी कुछ मेडिकल संचालक मुनाफा कमाने के चक्कर में गैर कानूनी काम करते हैं। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### श्री गणेश विसर्जन कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए के मैत्री ब्लाक में श्री गणेश उत्सव पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रीगणेश की स्थापना से पूजा, अर्चना, आरती विसर्जन तक के सभी कार्यक्रम समन्वय मंदिर (सेक्टर 21-डी) के प्रधान पुजारी रामाशीष शास्त्री के मार्ग दर्शन में किये गए। ढोल नगाड़े की थाप पर श्रद्धालुओं ने विसर्जन पूर्व निकाली गयी यात्रा में ठुमके लगाए। गणपति बप्पा मौर्या, अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष से समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के यजमान मनजिंदर-संदीप सैनी ने आमंत्रित श्रद्धालुओं का स्वागत किया एवं कहा कि परिवार जनों के कल्याण एवं सुख समृद्धि की कामना के लिए किए गए। धार्मिक आयोजन में आमंत्रित श्रद्धालुओं ने गणपति वन्दना के साथ बड़े जोश के साथ विसर्जन यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर श्यामसुन्दर सैनी, बालकराम शर्मा, स्वर्ण सिंह चौधरी, मिलन कालरा, रितेश गुप्ता, कमलेश सैनी, बिमला रानी, शील आनंद, दीपा, अमिता सिंह, शशि शर्मा, मोनिका भल्ला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### आमजन को ट्रैफिक नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**फरीदाबाद।** सेक्टर-25 ट्रैफिक बूथ पर तैनात पुलिसकर्मी अशोक ने बूथ इंचार्ज कन्हैया के सहयोग से सड़क पर मौजूद गड्डों को मलबे की सहायता से भरने का सराहनीय कार्य किया है। पूरे भारत में लगातार बारिश के बाद अब दिल्ली एनसीआर में भी मानसूनी बारिश के कारण आमजनों को यातायात की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिनकी वजह से यातायात में बहुत सी बाधा बाधाएं उत्पन्न हो चुकी हैं। गड्ढों में पानी भरे रहने की वजह से सड़क दिखाई नहीं पड़ती जिसकी वजह से बहुत से वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

Good Morning!

# गुरुग्राम पायनियर

हरियाणा, सोमवार, 20 सितंबर, 2021

•सोहना •ओल्ड •गुरुग्राम •पटौदी •आईएमटी-मानेसर •फर्रूखनगर •भिवाड़ी

ई-पेपर www.pioneerhindi.com



## मैं अब राजनीति में नहीं आऊंगा पर जनता के बीच रहूंगा: उप-राष्ट्रपति

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**उप-राष्ट्रपति** एम. वैंकेया नायडू ने रविवार को अपने राजनीतिक भविष्य पर विराम लगाते हुए कहा कि मैं राजनीति छोड़ चूका हूं। अब राजनीति में नहीं आऊंगा, लेकिन जनता के बीच जरूर रहूंगा। उप-राष्ट्रपति रविवार को यहां दीनबंधु सर छोटू राम के जीवन, कार्यों, लेखन और भाषण पर आधारित पांच खंडों में प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन करने पहुंचे थे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी उपस्थित थे।

### एम. वैंकेया नायडू ने अपने राजनीतिक भविष्य पर विराम लगाते हुए कहा

विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए उप-राष्ट्रपति ने सर छोटूराम को महान विभूति की संज्ञा दी। अपने लगभग 40 मिनट के संबोधन में श्रीनायडू ने बताया कि सर छोटू राम ने ही पहला कृषि रिफॉर्म कानून बनवाया और किसानों को साहूकारों के चंगुल से बचाने में अहम भूमिका अदा की।



गुरुग्राम में आयोजित समारोह में मंचासीन उप-राष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

जो किसान कर्ज का ब्याज दोगुना दे चुके होते थे, उनका कर्ज माफ करवाया। दीन बंधु सर छोटूराम के कार्यों और उनकी विचारधारा का जिक्र करते हुए श्रीनायडू ने बताया कि उस समय महात्मा गांधी का विरोध करना बड़ा ही साहस का काम था। लेकिन सर छोटूराम ने 1949 में महात्मा गांधी को उनकी जिन्ना से संबंधित नीतियों का जोरदार विरोध किया था, जोकि एक बहुत ही बड़ी बात थी। लेकिन वे विरोध के बीच संबंधों को खराब नहीं करते थे।

### आजादी के दीवानों को नहीं मिला इतिहास में अपेक्षित स्थान

**उपराष्ट्रपति** ने अपने संबोधन में आजादी की लड़ाई का जिक्र करते हुए कहा कि आजादी के संघर्ष में देश की कई महान विभूतियों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, लेकिन इतिहास में उन्हें अपेक्षित स्थान नहीं मिल सका। जिस कारण उनके विचारों और उनके जीवन के महत्वपूर्ण शिक्षाप्रद पहलुओं से हमारी नई पीढ़ी वंचित हो गई।

## सरकार और किसानों के बीच बात होनी चाहिए : उप-राष्ट्रपति

### एमएसपी समय-समय पर बढ़ाए जाने की वकालत की

### पहली बार किसान आंदोलन पर बोले उप-राष्ट्रपति

### कृषि सुधार कानूनों की उप-राष्ट्रपति ने करी वकालत

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**



दीनबन्धु सर छोटूराम के लेखों व भाषणों पर रची गई पुस्तकों के पांच संस्करणों का विमोचन करते उप-राष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

**भारत** के उप-राष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू ने पहली बार किसान आंदोलन पर बोलते हुए कहा कि सरकार-किसानों के बीच डायलॉग (बातचीत) होना चाहिए। किसानों को राजनीति से नहीं जोड़ना चाहिए। उन्होंने स्वयं भी किसान आंदोलनों में भाग लिया है। एक देश एक मार्केट के लिए उन्होंने आंदोलन किया था। ये बातें उन्होंने रविवार को गुरुग्राम में किसानों के मसीहा दीनबन्धु सर छोटूराम के लेखों व भाषणों पर रची गई पुस्तकों के पांच संस्करणों का विमोचन करने के उपरान्त कहीं।

सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में आयोजित समारोह में उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने कहा कि उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू ने कृषि सुधार कानूनों की भी वकालत की। अपने भाषण में उप-राष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, चौधरी चरण सिंह और पूर्व उप-प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल का भी जिक्र किया। वे बोले कि इन नेताओं ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज सुधार, जनहित की दिशा में काम किया। उन्होंने कहा कि वे भी चाहते थे कि किसानों के साथ संवाद हो और फसलों को बिक्री को लेकर किसी तरह की परेशानी ना हो। पूरी दुनिया खुल चुकी है, इसीलिए हमें नए विचारों और नए कदमों के लिए तैयार रहना चाहिए।

**धर्म के नाम पर बंटवारे का सर छोटूराम ने किया था विरोध** : उप-राष्ट्रपति ने जाति-धर्म की राजनीति की खिलाफत करते हुए कहा कि देश की आजादी के दौरान धर्म के नाम पर देश के हो रहे बंटवारा का सर छोटूराम ने भी विरोध किया था। आज भी ऐसा होना चाहिए। अपनी जाति-धर्म को याद रखो, लेकिन इन्हें बांटकर राजनीति करनी सही नहीं। उन्होंने कहा कि सर छोटू राम एक महान विचारक थे। उन्होंने आर्य समाज के साथ मिलकर काम किया। उनका मानना था कि गांवों से देश की खुशहाली का रास्ता निकलता है।

**छोटूराम ने भविष्य के कृषि सुधारों की नींव रखी** : इस मौके पर उन्होंने कहा कि चौधरी छोटूराम जमीन से जुड़कर नए विचारों वाले आदमी थे। सरदार पटेलजी ने कहा था कि अगर छोटूराम जिंदा हैं तो मुझे पंजाब को लेकर कोई चिंता नहीं होती। चौधरी छोटूराम ने भविष्य के कृषि सुधारों की नींव रखी थी। नई तकनीक कृषि में लाने के लिए उन्होंने शोध स्थल बनवाए। खुद किसान रहते हुए जो समस्या उन्होंने देखी हो वो ही उनके समाधान की बात कर सकता है।

### इस दिन का लंबे समय से था इंतजार

**उन्होंने** कहा कि रविवार के इस कार्यक्रम के लिए उन्हें काफी दिन से इंतजार था। कोविड और लॉकडाउन की वजह से यह नहीं हो पाया था। लॉकडाउन के दौरान सभी कार्यक्रम वर्चुअल होते रहे हैं, लेकिन इस कार्यक्रम को मैं हरियाणा की धरती से करना चाहता था, जो आज हो पाया है। हरियाणा की मनोहर लाल सरकार की सराहना करते हुए उप-राष्ट्रपति ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सर छोटूराम के विचारों का संकलन कर सराहनीय काम किया है। हरियाणा इतिहास एवं संस्कृति अकादमी ने इन पुस्तकों को तैयार किया है। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के अलावा पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला, उत्तराखंड के पूर्व सीएम विजय बहुगुणा, हिसार से सांसद बृजेंद्र सिंह, भिवानी से सांसद धर्मबीर सिंह, रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ समेत हरियाणा के कई मंत्री व अलग-अलग राज्यों के वरिष्ठ लोग मौजूद रहे।

### कई बातों को मजाक में भी कह गये उपराष्ट्रपति

**गुरुग्राम।** अपने भाषण के दौरान उप-राष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू ने कई बातें मजाक में भी कही। जिससे सभा में मौजूद सभी की हंसी छूट गई। उन्होंने एक संस्मरण सुनाया कि एक बार अपने प्रदेश में हिंदी का विरोध करना शुरू किया। कुछ युवा एकत्रित होकर सड़क पर पहुंचे। हिंदी के में नारे लगाने शुरू कर दिया। इसी बीच किसी ने उन्हें रोका और कहा कि अपने यहां हिंदी कहां है, जो विरोध कर रहे हो। उनकी समझ में यह बात जरूर आई। फिर किसी ने कहा रेलवे स्टेशन पर हिंदी में लिखा है। वहां जाकर उन्होंने हिंदी में लिखे नाम को ढक दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जब वे दिल्ली पहुंचे तो उन्हें समझ आया कि उन्होंने उस समय हिंदी को नहीं ढका, बल्कि खुद के चेहरे को ढका था। उप-राष्ट्रपति ने अपने भाषण में अंग्रेजी को लेकर कहा कि मैं उप-राष्ट्रपति हूं। किसान का बेटा हूं। गांव में पढ़ा हूं और यहां तक पहुंचा हूं। उप-राष्ट्रपति बना हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कौन से कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े हैं। उन्होंने कॉन्वेंट देखा तक नहीं और यहां तक पहुंचे हैं। इसलिए पहले मातृ भाषा, बाकी बाद में। उप-राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम के लिए काफी समय से इंतजार था। यह कार्यक्रम में गुरुग्राम में हो रहा है, लेकिन वे चाहते थे कि यह कार्यक्रम रोहतक, सोनीपत में से किसी स्थान पर होता।

## सर छोटूराम ने रोहतक के 22 हजार जवानों को सेना में कराया था भर्ती

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि चौधरी छोटूराम ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान रोहतक के 22 हजार जवानों को सेना में भर्ती कराया था, ताकि युद्ध को मजबूती के साथ लड़ा जाए। उन्होंने ने सही मायनों में सेना, कर्मचारी, किसानों व अन्य वर्गों के लिए बेहतरीन काम किया। यह बात उन्होंने रविवार को यहां सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में आयोजित दीन बंधू चौधरी छोटूराम पर लिखे पुस्तक संग्रह विमोचन कार्यक्रम में कही। इस मौके पर भारत के उप-राष्ट्रपति वैंकेया नायडू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

### आठ घंटे काम का कानून है सर छोटूराम की देन

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि आज अन्नत चतुर्दशी है। इस दिन दीनबंधु चौधरी छोटूरामजी के विचार जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चौधरी छोटूराम ने हर वर्ग के लिए काम किया। सेना से लेकर कर्मचारी वर्ग के लिए 8 घंटे काम का कानून उनके प्रयासों से पास हुआ। मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजी शासन के दौरान किसानों की हालत दयनीय थी, जिसे सर छोटूराम ने समझा। उन्होंने कहा किसानों के हित के लिए कानून बनवाया। जिससे किसानों का उत्थान हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराष्ट्रपति खुद एक किसान परिवार से संबंध रखते हैं और उन्होंने अपने वक्त में जय आंध्रा आंदोलन चलाया।

दीनबंधु चौधरी छोटूराम पर लिखे पुस्तक संग्रह विमोचन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सबको बधाई दी। उन्होंने कहा हम सबको वक्त निकाल कर इस साहित्य को पढ़ना चाहिए और उनके विचारों का अनुसरण करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सर छोटूराम में देश के प्रति प्यार था और वे बिना भेदभाव किए सभी का सम्मान करते थे।

### अंग्रेजों की कोलोनियल सोच से हमारा बाहर आना जरूरी : उप-राष्ट्रपति

**गुरुग्राम।** उप-राष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू ने हिंदी को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा हमारा अभिन्न अंग है, लेकिन अभी भी हम अंग्रेजियत से बाहर नहीं निकल पाये हैं। अंग्रेजों की कोलोनियल सोच से हमारा बाहर आना जरूरी है। यह बात उन्होंने रविवार को गुरुग्राम में किसानों के मसीहा दीनबन्धु सर छोटूराम के लेखों व भाषणों पर रची गई पुस्तकों के पांच संस्करणों का विमोचन करने के उपरान्त कही। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि हमें सबसे पहले अपनी मातृभाषा और उसके बाद हमारी भारतीय भाषा को सीखना चाहिए। अंग्रेजी या दूसरी भाषा को भी सीखना चाहिए लेकिन हिंदी सबको सीखनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री से लेकर हमारे मौजूदा चीफजस्टिस ने भी अपनी मातृभाषा को पहचान दी है। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में पुरानी पद्धतियों को अब छोड़ना चाहिए। वर्तमान को आगे लाना चाहिए। हमारी, परम्पराओं, पद्धितियों में परिवर्तन आना जरूरी है। कुछ परम्पराएं राज्यसभा में भी हैं, जिन्हें वे बदल रहे हैं। अपनी मौजूदगी में राज्यसभा की कार्यवाही पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि राज्यसभा में एक परंपरा थी कि जब भी कागज रखना होता तो कहना पढ़ता था-विद यूअर परमिशन आई एम प्रजेंटिंग दिस पेपर। लेकिन हमने उसको बदलकर कहा-ये कहा जाए कि-अध्यक्ष महोदय, आपकी इजाजत से मैं ये कागज प्रस्तुत कर रहा हूं।

## बल्लभगढ़ का विधायक होने के नाते चहुंमुखी विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा: शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़**

**हरियाणा** सरकार में परिवहन, खान एवं भू विज्ञान, कौशल विकास और औधोगिक प्रशिक्षण एवं निर्वाचन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। मैं बल्लभगढ़ का विधायक होने के नाते चहुंमुखी विकास कार्यों में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर मेंन बाजार में लखदातार ट्रस्ट द्वारा आयोजित हृदय चैक अप कैम्प का उद्घघाटन करते हुए यह बात कही। इस मौके पर पूर्व पार्षद राव रामकुमार और डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। इसके उपरांत परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने स्थानीय सेक्टर-3 में उत्तराखंड भ्रात मंडल द्वारा बनाए जाने वाले बद्री केदार मंदिर और धर्मशाला के भूमि पूजन कायर्क्रम में पहुँचे उन्होंने धर्मशाला के निर्माण के लिये जो भी मदद होगी उसके लिए समाज को आश्वासन दिया।

परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने उत्तराखंड समाज को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में बल्लबगढ के सेक्टर-3 में बद्री केदार महाराज के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड समाज को जो जमीन मिली है जल्द ही इस पर धर्मशाला और भव्य मंदिर का निर्माण कार्य शुरु हो जाएगा। परिवहन मंत्री शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा जो भी सम्भव मदद होगी। उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा।

## विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत, पति समेत छह पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**शहर** के वार्ड-15 के भूड़पाड़ा निवासी 27 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतक के गले पर मिला फांसी के फंदे का निशान मिले हैं। पुलिस ने मृतक महिला के भाई की शिकायत पर पति समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

शनिवार की शाम छह बजे शहर के भूड़पाड़ा में रहने वाली 27 वर्षीय पिंकी पत्नी अनिल की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृत महिला को पति अनिल समेत अन्य लोग गंभीर हालत में उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर द्वारा पिंकी को मृत घोषित किए जाने के बाद शव को शवगृह कक्ष में रखवा कर चले गए। सूचना मिलने पर मृतक पिंकी के मायके वाले गांव बेरका थाना भोंडसी जिला गुरुग्राम से 25-30 की संख्या में नागरिक अस्पताल सोहना में पहुंचे। नागरिक अस्पताल से मिली सूचना के बाद सिटी थाना से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेने के बाद कानूनी प्रक्रिया शुरु कर दी।



सोहना के वार्ड-15 के भूड़पाड़ा निवासी मृतक पिंकी का फाइल फोटो।

**छह नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज** : मृतक पिंकी के भाई सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दो बहनों की शादी इसी परिवार में 11 वर्ष पहले की थी। उसकी बड़ी बहन सुशीला की शादी अनिल के बड़े भाई मुकेश के साथ की थी, लेकिन अनिल सहित अन्य लोग दहेज की मांग करते आ रहे थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर सतीश ने पिंकी के पति अनिल, जेठ मुकेश, उमेश, लाला, महाबीर प्रसाद व सास राजबती ने मिलकर उसका गला घोटकर हत्या कर दी। बाद में अपने की मकान के चौबारे में फांसी के फंदे पर लटका दी। जिससे पिंकी की मौत हो गई। पुलिस ने नामजद सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मेडिकल बोर्ड से कराया पोस्टमार्टम

**पुलिस** ने पिंकी की हत्या का राज जाने के लिए डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिससे पिंकी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने या मृतक के भाई द्वारा लगाया गया हत्या किए जाने का खुलासा हो सके।

"पुलिस को घटना स्थल से अभी तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है। जिससे मृत पिंकी का गला घोंटा गया हो। नामजद आरोपी घर को छोड़ फरार हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पिंकी की मौत के राज का खुलासा होगा।

**अशोक कुमार**
**सिटी चौकी प्रभारी, सोहना**

## रामलीला का हुआ भूमि पूजन, चार से होगी शुरू

### भूमि पूजन के साथ किया गया गणेश विसर्जन

### बिना वैक्सीनेशन के कलाकारों, सदस्यों का प्रवेश वर्जित

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



जैकबपुरा में श्रीदुर्गा रामलीला के लिए भूमि पूजन करते कमेटी के सदस्य।

**श्रीदुर्गा** रामलीला कमेटी की ओर से रविवार को रामलीला का भूमि पूजन जैकबपुरा स्थित रामलीला स्थल पर किया गया। इस दौरान गणेशजी की पूजा करके उनकी प्रतिमा का विसर्जन भी किया गया। इसी के साथ ही रामलीला का मंच बनाने का भी काम शुरू हो गया। रामलीला में भाग लेने वाले कमेटी के सदस्यों व कलाकारों को सख्त हिदायत दे दी गई है कि बिना वैक्सीन लगवाए वे इस आयोजन में शामिल नहीं हो सकते है।

श्रीदुर्गा रामलीला के चेयरमैन एवं मुख्य निर्देशक बनवारी लाल सैनी तथा प्रधान कपिल सलूजा (लवली) ने बताया कि भूमि पूजन के साथ ही रामलीला की तैयारियां शुरू हो गई हैं। आगामी 4 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा। जैसे-जैसे रामलीला की यह तारीख निकट आएगी, वैसे-वैसे तैयारियां पूरी कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस बार भी कोरोना की चुनौतियों के बीच रामलीला मंचित होगी। इस लिए सभी कलाकारों और कमेटी के सदस्यों को कोरोना रोधी वैक्सीन लगवाकर आना जरूरी कर दिया गया है, ताकि इस महामारी से किसी को नुकसान ना हो। रामलीला कमेटी के निर्देशक अशोक सौदा व गोपाल जलिंद्रा, रामलीला के महासचिव अशोक प्रजापति ने बताया कि एक तरफ तो कलाकार दिन-रात हुनरमंद बनकर राम लीला का मंचन करने के कड़ा अभ्यास कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ प्रबंधन समिति भी तैयारियों में जुटी है। इस दौरान रामलीला के सभी कलाकार व सदस्य मौजूद रहे।

रामलीला कमेटी के निर्देशक अशोक सौदा व गोपाल जलिंद्रा, रामलीला के महासचिव अशोक प्रजापति ने बताया कि रामलीला प्रबंधन समिति भी तैयारियों में जुटी है। रामलीला कमेटी के निर्देशक तेजिंदर सैनी रामलीला के मीडिया प्रभारी राज सैनी बिसरवाल ने बताया कि कलाकार दिन-रात राम लीला का मंचन का कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। इसी के साथ उन्होंने कहा कलाकार चयन कमेटी 25 सितम्बर को सेमीफाइनल रिहर्सल लेगी। सभी कलाकार को वैक्सीन लगना अनिवार्य है।

## शहीद तरुण भारद्वाज के घर पहुंचे सांसद दीपेंद्र हुड्डा



गुरुग्राम के गांव भौंडसी में शहीद तरुण भारद्वाज के परिजनों को ढांढस बंधाते सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

**गुरुग्राम।** रोहतक से राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा रविवार को गांव भोंडसी में शहीद तरुण भारद्वाज के घर पहुंचे। सांसद ने शहीद को श्रद्धांजलि देने के बाद परिवारजनों से मुलाकात की एवं शोक संवेदनाएं प्रकट कीं।

उन्होंने कहा कि देश के सबसे दुर्गम सीमावर्ती इलाके सियाचिन में गश्त के दौरान हिमस्खलन हादसे में ग्लेशियर की चपेट में आये भारतीय सेना के जांबाज जवान तरुण भारद्वाज ने देश के लिये शहादत दी है। सियाचिन का क्षेत्र दुर्गम और बर्फीली पहाड़ियों का क्षेत्र है। वहां बेहद विपरीत परिस्थितियों में हमारी सेना के वीर जवान देश सेवा का कर्तव्य निभाते हैं। हम सबको तरुण की शहादत पर गर्व है।

## संक्षिप्त समाचार

### बच्चों के विवाद में मां-बेटा को घर में घुसकर पीटा





**सोहना।** छोटे-छोटे बच्चों के बीच हुए झगड़े ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद एक गुट के लोगों ने युवक व उसकी मां को घर में घुसकर लाठी व डंडों से पीटा। घायल मां-बेटा को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को सोहना के वार्ड-4 पटेल नगर में एक साथ खेल रहे छोटे-छोटे आपस में झगड़ पड़े। छोटे बच्चों का मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव करा दिया। उन्हें उनके घर पर भेज दिया। इस बात को लेकर रविवार की सुबह भी दो पक्षों के लोगों ने मामले को लेकर भाईचारे की बैठक की। बैठक में जाति सूचक शब्दों का उपयोग करने से दूसरे पक्ष के लोगों को गुस्सा आ गया। जिससे दोनों गुटों में जमकर गाली-गलौज हुई। इसी रंजिश में एक पक्ष के करीब 15 लोग यहां के निवासी श्यामलाल के घर में लाठी-डंडे लेकर घुस गए। सामने बैठे देवेन्द्र व उसकी मां ओमवती को पीटना शुरू कर दिया। जब तक आस-पास से लोग दौड़कर आते। तब तक मां-बेटा का अधमरा कर दिया। पीड़ितों को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। आरोपियों के खिलाफ 112 नंबर पर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। सोहना सिटी थाना पुलिस मामले की जांच कर रहे हैं।

### मानसिक रूप से परेशान छात्रा की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**सोहना।** मानसिक रूप से परेशान 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा कक्षा 9वीं में पढ़ रही थी। मामला मारुति कुंज भोंडसी क्षेत्र का है। यहा की एक कॉलोनी में रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान रही थी। जिसने छात्रावृत्ति प्राप्त करने के लिए हाल ही में एक परीक्षा दी थी। जिसमें छात्रा फेल हो गई थी। फेल होने के बाद छात्रा मानसिक रुप से तनाव में रह रही थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा इसी मानसिक तनाव में शनिवार को घर में पेड़-पौधों में दिया जाने वाला जहरीला पदार्थ पी लिया। जिससे छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को सोहना के नागरिक अस्पताल में मृतक छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### कृषि के पिछड़ने से पिछड़ती है संस्कृति भी : एम. वैंकेया नायडू

**गुरुग्राम।** उप-राष्ट्रपति एम. वैंकेया नायडू ने रविवार को गुरुग्राम में कहा कि कृषि हमारी संस्कृति है। जब कृषि पिछड़ती है तो हमारी संस्कृति भी पिछड़ती है। इसलिए हमें कृषि पर पूरा ध्यान देगा होगा। उन्होंने फ्री की सुविधाओं को सही नहीं बताते हुए कहा कि पैसे से सुविधाएं दी जाएं, लेकिन समय पर और पूरी दी जाएं। किसानों को उन्होंने 12 घंटे लगातार बिजली देने की सिफारिश की। उप-राष्ट्रपति ने कहा कि गांव के खेतों में सिर्फ फसलें ही पैदा नहीं होती, बल्कि संस्कार भी पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के उत्थान के लिए ओपन मार्केट और इलेक्ट्रोनिक मार्केट जरूरी है, ताकि किसानों को सही दाम मिल सके। विरोधी पार्टियों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इन दिनों राजनीतिक पार्टियां कहती हैं हम बिजली फ्री देंगे, पानी देंगे। ऐसा नहीं होना चाहिए। फ्री देने की बजाय सही दाम पर पूरी आपूर्ति देनी चाहिए। किसान को गांव तक सड़क और 12 घंटे बिना अवरोध के बिजली मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में हर वर्ग को नुकसान हुआ है, लेकिन कृषि इकलौता ऐसा क्षेत्र है, जहां उत्पादन पहले से ज्यादा हुआ। यानी फायदा हुआ है।

### चोरी की बाइक समेत एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा द्वारा शहर में चोरी के मामलों में संलिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए दिए गए दिशा निर्देशों के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 65 की टीम ने चोरी के जुर्म में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अमित निवासी गांव असावटी पलवल का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सहायता से आरोपी को गांव कैली बाईपास रोड से चोरी की मोटरसाइकिल सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया की वह जिम में नौकरी करता था जिसकी नौकरी छूट जाने के कारण उसने सेक्टर 58 से एक मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है। उपरोक्त आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में था। आरोपी से एच एफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। जिसका चोरी का मुकदमा थाना सेक्टर 58 मे रजिस्टर है। आरोपी को अदालत में पेश कर वहीं से नीमका जेल भेज दिया गया है।

### अपार्टमेंट का स्टोर कीपर चोरी करते गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा द्वारा शहर में चोरी के मामलों में संलिप्त अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए दिए गए दिशा निर्देशों के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 65 की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जयप्रकाश निवासी सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी जयप्रकाश अनुश्री अपार्टमेंट सेक्टर 75 में बतौर स्टोर कीपर की नौकरी करता था। आरोपी 13000 रुपये महीना की तनख्वाह पर था। आरोपी की स्टोर में माल को देखकर नियत खराब हो गई जिससे उसने स्टोर रूम का सामान मौका देख कर बाहर निकाल लिया। पुलिस टीम ने बताया कि उपरोक्त आरोपी को सामान निकालते हुए कंपनी के गार्ड ने देख लिया था जिसकी सूचना उसने कंपनी मालिक को दी। मालिक ने आरोपी को ढूंढा तो वह नहीं मिला जिस पर कंपनी मालिक ने पुलिस को 17 सितंबर को सूचना दी जिस पर थाना बीपीटीपी में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। क्राइम ब्रांच टीम ने बताया कि आरोपी को गुप्त सूत्रों की सूचना से सेक्टर 8 फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि स्टोर में रखे सामान को देखकर वह लालच में आ गया और सामान चोरी कर लिया। वह इस सामान को बेचने की फिराक में था कि इससे पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से आगरा नहर की झाड़ियों से 11 कील की बोरी, 8 बंडल वाइंडिंग वायर और 2 बोरी होल पास बरामद कर लिए गए हैं। आरोपी को अदालत में पेश कर नीमका जेल भेज दिया गया है।

### चैम्पियन मार्शल आर्ट एकेडमी ने किया बेल्ट टेस्ट का आयोजन

**फरीदाबाद।** चैम्पियन मार्शल आर्ट एकेडमी द्वारा सैक्टर-82 में एप्पल सीड प्ले स्कूल में बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ फरीदाबाद किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के हैड कोच लक्ष्मण दास द्वारा किया गया। इस बेल्ट टेस्ट में लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें क्रमश- मयंक चौधरी ब्राऊन बेल्ट, चिराग ओरेंज बेल्ट, वनज येलो बेल्ट, मनश्वी येलो बेल्ट, अनव गर्ग ब्लू बेल्ट, कनव ओरेंज बेल्ट, गौरिशा ग्रीन बेल्ट सहित 18 बच्चों को बेल्ट टेस्ट में सिलेक्शन हुआ है। यह 18 खिलाड़ी अगले माह फरीदाबाद जिले में आयोजित किक बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। इसके बाद विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित चैम्पियनशिप में जाएंगे।

# सक्षम हरियाणा रैंकिंग: राज्य के 22 जिलों में मेवात आया 21वें स्थान पर

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

### मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी भी दिखाई दे रहे हैं गंभीर

### अगले माह की रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल करने का दावा किया

**सक्षम** हरियाणा योजना प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इस योजना की ताजा रैंकिंग में मेवात राज्य के 22 जिलों में 21वें स्थान पर आया है। जिसे लेकर शिक्षा विभाग ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी भी गंभीर दिखाई दे रहे हैं।

सुशासन सहयोगी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और अगले माह जारी होने वाली सक्षम हरियाणा रैंकिंग में मेवात जिले को टॉप 10 जिलों की सूची में शामिल करने का दावा किया। सुशासन सहयोगी राजूराम ने कहा की सक्षम हरियाणा की रैंकिंग के कई मापदंड हैं, जिनमें दो माह बाद सर्वे तथा दो महीने बाद बच्चों के टेस्ट होने के अलावा ऑनलाइन हाजिरी इत्यादि शामिल हैं। शिक्षा विभाग के कामकाज को कैसे बेहतर बनाया जा सके। इसे लेकर राज्य सरकार ने सक्षम हरियाणा योजना शुरू की है। जिसमें छात्र-छात्राओं की पढ़ाई से लेकर स्कूल की उपस्थिति ही नहीं बल्कि अध्यापकों की उपस्थिति का भी लेखा-जोखा रखा जाता है।

हर महीने इस योजना की रैंकिंग जारी की जाती है ताकि जो जिले सक्षम हरियाणा योजना में पिछड़ रहे हैं, उनको ऊपर उठाया जा सके। शिक्षा विभाग के अधिकारियों में जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी के अलावा अन्य अधिकारीगणों ने समीक्षा बैठक में भाग लिया। आशंका व्यक्त की कि अगले महीने जारी होने वाली शिक्षा हरियाणा की सूची में मेवात जिला टॉप 10 जिलों की सूची में अवश्य शामिल होगा। कुल मिलाकर शिक्षा के क्षेत्र में फिसड्डी मेवात अब शिक्षा के क्षेत्र में अंगड़ाई ले रहा है।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों से लेकर सीएम के सुशासन सहयोगी इस पर लगातार निगरानी रख रहे हैं। उम्मीद है कि आने वाले समय में मेवात शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा नहीं रहेगा।





# किसान आंदोलन की समाप्ति को किया जाएगा प्रयास

### मेवात आए डीजीपी पीके अग्रवाल ने दौरा कर कहा

### साउथ रेंज के आईजी सहित चार एसपी से की लंबी चर्चा

**कासिम खान। नूंह**





**डीजीपी** पीके अग्रवाल ने कहा कि आंदोलन कर रहे किसानों से बातचीत के लिए जो कमेटी सरकार द्वारा गठित की गई है, वह रविवार को सुबह 11 बजे किसानों से मिलने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि आंदोलन को समाप्त कराने के रास्ते निकालने का प्रयास किया जाएगा, ताकि शांतिपूर्वक सफल वार्ता होने उपरांत रास्तों को खाली कराया जा सके। शनिवार को डीजीपी हरियाणा मेवात दौरे पर थे। साउथ रेंज के आईजी एम रवि किरण के अलावा रेंज के अंतर्गत आने वाले चार जिलों के पुलिस कप्तान लघु सचिवालय नूंह स्थित एसपी कार्यालय में बैठक में शामिल हुए। साउथ रेंज के आला पुलिस अधिकारियों ने डीजीपी के साथ तकरीबन तीन घंटे विस्तार पूर्वक चर्चा की। पत्रकारों से बातचीत के दौरान डीजीपी ने कहा कि सीआईडी प्रमुख आलोक मित्तल के साथ उन्होंने साउथ रेंज के पुलिस अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था, अपराध की स्थिति, समस्या, जरूरत के अलावा पुलिस कर्मचारियों की भलाई के काम को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में क्या जरूरी कदम उठाए जाने हैं। अपराध पर नियंत्रण कैसे रहे। अनसुलझी वारदातों को तेजी से कैसे सुलझाया जाए, अपराधियों पर नकेल कसी जाए। पुलिस भलाई के लिए फैसले लिए जाएं ताकि पुलिस कर्मचारी हौसले के साथ काम कर सकें। इन सभी बातों पर गंभीरता से विचार हुआ है। डीजीपी ने कहा की मेवात जिले में समय-समय पर जो कदम उठाए गए हैं। मेवात जिले में ओवरलोड, अवैध खनन के साथ-साथ अपराधियों पर नकेल कसने को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए डीजीपी ने कहा कि मेवात पुलिस ने अच्छे कार्य किया है, लेकिन इसमें और सुधार कैसे किया जाए। सार्थक परिणाम सामने आए, इसलिए और बेहतर करने की जरूरत है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि मेवात जिले में जो नए थाने की घोषणा होनी है। कुछ थानों का भवन बनाया जाना है। उसको लेकर आईजीपी साउथ रेंज एम रवि किरण को दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि कंसॉलिडेटिड प्रपोजल भेजें कि किस स्तर पर मामला पेंडिंग है। उन्होंने कहा कि इसका समाधान जल्द किया जाएगा। इस बैठक में आईजी साउथ रेंज एम रवि किरण, नरेंद्र बिजारनिया एसपी नूंह, दीपक गहलावत एसपी पलवल, अभिषेक जोरवाल एसपी रेवाड़ी, चन्द्र मोहन एसपी नारनोल इत्यादि पुलिस अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सलामी देने वाले जवानों का मिलेगा रिवॉर्ड

**लघु** सचिवालय नूंह में डीजीपी को सलामी देने वाले जवानों को डीजीपी पीके अग्रवाल के दिशा-निर्देश पर नरेंद्र बिजारनिया एसपी नूंह ने रिवॉर्ड देने की बात कही। जवानों को जब यह खुशखबरी मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

## केएमपी सड़क मार्ग पर ट्रक से टकराई कार

**तावडू।** उपमंडल की सीमा से गुजर रहे कुंली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक चालक की लापरवाही से कार टकरा कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई तो वहीं कार चालक को भी चोटे आई है।

सदर थाना पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पलवल निवासी नितेश ने बताया कि शनिवार को वह अपनी कार में सवार होकर केएमपी मार्ग से बावल रेवाड़ी जा रहा था। 11 बजे के करीब तावडू टोल प्लाजा से लगभग एक किलोमीटर पहले पहुंचा तो ट्रक कंटेनर आगे चल रहा था, जबकी वह अपनी लाईन में चल रहा था। तभी ट्रक चालक ने लापरवाही व तेज गति से ट्रक को उनकी साइड में मोड़ दिया। जिसके कारण उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से जा टकराई। जिसके कारण उसकी कार ट्रक से टकरा गई। इस टक्कर में उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि उन्हें भी काफी अंदरूनी चोटें आई। सदर थाना पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने मामले में अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक त्रिखा को पंजाबी रत्न सम्मान से किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ की टीम प्रदेश अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद के नेतृत्व में बडखल की विधायक सीमा त्रिखा को मिली और उन्हे पंजाबी रत्न सम्मान से सम्मानित किया तथा उन्हे ज्ञापन सौंपा कि पंजाबी समाज को रिफूजी व पाकिस्तानी कहना अपराध के दायरे में लाया जाये। अध्यक्ष हरीश चन्द्र आजाद ने बताया जैसा कि पंजाबी संघ ने यह फैसला लिया था कि हम प्रदेश के सभी 9 पंजाबी विधायकों को पंजाबी रत्न सम्मान से सम्मानित करेंगे व उन्हे रिफूजी कानून का ज्ञापन सौंपेगें। उसी कड़ी में आज विधायक सीमा त्रिखा को सम्मानित कर ज्ञापन दिया गया। उन्होंने कहा कि हमनें सभी पंजाबी विधायकों को यह ज्ञापन सौंपते हुए आग्रह किया है कि इस कानून को जल्द से जल्द बनाया जाये तथा दिसम्बर में होने वाले विधानसभा सत्र में सभी पंजाबी विधायक मिलकर हमारी इस मांग को उठायें नहीं तो हम लोग उसके बाद धरने देगें व भूख हड़ताल भी करेगें और इस कानून के हक में बुलंद आवाज न उठाने वाले अपने इन नेताओं का विरोध भी करेगें। विधायक सीमा त्रिखा ने विश्वास दिलाया कि इस मुदे को हम उठायेंगे और इसे कानून के दायरे में लाने का हमारा प्रयास रहेगा। उन्होने हरियाणा पंजाबी संस्कृति संघ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह कानून पंजाबी समाज का हक है और जिस तरह से हक सभी बिरादरियों का सम्मान करते हैं वही सम्मान हम भी सभी बिरादरियों से पाने के हकदार है। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कंटा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी कालड़ा, प्रबंधक सचिव गिरधारी लाल अरोड़ा, सचिव संजय चौधरी, तिगांव विधानसभा के अध्यक्ष सुधीर मेहता, युवा जिला अध्यक्ष मोनिक आज़ाद, युवा उपाध्यक्ष प्रिंस रहेजा, सुनील नागपाल और धीरज खुराना सहित कई लोग उपस्थित थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती घर से लापता, केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के एक गांव से संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती का घर से लापता होने का मामला सामने आया है। लापता युवती के पिता की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सहसौला पटटी घुसबैठी निवासी हाजर ने बताया कि 17 सितंबर को उनकी 22 वर्षीय पुत्री दोपहर दो बजे के लगभग खेतों से चारा लेने के लिए घर से अकेली गई थी। वह काफी देर तक घर वापस नहीं आई तो उन्होंने छानबीन शुरू कर दी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। उन्होंने बताया कि लगभग डेढ़ महीने पहले उनकी बेटी अपनी ससुराल से आई थी। बताया कि उनका मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है। उन्होंने सभी रिश्तेदारियों में भी पता किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सदर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मोबाइल की दुकान से लगभग ढाई लाख रुपए का सामान चोरी

**पुन्हाना।** शनिवार रात्रि को शहर के बीचोबीच सब्जी मंडी के पास एक मोबाइल शॉप से अज्ञात चोर दुकान का शटर तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपए के मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना पाकर सिटी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तथा मौके का निरीक्षण कर शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। चोरों द्वारा की गई पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके फुटेज पुलिस को सौंप दिए गए है। शहर के अंदर स्थित दुकान से इस तरह चोरी की वारदात को अंजाम दिए जाने की घटना को लेकर दुकानदार वर्ग खासा चिंतित है, लोगो ने पुलिस प्रशासन से इस तरह हुई वारदात पर कड़ी कार्यवाही कर चोरों को पकड़ने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के बीचो-बीच पुरानी सब्जी मंडी के पास पंकज मोबाइल शॉप के संचालक सुरेश चंद ने बताया कि शनिवार रात्रि को वह अपनी दुकान सही सलामत बंद करके गए थे। परंतु सुबह उन्हें सूचना मिली कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। उन्होंने तुरंत आकर देखा तो पाया कि अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान का शटर तोड़कर दुकान में रखे लगभग ढाई लाख रुपए कीमत के मोबाइल फोन, लैपटॉप, स्वाइप मशीन, मोबाइल एसेसरीज तथा अन्य सामान चोरी कर ले गए। वही पुनहाना सिटी चौकी प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चोरों को पकड़ सामान बरामद कर लिया जाएगा।

### दक्षलक्षण पर्व हमें मिलती है दस लक्षणों की शिक्षा

**पुन्हाना।** पुन्हाना जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। मंदिर को विशेष साज सज्जा के साथ रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया है।मंदिर की शोभा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। सुबह से ही जैन श्रवकों का तांता लगा रहता है। सुबह श्री आदिनाथ भगवान का अभिषेक शांतिधारा सामूहिक आरती गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से की जाती है।उसके पश्चात दशलक्षण महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। दशलक्षण पर्व को पर्युषण पर्व के नाम से भी जाना जाता है। इस विधान के आयोजन में मथुरा चौरासी मंदिर से आए हुए विद्वान पुनीत व निशांत ने बताया यह पर्व हमें धर्म के दशलक्षणों की शिक्षा देता है उत्तम क्षमा मार्दव आर्जव सोच सत्य संयम तप त्याग अकिंचन और ब्रह्मचर्य की शिक्षा देता है। हमें अपने जीवन में इन धर्मों का पालन करना चाहिए।

# ऑटो अपील सॉफ्टवेयर से जनता को समय पर मिलेंगी सेवाएं

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

### बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी होंगे सम्मानित : उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम-2014 के तहत प्रदेश की जनता को निर्धारित समय के अनुसार सेवाएं मिले, इसके लिए हरियाणा में %आस यानि ऑटो अपील सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया गया है। इस सॉफ्टवेयर के शुरू होने से लोगों को समय पर सेवाएं मिलने में और अधिक पारदर्शिता आएगी।

उन्होंने बताया कि ऑटो अपील सॉफ्टवेयर लागू करने वाला हरियाणा देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने जनता को समय पर सेवाओं का लाभ देने का अनूठा सिस्टम शुरू किया है। ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के शुरू होने से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और उनके काम एक निर्धारित समय-सीमा के अन्दर होने लगेंगे। उन्होंने कहा कि इस आस एप में अगर किसी व्यक्ति का काम समय पर नहीं होता और वह काम सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में आता है तो ऑटो अपील सॉफ्टवेयर के तहत आवेदन अपीलेट अथॉरिटी में चला जाएगा।

यदि वहां भी काम नहीं होता तो आवेदन उससे बड़े अधिकारी के पास चला जाएगा। अगर इन दोनों स्तरों पर भी काम नहीं होता तो फिर आवेदन कमीशन के पास आ जाएगा। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी तत्परता से सेवा देने में रूचि दिखाते हैं, ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निर्धारित समय पर व्यक्ति को सेवा न मिलने का कारण बताना होगा। यदि अधिकारी कारण नहीं बताएगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। सभी अधिकारियों को चाहिए कि वह अपने विभागों का काम समय से करें।

उन्होंने कहा कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत दी जाने वाली सेवाओं की संख्या 546 है। डी सी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि आरटीएस कमीशन के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता 21 सितंबर को नूंह आ रहे है वे आर टीएस की समीक्षा बैठक करेंगे।

## सरकारी स्कूल में चोरी का चार महीने बाद केस दर्ज

**तावडू।** गांव गोगजाका के सरकारी स्कूल से अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी करने का मामला सामने आया है।

चौकीदार की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने घटना के लगभग चार महीने बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोगजाका निवासी स्कूल चौकीदार रामचंद्र ने बताया कि 13 मई की रात को उनके भाई की मृत्यु हो गई थी तो वह स्कूल से अपने घर चले गए। रामचंद्र का कहना है कि लगभग 2 घंटे बाद जब वह वापस स्कूल में लौटे तो तीन कमरों के ताले टूटे हुए थे। इसके बाद उन्होंने छानबीन शुरू की तो पता चला कि वहां से अज्ञात चोर दो सिलेंडर, दो बैटरी व कपड़ों से भरा एक बैग सहित कुछ जरूरी सामान को चुरा कर ले गए। उन्होंने बताया कि चोरी का पता लगाने के लिए वह अब तक अपने स्तर पर खोजबीन में जुटा हुआ था, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

# टीबी के रोगियों को पहुंचाएं अस्पताल

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

**उपायुक्त** कैप्टन शक्ति सिंह ने टीबी के रोगियों को अस्पतालों तक पहुंचाने का आह्वान जिला वासियों से किया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सितंबर-अक्टूबर माह में विशेष टीबी अभियान चलाया जा रहा है। कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भारत सरकार ने 2025 तक पूरे देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

उपायुक्त ने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम चयनित स्थानों पर घर-घर जाकर संभावित टीबी रोगियों को चिह्नित करने का कार्य कर रही है, ताकि उनका समुचित उपचार हो सके। सर्वे के दौरान जिस भी घर में किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, भूख कम लगना, लगातार वजन में गिरावट तथा बलगम में खून आदि लक्षण मिलेंगे उन्हें संभावित टीबी रोगी मानते हुए चिह्नित किया जाएगा।

### टीबी रोगी का कराएं नि:शुल्क उपचार

**डीसी** ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी रोगी का उपचार समस्त राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर नि:शुल्क उपलब्ध है, जिसमें रोगी को नि:शुल्क दवा के साथ निक्षय पोषण योजना के तहत सभी रजिस्टर रोगियों को उपचार अवधि तक प्रतिमाह 500 रुपये की पोषण राशि भी दी जा रही है। पौष्टिक आहार भत्ता सीधा संबंधित मरीज के बैंक खाते में जाता है। टीबी मरीज को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने वाले व्यक्ति को 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि की जाती है।

# हर्षोल्लास से मनाया गणेश विसर्जन कार्यक्रम

**ललित गर्ग। पुन्हाना**

**दस** दिनों तक गणपति उत्सव मनाने के उपरान्त रविवार अंनत चतुर्थी के दिन श्रीगणपति महाराज का विजर्सन कार्यक्रम भी काफी हर्षोल्लास के साथ किया गया। बैंडबाजे और ढ़ोल के साथ श्रीगणेश युवा मंडल व श्री बाबा लाल दास युवा मण्डल की टीम ने श्री गणेशजी शोभा यात्रा नाचते झूमते हुए रंग गुलाल उड़ाते हुए निकाली तो शहर में जगह-जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। विदाई के समय पूजा आरती करते हुए लोगो ने श्रीगणेश का आशीर्वाद लिया।

इस दौरान गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ, जय जय गणेशा के जयकारों की गूंज उठ रही थी। पुन्हाना शहर में पिछले दस वर्षों से लगातार गणेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। गणेशजी की प्रतिमा को वृंदावन धाम में विसर्जित किया गया।

श्रीगणेश युवा मंडल के कार्यकर्ता गणपत पंवार सचिन सोनी , प्रिंस सोनी, नरेश शर्मा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार के हर साल भादों मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से गणेश उत्सव की शुरुआत होती है। जो अगले दस दिन तक यानी अनंत चतुर्थी तक चलता है। चतुर्दशी को अनंत चतुर्दशी और गणपति विसर्जन का पर्व मनाया जाता है। अनंत चतुर्दशी का दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है और गणपति बप्पा की पूजा आरती होती है। यह दिन गणपति बप्पा के भक्तों के लिए महत्वपूर्ण दिन होता है। भक्त ढोल नगाड़े के साथ बप्पा की विदाई करते हैं और चारों तरफ गणपति बप्पा मोरया की अवाज गूंजती है। भक्त बप्पा से अगले बरस आने की प्रार्थना करते हैं और उन्हें जल में प्रवाहित किया जाता है।

मान्यता है कि गणपति महाराज अपने भक्तों के कष्ट को दूर करते है और उनके जीवन मे सुख समृद्धि लाते है। गणेश जी की प्रथम पूज्य देवता के रूप में जाना जाता है। किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले गणेश जी की पूजा अर्चना की जाती है। ताकि किसी भी तरह का विघ्न दूर हो जाये। गणेशजी की प्रतिमा को जब बाहर ले जाया जाता है तो वे अपने साथ नकारात्मक शक्तियों और बाधाओं को भी ले जाते हैं। आपके जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। विसर्जन के लिए वृंदावन धाम जाकर गणेश जी महाराज को विसर्जित करके गंगा स्नान कर प्रसाद वितरण किया जाता है। इस मौके पर कैलाश सोनी, विकास पंवार, सुनील, दीपक सोनी, विक्की सोनी, ,कोकी सोनी, संजय शर्मा, नितिन सोनी, केशव सोनी आदि मौजूद रहे।

# केंद्रीय पशु पालन, डेयरी व मत्स्य पालन मंत्री ने कामधेनु योग साधना केंद्र का किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**



केंद्रीय पशु पालन,डेयरी व मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला रविवार को कामधेनु आरोग्य संस्थान गोशाला में ने लोगों को संबोधित करते हुए।

**केंद्रीय** पशु पालन, डेयरी व मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने कहा है कि जब हम अपने बच्चों को होस्टल में रखने के लिए अच्छा हॉस्टल देखते है उन पर पैसा खर्चते है तो हम गाय को हॉस्टल में क्यों नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि हर नगर के बाहर गाय का हॉस्टल बनायें। इन होस्टल में खर्चा देकर कोई भी अपनी गाय को रख सकता है व उसका दूध ले सकता है। इस से उनको शुद्ध दूध मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे गोशाला के लिए दान की जरूरत नही होगी। केंद्रीय पशु पालन, डेयरी व मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला रविवार को बिस्सर अकबरपुर तावडू में वार्षिकोत्सव व कामधेनु योग साधना केंद्र के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे

इस मौके पर आशीर्वचन श्रद्धेय आचार्य ठाकुर संजीव कृष्ण प्रसिद्ध कथाकार, वृन्दावन, अध्यक्ष विजय देव, आईएएस, मुख्य सचिव, दिल्ली, प्रमुख वक्ता शंकर लाल संरक्षक गोसेवा विभाग एवं अखिल भारतीय कार्यकारणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सान्निध्य , वेद प्रताप वैदिक , प्रसिद्ध लेखक, विचारक एवं पूर्व निदेशक, पीटीआई, डॉ.एसके मित्तल क्षेत्रीय अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य जीवजन्तु कल्याण बोर्ड भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री ने गो पूजन व गोधाम का निरीक्षण भी किया संस्थान के संस्थापक डॉ एस. पी. गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, संस्थान मे किए जा रहे कार्यो के बारे मे सभी अतिथियों को जानकारी दी एवं सभी का परिचय करवाते हुए सभी का गोधाम के कार्यक्रम मे आने के लिए धन्यवाद किया केंद्रीय मंत्री रुपाला ने डॉ एसपी गुप्ता एवं शशि गुप्ता द्वारा लिखी पुस्तक पंचगव्य अनमोल वरदान का विमोचन किया।

ठाकुर संजीव ने कामधेनु आरोग्य संस्थान मे डॉ एसपी गुप्ता एवं शशि गुप्ता जी द्वारा की जा रही गौ माता की सेवा की प्रसंशा की एवं कहा कि गाय माता को बचाने मे इनका अनुभव एवं मार्गदर्शन सभी गो भक्तों सहायता करता है। मैं भगवान से इनकी लम्बी आयु की प्रार्थना करता हूँ कि ये हमेशा ऐसे ही सभी का मार्गदर्शन करते रहे

कामधेनु संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती शशि गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। बताया कि सभी अतिथियों ने हमारे कार्यक्रम की गरिमा बढाई उसके लिए कामधेनु गोधाम एवं आरोग्य संस्थान की ओर से सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्थान की सोहना के विधायक संजय सिंह, उपाध्यक्ष उषा गर्ग, दिल्ली से, टेकचन्द सैनी, अश्वनी भारद्वाज, अशोक बंसल (सोहना), अनुपम गुप्ता (गुरुग्राम), अनूप गुप्ता, योगेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता सी.ए., महावीर सिंह (हायतपुर), अनिल कुमार (बिस्सर), जसवीर एवं एलेना निश्चल जी, ब्रिजेश कुमार, दीपक जैन, पायल गुप्ता, डिंपल गुप्ता, गुरुग्राम से डॉ गौतम देव सूध एवं डॉ शैली सूध, दिनेश अग्रवाल, संजय बंसल एवं कौशल्या देवी, सचिन देओल, संदीप कुडु ग्रेटर नोएडा से, नवीन झा, तावडू से पवन गुप्ता, आदर्श गर्ग, धर्मवीर गर्ग सहित क्षेत्रीय गांवों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

**न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश सख्यां-1 कामाँ ( भरतपुर )**

***अनीता बर्गे** बनाम **श्यामलाल बर्गे***

वाद आवक दावा विभाजन व स्थायी निषेधाज्ञा बावत श्यामलाल शर्मा -98 कृषिकिश जाति ब्राह्मण हाल निवासी मकान न. 567 सेक्टर-22 एनआईटी फरीदाबाद।

चूंकि वादी अनीता बर्गे के आपके विरूद्ध विभाजन व स्थायी निषेधाज्ञा अस्थिति किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 23/09/21 सुबह 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या ऐसे फ्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश किए गए हों और जो इस वाद सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके ऐसा कोई व्यक्ति जो सबका उत्तर दे सके। आपके निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन आपकी प्रतिरक्षा लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें और जिन पर आपकी प्रतिरक्षा मुजराई दावा या प्रतिरक्षा आधारित है और या आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे व आपके कब्जे या शक्ति में हो या अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपवद्ध किए जाने वाली सूची प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। दिनांक 17 माह 9 सन 21 को मेरे हस्ताक्षर की मुद्रा से जारी किया है।

**अति. मुख्य न्यायिक रजिस्ट्रेट, संख्या-01 कामाँ ( भरतपुर ) राज.**

**सार्वजनिक सूचना**

नगरपालिका, शाहाबाद मारकंडा में गृहकर शाखा के वर्ष 2021 2022 के बिल छपवाने, बंटवाने व डिमांड रजिस्टर से संबंधित कार्य करवाया जाना है। इसके साथ-साथ वर्ष 2020-2021 में प्राप्त किये गये गृहकर की जी8 की पोस्टिंग की जानी है। अत: इच्छुक ठेकेदार जो उपरोक्त कार्य वर्क ऑर्डर प्राप्ति के बाद, एक सप्ताह के अंदर-अंदर कार्य समाप्त करने का इच्छुक है, वह अपनी सील बंद कोटेशन तीन दिन के अंदर-अंदर नगरपालिका कार्यालय में जमा करवा सकता है, यदि कार्य में कोई कमी पायी जाती है तो नगरपालिका दिये गये ऑर्डर को रद्द कर सकती है, बाकि शर्तो के बारे में नगरपालिका कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सचिव नगरपालिका, शाहबाद मारकंडा

**मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

**कासिम खान**
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## महत्वपूर्ण भूमिका
### केरल में प्रभावशाली चर्च

**केरल** में प्रभावशाली चर्च ने उन तत्वों के खिलाफ कदम उठाते हुए महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है जो केरल की जनता में 'विभाजन' पैदा करना चाहते हैं। पाला डायोसीज़ के बिशप मार जोसेफ कलारंगट द्वारा किए आश्चर्यजनक खुलासे के बाद केरल में सांप्रदायिक घृणा फैलाने के प्रयासों की असलियत सामने आ गई है। बिशप कलारंगट कुरलाविलंगडू के प्राचीन मार्थ मरियम चर्च में एक धार्मिक आयोजन में एकत्र हजारों कैथोलिक भक्तों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि खतरनाक 'लव जिहाद' तथा 'नारकोटिक्स जिहाद' किस प्रकार ईसाई समुदाय को अपूरणीय नुकसान पहुंचा रहे हैं। बिशप ने कहा कि इन दोनों परिघटनाओं के चलते अनेकानेक कंजरवेटिव कैथोलिकों समेत अनेक ईसाई लड़कियां पिछले कुछ सालों में इन जिहादों की शिकार हो गई हैं। इनके माध्यम से आक्रामक कार्रवाई के तरीके को बताते हुए अध्यात्मिक गुरु ने कहा कि एक खास धर्म के कुछ तत्व खुलेआम गैर-विश्वासियों को अपने धर्म में शामिल कर भारत में खलीफा स्थापित करना चाहते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है, जब किसी ईसाई धार्मिक गुरु की ओर से इस प्रकार का बयान आया हो। राज्य में ईसाई समुदाय राज्य प्रशासन के खिलाफ संघर्ष के रास्ते पर है। इसका कारण यह है कि पुलिस तथा कानून लागू करने वाली अन्य एजेंसियां उन मामलों में लापरवाही भरा दृष्टिकोण अपनाती हैं जहां ईसाई समुदाय की लड़कियों को उपरोक्त दोनों प्रकार के 'जिहाद' से निशाना बनाया जाता है। इनके माध्यम से प्रभावित लड़कियों को बाद में अवैध मानव तस्करी के माध्यम से पश्चिम एशियाई देशों



में भेज दिया जाता है।

केरल भर में ईसाइयों ने ऐसे अनेक मामलों के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी पीड़ा प्रकट की है जिसे मुख्यधारा मीडिया व उदारवादियों द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। इस पर मीडिया व उदारवादियों द्वारा 'संघ परिवार का एजेंडा' होने का आरोप लगा दिया जाता है जिसका उद्देश्य कथित रूप से ईसाइयों व मुसलमानों में विभाजन पैदा करना है। जहां मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने 'नारकोटिक्स जिहाद' के बारे में जानकारी न होने का बहाना बनाया है, वहीं विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने चेतावनी दी है कि बिशप गैर-जिम्मेदाराना बयान देने से बचें। लेकिन बिशप कलारंगट का समर्थन चंगनासेरी के बिशप तथा इरिनजालकुडा डायोसीज़ ने किया है। उन्होंने ईसाई समुदाय को प्रभावित करने वाली इन परिघटनाओं पर चिन्ता प्रकट की है। बिशपों के बयान से ठीक पहले केरल कैथोलिक बिशप कौंसिल ने एक बयान जारी कर राज्य में परिवार नियोजन व विस्थापन के कारण ईसाइयों की घटती संख्या पर चिन्ता प्रकट की थी। चर्च ने ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले परिवारों को अनेक प्रोत्साहनों की घोषणा भी की है जिनमें वित्तीय प्रोत्साहन समेत शिक्षा भत्ते शामिल हैं। केरल को सांप्रदायिक सद्भाव के लिए जाना जाता है अत: वहां तुष्टीकरण व वोटबैंक राजनीति को कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए। केरल में अधिकांश नशा-उन्मूलन केन्द्र चर्च प्रबंधन के अंतर्गत काम करते हैं और वे नशे के शिकार हो चुके लोगों की संख्या पर नजर रखते हैं। ऐसे में बिशपों द्वारा 'लव जिहाद' तथा 'नार्कोटिक्स जिहाद' के आरोप मजबूत तथ्यों पर आधारित हैं और राज्य प्रशासन को उनके बयानों पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

# आत्मनिर्भर भारत निर्माण में विज्ञान की भूमिका

कृषि से कृत्रिम बुद्धि तक भारतीय विज्ञान ने पिछले एक साल में तेजी से प्रगति करते हुए अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान किया है।



बीजू धर्मपालन



कपिल के त्रिपाठी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान ने देश के विज्ञान परिदृश्य में असाधारण परिवर्तन किया है। सार्वजनिक क्षेत्र शोध संस्थानों के वैज्ञानिकों ने इस आह्वान का अनुसरण करते हुए मिशन मोड में अनेक परियोजनायें शुरू की हैं ताकि शोध एवं खोज के परिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया जा सके। पिछले एक साल में कृषि से लेकर कृत्रिम बुद्धि तक भारतीय विज्ञान ने महत्वपूर्ण प्रगति प्रदर्शित की है। वैज्ञानिक अनेक महान खोजों के साथ सामने आए हैं जो पश्चिमी दुनिया के किसी देश से प्रतियोगिता कर सकती हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी शोध की व्यापकता व गुणवत्ता ने प्रशंसनीय काम किया है। भारत डीएनए-आधारित कोरोनावायरस वैक्सीन बनाने वाला पहला देश बन गया है। विज्ञान की स्वीकार्यता जनता तक पहुंचने से ही होती है। शोध आधारित जानकारियां जनता को संप्रेषित करने के लिए हमारे देश के राष्ट्रीय विज्ञान चैनल-इंडिया साइंस चैनल ने जनवरी, 2021 से 'आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान' श्रेणी में लघु फिल्मों की एक श्रृंखला तैयार की है। यह एक ओटीटी प्लेटफार्म है। अधिकतम दर्शकों तक पहुंचने के लिए कार्यक्रमों का प्रसारण हिंदी व अंग्रेजी में होता है। महामारी के दौरान चैनल ने हमारी शोध प्रयोगशालाओं से सामने आ रहे कोविड शोध के बारे में सूचना प्रसारित करने हेतु अनेक कार्यक्रम तैयार किए। कोविड 19 से निपटने में मास्क, डायग्नोस्टिक किटों, वेंटीलेटरों, स्वदेशी कोविड-19 वैक्सीन, आक्सीजन सप्लाई के लिए भारत का संघर्ष, वैक्सीन बनाने में भारत का संघर्ष, सार्स-कोव 2 म्यूटेशनों का रहस्य, गतिशील हस्तक्षेपों से कोविड-19 के खिलाफ संघर्ष तथा कोविड-19 वैक्सीन व भविष्य का रास्ता जैसे कार्यक्रम बनाए गए जिसमें घातक बीमारी से संघर्ष के हमारे प्रयास रेखांकित किए गए थे।

भारत ने जेनेटिक शोध व बायोटेक्नोलोजी क्षेत्र में शानदार प्रगति की है। बायोटेक्नोलोजी विभाग ने मिशन मोड में काम करते हुए एक रोडमैप तैयार किया है। इससे उसने कैंसर तथा मधुमेह जैसी अनुवांशिक बीमारियों के डेटाबेस तैयार करने के साथ कोविड-19 जैसे वायरसों की सीक्वेंसिंग की है। 'भारत का जीनोमिक मिशन' एपीसोड में नेशनल सेंटर फार माइक्रोबियल रिसोर्स-एनसीएमआर के योगदान उजागर किए गए हैं जो नेशनल सेंटर फार सेल साइंस, पुणे का एक हिस्सा है। इस प्रयास में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस में सेंटर फार ब्रेन रिसर्च तथा हैदराबाद का सेंटर फार डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक्स शामिल हैं।

इस एपीसोड में कुछ प्रमुख फ्लैगशिप कार्यक्रमों का विवरण दिया गया है। भारत को जीनोमिक शोध के क्षेत्र में नेतृत्व देने के लिए जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट, ह्यूमन माइक्रोबायोम इनीशियेटिव व नेशनल जीनोमिक कोर जैसे जीनोमिक शोध कार्यक्रम बनाए गए हैं। वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर ऊर्जा के विकास के असाधारण प्रयास हुए हैं। 'सौर ऊर्जा' पर एपीसोड में वह विज्ञान प्रदर्शित है जिसने स्वदेशी फोटोवोल्टिक सेल व सोलर पैनल बनाने में योगदान किया है। जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटाने के लिए सरकार ने ई-मोबिलिटी परियोजना शुरू की है। 'गोइंग एलेक्ट्रिक' में भारत में बिजली वाहनों में परिवर्तन को गतिशील बनाने का प्रयास किया गया है। इस महत्वपूर्ण प्रयास से पर्यावरण व अर्थव्यवस्था, दोनों को लाभ होगा। भारत सरकार ने भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में बायोईंधनों के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देकर आयात घटाने की बहुआयामी रणनीति बनाई है। इसमें पेट्रोलियम में एथेनाल को 20 प्रतिशत तथा डीजल में पांच प्रतिशत मिला कर बायोडीजल बनाया जाता है। बायोईंधन का स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक पहलें की गई हैं। 'इंडियाज़ पुश फार ग्रीनर एंड क्लीनर फ्यूल' फिल्म में बायोडीजल उत्पादन में सीएसआईआर-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के योगदान रेखांकित हुए हैं। पशुपालन समेत कृषि हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। इसकी उत्पादकता बढ़ाने के अनेक प्रयास हुए हैं। 'तिलहन उत्पादन में वृद्धि','ट्रांसफार्मिंग लाइव्स थ्रू टेंपरेट एग्रीकल्चर', 'द फ्रेगरेंस इकोनोमी', 'द कैटल फैक्टर', 'हाई एल्टीट्यूट एनीमल हस्बैंड्री', 'कोल्डवाटर फिशरी इन कश्मीर', 'इंडियाज़ मिल्क स्टोरी', आदि कार्यक्रमों का प्रसारण चैनल पर हुआ है जिससे पता चलता है कि विज्ञान ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कैसे परिवर्तन कर रहा है। देश दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। 'एसिस्टिव डिवाइसेज़ फार डिसेबल्ड' एपीसोड में बताया गया है कि तकनीक से तैयार उपकरणों से दिव्यांग लोगों की सहायता की जा सकती है और वे जीवन में आने वाली कुछ बाधायें दूर कर सकते हैं। भारत की शहरी जनसंख्या में तेजी से वृद्धि के कारण देश को बड़ी पर्यावरण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें रोज कचरा निस्तारण भी शामिल है। कचरे का न केवल हमारे स्वास्थ्य व देश की अर्थव्यवस्था, बल्कि पूरे परिस्थितिकी तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। 'इंडियाज़ सालिड वेस्ट मैनेजमेंट स्ट्रेटिजी' फिल्म से ठोस कचरा प्रबंधन-एसडब्लूएम में खोजी तकनीकों का पता चलता है जिनका प्रयोग अनेक नगर निगम स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कर रहे हैं। भारत में मोबाइल का प्रयोग बढ़ रहा है। 2023 तक हमारी जनसंख्या के 55 प्रतिशत से अधिक लोग न केवल एक मोबाइल फोन, बल्कि स्मार्टफोन का प्रयोग कर रहे होंगे। लेकिन समस्या यह है कि लोग अपनी स्मार्टफोन आवश्यकता पूरी करने के लिए भारतीय के बजाय आयातित फोनों व सहायक उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। 'भारतीय मोबाइल फोन क्षेत्र' एपीसोड में बताया गया है कि भारत इस क्षेत्र में अपनी उत्पादन क्षमता कैसे बढ़ा रहा है। भारतीयों ने ढांचागत विकास क्षेत्र, खासकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सड़कों, पुलों व सुरंगों के निर्माण में उल्लेखनीय उल्लेखनीय योगदान किया है। ये काम देश के विकास, वृद्धि, सुरक्षा तथा इसे आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत जरूरी हैं। 'सेला टनल परियोजना-असंभव को संभव बनाना' एपीसोड में दर्शक बालीपारा-चारद्वार तवांग रोड या बीसीटी बनते देख सकते हैं जो तिब्बत व चीन के दुर्गम सीमान्त क्षेत्रों को जोड़ती है। इस एपीसोड में सेला सुरंग परियोजना का भी विवरण है जिसे 13,000 फीट की ऊंचाई पर खोदा और बनाया गया था। इससे राष्ट्रनिर्माण में सीमा सड़क संगठन के योगदान का पता चलता है।

समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए बच्चों में विज्ञान का प्रचार बहुत जरूरी है। बच्चों में विज्ञान शिक्षा प्रोत्साहित करने में खिलौनों का प्रयोग उत्कृष्ट शिक्षण माडल के रूप में किया जा सकता है, लेकिन दुर्भाग्य से हमारे अधिकांश वैज्ञानिक खिलौने आयातित हैं। 'खेल के माध्यम से विज्ञान' एपीसोड में स्वदेशी खिलौना बनाने वाले उद्योगों, जैसे स्टीमरोबो व स्मार्टीविअी को उजागर किया गया है। विज्ञन का भविष्य कृत्रिम बुद्धि-एआई तकनीक से जुड़ा है जो हमारे समाज को बदलने जा रही है। एपीसोड 'भारत में रोबोटिक्स' में इस क्षेत्र में भारत द्वारा की गई प्रगति बताई गई है। अहमदाबाद की ग्रिडबोट व केरल की असीमोव टेक जैसी स्टार्टअप कंपनियों के योगदान की चर्चा इस एपीसोड में है। देश ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। इंडिया साइंस चैनल वैज्ञानिक सूचनाओं के प्रसार में अग्रणी भूमिका अदा करते हुए वैज्ञानिकों व समाज के बीच काम सेतु की तरह काम कर रहा है। थोड़े ही समय में यह चैनल अकादमिक समाज तथा आम लोगों के लिए भी विश्वसनीय वैज्ञानिक विषयवस्तु का सर्वाधिक वांछित साधन बन गया है। विज्ञान को ज्यादा लोकप्रिय बनाने के लिए यह चैनल सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का भी प्रभावी प्रयोग कर रहा है।

# अंत में जीत तो खेल की ही हुई!



विजय लोकपाली

(लेखक खेल पत्रकार हैं)

क्रिकेट एक अद्भुत, भारतीय खेल है और इस बिंदु को विराट कोहली और उनकी महत्वाकांक्षी टीम ने एक रोमांचक गर्मी के मौसम में अच्छी तरह से प्रमाणित करने में भूमिका अदा की। अंग्रेजी टीम उस सामान की प्रशंसा करने के लिए आई थी जो भारत ने जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के साथ शुरू होने वाले चरण के दौरान उत्पादित किया था और पांचवां और अंतिम टेस्ट कोविड संक्रमण के भय के कारण रद्द होने के साथ ओल्ड ट्रैफर्ड में समाप्त हुआ था। भारत ने सीरीज में 2-1 से बढ़त बनाई।

जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने खुलासा किया कि भारतीय टीम खेलने के लिए अनिच्छुक थी, तो वह और कुछ नहीं केवल खिलाड़ियों के समर्थन की पुष्टि कर रहा था। निस्संदेह खिलाड़ियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोपरि है लेकिन निर्णय इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के साथ नहीं गया, जिसने इस बात पर जोर दिया कि मैच को भारत द्वारा जब्त माना जाए और परिणाम श्रृंखला टाई करने के लिए उनके पक्ष में जाना चाहिए। यह मामला अधर में लटका हुआ है क्योंकि मामला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पास है, जो ईसीबी द्वारा उन्हें मैच देने के दावे के बाद है।

आयोजन स्थलों पर उमड़ी भीड़ ने किराया चिह्नित किया। टेस्ट क्रिकेट अपने शानदार प्रदर्शन पर था और यह सिर्फ प्रशासकों और प्रसारकों को खुश रखने के लिए एक विज्ञापन था। क्रिकेट मनोरंजक था। इंग्लैंड के दिग्गज जेम्स एंडरसन और भारतीय बल्लेबाजी की क्रीम के बीच शाही लड़ाई को खेल की लोककथाओं में क्लासिक के रूप में रैंक करना चाहिए। यह लुभावनी और कुछ आकर्षक प्रतियोगिताओं की यादें थीं, जिनमें भारत और इंग्लैंड को बंद कर दिया गया है, विशेष रूप से 1971 में द ओवल में 1971 की थ्रिलर जब भारत ने लेग स्पिनर बीएस चंद्रशेखर के हड़ताली प्रहारों के बल पर इंग्लैंड पर अपनी पहली जीत दर्ज की।

2021 श्रृंखला को लंबे समय में सबसे अधिक प्रतीक्षित के रूप में पेश किया गया था क्योंकि इसमें खेल के कुछ आधुनिक महान खिलाड़ी-एंडरसन और विराट कोहली शामिल थे- जो रूट और जसप्रीत बुमराह जैसे आकर्षक व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता का स्पर्श लेकर आए थे। रूट अनुकरणीय थे और बुमराह कई बार अजेय थे, जिन्होंने अंतिम युग में बेंचमार्क स्थापित किया। रूट और बुमराह के बीच उत्कृष्टता की डिग्री का अनुमान लगाना कठिन था। एंडरसन ने कोहली के साथ अपनी व्यक्तिगत लड़ाई जीती, लेकिन बाद में शीर्ष पर आ गए क्योंकि उन्होंने भारत को दो टेस्ट मैच जीतने के लिए शानदार प्रदर्शन में जीत दिलाई। भारत से परे कुछ भी नहीं था क्योंकि टीम ने एक बार फिर खुद को एक उत्साही संयोजन के रूप में स्थापित किया। भारत के लिए, मिले सबक प्रचुर मात्रा में थे। सलामी बल्लेबाज के रूप में केएल राहुल के उदय का जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ था, जो बड़ी प्रगति करने और रोहित शर्मा के रूप में वापसी का वादा करता है। दोनों ने एक-एक शतक लगाया और महत्वपूर्ण रूप से चयनकर्ताओं को अपने निवेश का आश्वासन दिया। चेतेश्वर पुजारा के अपनी क्षमताओं के साथ पकड़ में आने के साथ, भारत को घरेलू टीम की तुलना में अधिक हावी सत्रों का आनंद लेने के लिए उपयुक्त समय पर फायदा हुआ।



यह सच है कि इंग्लैंड ने दौरा करने वाली टीम के लिए एक शर्मनाक पारी की हार में हेडिंग्ले में भारत को अपने पैरों पर खड़ा कर दिया, लेकिन जो मैच सामने आया उसने देखा कि भारत ने लॉर्ड्स में एक शाही प्रतियोगिता जीती। क्रिकेट के घर में राहुल ने शानदार शतक जड़ा और मोहम्मद सिराज ने दो पारियों में चार-चार विकेट के अविस्मरणीय स्पैल बनाए। भारत ने मोहम्मद शमी और बुमराह के बीच 89 रनों के अंतिम विकेट के लिए एक उल्लेखनीय लड़ाई लड़ी।

इस जोड़ी ने मैच के अंतिम दिन टीम के दृढ़ता पर प्रकाश डाला क्योंकि इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक कमांडिंग स्थिति में करने के बाद दम तोड़ दिया।

द ओवल में चौथे टेस्ट के महत्वपूर्ण चरणों में शार्दुल ठाकुर के दो अर्धशतकों ने टीम को तेज गेंदबाजों के सौजन्य से शॉट लगाने के लिए मजबूती की स्थिति में पहुंचा दिया। इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट में एक बार भी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को नहीं खेलने के लिए आलोचना की गई, कोहली चार तेज गेंदबाजों को खेलने के अपने फैसले के लिए खड़े रहे। उन्होंने उसे निराश नहीं किया और यह अंतिम टेस्ट के लिए नीचे था। अफसोस की बात है कि परिस्थितियों ने कहर बरपाया और मैच को रद्द करना पड़ा। यह एक अभूतपूर्व प्रघटना थी और दोनों बोर्डों द्वारा एक-दूसरे की प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने के लिए अपने प्रशंसित स्वस्थ जुड़ाव से दूर जाने की रिपोर्टें सामने आईं। सुनील गावस्कर के एक अनुस्मारक ने इंग्लैंड द्वारा 2008 में मुंबई आतंकवादी हमले से रुके हुए दौरे को पूरा करने के लिए लौटने पर इंग्लैंड के इशारे की यादों को फिर से ताजा कर दिया। भारत के पूर्व कप्तान चाहते हैं कि भारत अगले साल खेलने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करके रद्द किया गया टेस्ट खेलकर एहसान वापस करे।

इन कठिन समय में, खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में सोचना महत्वपूर्ण है, जिन्हें अंतिम टेस्ट खेलने के लिए मना करने का निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया गया था। उनके संक्रमित होने की आशंका वाजिब थी और इस तरह का रुख अपनाने के लिए मजबूर होने वाले भारतीय अकेले नहीं थे। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका के अपने दौरे को स्थगित करना उन प्रमुख मुकाबलों में से एक था जो आगे बढ़ने में विफल रहे।

लंबे समय तक क्वारंटाइन में रहने का असर सभी खिलाड़ियों पर पड़ा है। इंडियन प्रीमियर लीग 2021 ने दुबई में होने वाली प्रतियोगिता से काफी खिलाड़ियों को हटते देखा है। और कोहली ने इस साल विश्व कप के बाद टी 20 कप्तानी छोड़ने का फैसला करते हुए क्रिकेट को महामारी में बदल दिया - यह बहुत सटीक है।

## आप की बात

### समग्र शिक्षा महत्वपूर्ण

**विद्यालयों** में सिर्फ किताबें पढ़ाना ही नहीं बल्कि बच्चों को सिखाना अधिक महत्वपूर्ण होता है। अधिकांश सरकारी स्कूलों में यह चुनौती बहुत बड़ी है जो अनेक कमियों का शिकार हैं। उनको सीखने वाले स्कूलों में बदलना है। इसके लिए उनको एक सक्रिय, सतर्क व सचेतन कार्यसंस्कृति में बदलने की आवश्यकता है। शिक्षकों तथा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों को अतिरिक्त प्रयास कर इन परिवर्तनों को संस्थागत कामकाज का हिस्सा बनाना होगा। यह श्री अरविंद के शिक्षा सिद्धान्त को समाहित करने के लिए जरूरी है जिन्होंने कहा था कि 'कुछ भी पढ़ाया नहीं जा सकता है।' इसे स्वामी विवेकानन्द द्वारा व्यक्त शाश्वत सत्य के साथ मिलाना होगा कि 'शिक्षा मनुष्य में पहले से विद्यमान परिपूर्णता की अभिव्यक्ति है। भारतीय दर्शन पूर्णत: व्यावहारिक रूप से सीखने की ओर निर्देशित है जिसे गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बहुत खूबसूरती से परिभाषित किया है। उनके अनुसार, 'हर बच्चे को अपने जन्म के समय दो वरदान मिलते हैं- विचारों की शक्ति और कल्पना की शक्ति। इसी आधार पर आगे बढ़ते हुए स्कूलों में समग्र शिक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

- **सुनील रावत**, कानपुर

### अंत्योदय से सर्वोदय

**भारत** में अंत्योदय से सर्वोदय की बात हमारे नेतागण करते हैं। आजादी के लिये प्राणार्पण करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भी यही इच्छा थी कि देश के लोगों को अपराधमुक्त, भयमुक्त और अन्यायमुक्त वातावरण मिले। अंत्योदय के प्रणेता पं. दीन दयाल उपाध्याय भी समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता सबसे पहले पहुंचाने के पक्षधर थे। सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिये बहुत सारी जान कल्याणकारी योजनाएं बनाई। जिनका लाभ लोगों तक पहुचा। किसानों और महिलाओं के कल्याण के लिये योजनाएं बनाकर लागू की गईं। समाज को भयमुक्त और मूलभूत सुविधाओं सड़क ,पानी, बिजली, कृषि के लिये ऋण उपलब्ध कराने का कार्य सरकारो ने किया। उप्र में सरकार ने कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये जीरो टॉलरेंस नीति से अपराधियों पर सख्त कार्रवाई कर भय मुक्त समाज बनाने की कोशिश किया। सरकार बराबर कोशिश समाज और प्रदेश के विकास के लिये कर रही है। लेकिन प्रशासन सरकार की मंशा के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन नही कर रहा है। अभी भी समाज में ग्रामीण क्षेत्रो में लोग हैं। जिनके पास राशन कार्ड नही,आवास नही,जल ,सफाई के नाम पर खिलवाड़ हो रहा है।

- **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### तालिबान का रवैया

**आज,** कतर और पाकिस्तान जैसे विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से, तालिबान संदेश भेज रहा है कि अगर दुनिया नहीं चाहती कि अफगानिस्तान आतंकी केंद्र बन जाए तो बातचीत और जुड़ाव शुरू होना चाहिए। इस तरह के बयान निश्चित रूप से अनुरोध के रूप में नहीं हैं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों में घुसपैठ के छिपे मकसद से मान्यता और वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए सामरिक ब्लैकमेल की राशि नहीं है। पाकिस्तान के उदाहरण ने साबित कर दिया है कि वित्तीय प्रवाह अभिनेताओं (राज्य और गैर-राज्य दोनों) को दूर नहीं करता है, जिससे जिहाद जैसे उनके भयावह एजेंडे में मदद मिलती है। भेड़िये को भेड़ के कपड़े पहनने की जरूरत महसूस होती है। दुनिया जिस दुविधा का सामना कर रही है, वह यह है कि तालिबान ने अवैध रूप से और जबरन इस क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है, और एक वैध वारिस के रूप में कार्य करने के लिए, उसे खुद को एक कानूनी इकाई के रूप में सारी दुनिया के सामने पेश करना होगा।

- **सलीम अख्तर**, लखनऊ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

## फरमाया



**भारतीय** संविधान में 127 बार संशोधन किया गया है, तो कृषि कानूनों को खत्म करने के लिए इसे एक बार फिर क्यों नहीं संशोधित किया जा सकता है?

- **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब

**यदि** अफगानिस्तान में एक व्यापक सरकार नहीं बनती है, तो पाकिस्तान और ईरान को किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक नुकसान होगा।

- **इब्राहीम रैसी**
ईरान के राष्ट्रपति





**हम** भारत को उभरती हुई प्रौद्योगिकी में हिस्सेदार बनाने की दिशा में नवीन भावना पैदा करने के लिए अपने स्टार्ट-अप और उद्यमियों को एक साथ ला सकते हैं।

- **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने हरविंदर सिंह को किया सम्मानित

## कैथल के तीरंदाज ने पैरा ओलंपिक में जीता था कांस्य पदक



कैथल के खिलाड़ी को सम्मानित करते हुए उपराष्ट्रपति एवं अन्य।

### हरविंदर सिंह ने हरियाणा सरकार का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**पैरा** ओलंपिक में पदक विजेता हरविंदर सिंह ने हरियाणा सरकार का आभार जताते हुए कहा कि मेडल जीतने की खुशी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। सरकार द्वारा जो मान-सम्मान खिलाड़ियों को दिया जा रहा है, यह काफी उत्साहित व गर्व के लायक है। तीरंदाजी में पैरा ओलंपिक में यह देश को पहला पदक है।

इसके पीछे कई सालों की कड़ी मेहनत है। खिलाड़ियों को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए और पूरी मेहनत करनी चाहिए। इस सफलता में कोच और स्वजनों का पूर्ण सहयोग रहा है।

### 2.5 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया

हरविंदर सिंह गुरुग्राम में सरकार द्वारा आयोजित किये गये टोक्यो पैरालंपिक खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू थे। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल व खेल राज्य मंत्री संदीप सिंह भी मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने हरविंदर सिंह को हरियाणा सरकार की तरफ से दिये जाने 2.5 करोड़ रुपये का चेक भेंट किया। बता दें कि हरियाणा सरकार द्वारा हरविंदर सिंह को कांस्य पदक जीतने पर ढाई करोड़ व सरकारी नौकरी दी जाएगी।

## 152 जगहों पर लगाई कोरोना की वैक्सीन

**भिवानी।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण को रफ्तार दी गई है। जिला में कोरोना से बचाव के लिए सात लाख 57 हजार 934 लोगों को वैक्सीन लगाने का टारगेट निर्धारित किया गया है। निर्धारित टारगेट को जल्द पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 19 सितंबर को जिलेभर में 152 जगह पर लोगों को वैक्सीन लगाई गई। सिविल सर्जन डाक्टर रघुबीर शांडिल्य ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में सात लाख 57 हजार 934 लोगों को वैक्सीन लगाने का टारगेट निर्धारित किया गया है।

# बच्चों में शिक्षा के प्रति बेहतर रुचि बनाएं: विधायक घनश्याम सर्राफ

## आत्मनिर्भर भारत निर्माण में नई शिक्षा नीति होगी महत्वपूर्ण : तावड़े

**सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शंकर धूपड़ ने की।**

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**वैश्य** महाविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा नई शिक्षा नीति, आत्म निर्भर भारत के तहत राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा हरियाणा प्रदेश प्रभारी विनोद कुमार तावड़े एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा पहुंचे। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शंकर धूपड़ ने की।

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि प्राथमिक कक्षाओं में मातृभाषा के माध्यम से हम बच्चों में शिक्षा के प्रति बेहतर रूचि बना सकते हैं। इसलिए मातृभाषा को नई शिक्षा नीति के तहत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। राज्य स्तरीय सेमिनार को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत मातृभाषा में शिक्षा देने, शकील एजुकेशन पर जोर देने, उच्च शिक्षा में विज्ञान, कला व वाणिज्य संकाय की शिक्षा समांतर रूप से करवाएं जाने संबंधी महत्वपूर्ण बिंदु शामिल किए गए हैं।

नई शिक्षा नीति देश के युवाओं को सक्षम, ज्ञानी, दक्ष व आत्मविश्वासी बनाने में उपयोगी साबित होगी। नई शिक्षा नीति के तहत पूरी दुनिया में मान्य प्रणाली को स्थान दिया गया हैं, ताकि दुनिया के किसी भी हिस्से में जाने पर भारतीय विद्यार्थी ज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको कमजोर महसूस ना करें। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने में नई शिक्षा नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने कहा कि 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन कार्यक्रमों के तहत देश भर में सेमिनार, संगोष्ठियों का आयोजन, नई शिक्षा नीति के प्रचार-प्रसार के लिए किया जा रहा है।

# हलके के प्रत्येक नागरिक की समस्या का होगा समाधान: विधायक



लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुभाष सुधा।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर हल्के के प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान किया जाएगा। सरकार आमजन की हर समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

थानेसर हल्के में किसी भी नागरिक को कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी। सरकार का मकसद है कि हर जरूरतमंद को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य किए जा रहे है। विधायक सुभाष सुधा रविवार को सेक्टर-7 निवास कार्यालय पर आमजन की समस्याओं को सुनने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने आमजन की समस्याओं को सुना। अधिकारियों को तुरंत इन समस्याओं का समाधान करने के निर्देश भी दिए। विधायक सुभाष सुधा के समक्ष लोगों द्वारा बिजली, जन स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, नगर परिषद हुडा सहित अन्य विभागों की समस्याओं को रखा। इन सभी समस्याओं को विधायक ने गम्भीरता के साथ सुना और समाधान के लिए दूरभाष पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता के आधार पर निपटान करना सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### खाटू श्याम के मधुर भजनों से बांधा समां



**कुरुक्षेत्र।** खाटूश्याम के प्रचार-प्रसार को समर्पित संस्था खाटूश्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा ज्योति नगर में 325वां श्रीश्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। प्रधान जयपाल शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के पूजन में सभी सदस्यों व आयोजक बालकृष्ण छाबड़ा परिवार ने भाग लिया। गणेश वंदना से आरंभ हुए इस संकीर्तन में कैथल के गायक बहादुर सैनी ने श्यामजी के मधुर भजनों से समां बांधा। श्याम आरती में जयपाल शर्मा, शिवकुमार कौशिक, मोहिंदर पाल गर्ग, वाचस्पति भारद्वाज, शालीन अग्रवाल, कुलदीप शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ खुशबीर शर्मा, सुनील अंगीरस, रविंदर शर्मा, अंशुल गुप्ता, संजय शर्मा, राजिंदर सिंगला, संजीव मित्तल, संदीप राणा, सतपाल नारंग, श्याम लाल सिंगला, राकेश कुमार, लोकेश शर्मा, डॉ कृष्ण कुमार व सुखदेव शर्मा सहित महिलाएं भी शामिल रहीं।

### आदेश के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में हुई 675 की जांच



**कुरुक्षेत्र।** रविवार को आदेश अस्पताल व मेडिकल कॉलेज मोहड़ी की ओर से अंबाला के गुरूद्वारा श्रीपंजोखरा साहिब में लगाए गए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 675 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। दवाईयां भी नि:शुल्क वितरित की गई। कैंप की शुरूआत एसजीपीसी सदस्य हरपाल सिंह पाली ने की। हरपाल सिंह पाली ने कैंप के आयोजन के लिए सभी चिकित्सकों और आदेश ग्रुप के चेयरमेन डा. एचएस गिल का आभार व्यक्त किया। ये जानकारी देते हुए प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने बताया कि इस कैंप में आदेश के अनुभवी 15 चिकित्सकों की टीम ने रोगियों की जांच की है। डा. गुणतास सिंह गिल, डा. तरविन्द्रजीत सिंह, डा. सरबजीत सिंह, डा. सुरजीत दास, सुनील कुमार, डा. पीसी प्रिंस, डा. विनित पंचाल, अवतार सिंह, डा. कविता, डा. रीतू, रवि कुमार ने हृदय रोगियों, जर्नल मैडिसन, जर्नल सर्जरी, हड्डी रोगियों, आंख रोग, कान-नाक व गले के रोगियों, त्वचा एवं चमड़ी रोग, दांत के रोगियों की जांच की। कैंप में आने वाले रोगियों को रोगों के कारण व उनके उपचार के बारे में भी बताया गया। वहीं ईसीजी, बीपी व शुगर की जांचें नि:शुल्क की गई। प्रबंधक हरिओम गुप्ता ने कैंप में भरपूर सहयोग के लिए गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी व सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मैनेजर नरिन्द्र सिंह, केहर सिंह, गुरप्रीत सिंह, बलविंद्र सिंह, हरसिमरण सिंह मौजूद रहे।

### सालाना गतिविधियों का वार्षिक कैलेंडर होगा जारी

**कुरुक्षेत्र।** श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा की सालाना गतिविधियों का ब्यौरा एवं रोजाना चलाए जाने वाले सेवा कार्यों का शेड्यूल एक वार्षिक कैलेंडर में नजर आएगा। यह वार्षिक कैलेंडर जल्द जारी होगा। रविवार को रेणुका सदन के कांफ्रेंस रूम में आयोजित एक बैठक में 25 साल बाद आयोजित किए गए वामन द्वादशी मेले के आयोजन में सहयोगी संस्थाओं का आभार जताया गया। भविष्य की योजनाओं का रोडमैप तैयार किया गया। बैठक की अध्यक्षता श्रभ्ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के मुख्य सलाहाकार एवं केडीबी के पूर्व मैंबर जयनारायण शर्मा ने की। इस बैठक में सभा के प्रधान पंडित पवन शास्त्री, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान श्याम तिवारी, नितिन भारद्वाज लाली, सदस्य कार्यकारिणी एवं केडीबी मैंबर राजेश शांडिल्य, विजय अत्री, बृज मोहन शर्मा, पवन शर्मा लीला, राज कुमार व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### अग्रसेन जयंती समारोह की तैयारियां शुरू



**भिवानी।** श्रीअग्रवाल महिला मंडल ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराज अग्रसेन जयंती समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जयंती समारोह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की तैयारियों की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक निजी रेस्तरां में श्रीअग्रवाल महिला मंडल की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष सीमा बंसल ने करते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हर घर में महाराज अग्रसेन की मान्यता हो तथा अग्रवंशी के कुलदेवता अग्रसेन महाराज की हर घर में पूजा की जाए। इसी उद्देश्य को लेकर अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि अग्रसेन जयंती समारोह एक से छह अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस दौरान छह दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से तीन अक्टूबर को राजपूत धर्मशाला में महाराजा अग्रसेन अग्र-मंगलपाठ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रीपीठ महालक्ष्मी धाम चिड़ावा के पीठाधीश एवं दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित वाणीभूषण प्रभुशरण तिवाड़ी अग्र-मंगलपाठ करेंगे।

# अक्टूबर माह खुंब उत्पादन का सही समय



गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**चौधरी** चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय के कुरुक्षेत्र स्थित कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा पांच दिवसीय खुंब उत्पादन पर व्यवसायिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

एक प्रशिक्षण शिविर सामान्य वर्ग व दो प्रशिक्षण अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आयोजित किए गए। यह शिविर डॉ. फतेह सिंह व डॉ अश्वनी कुमार ने आयोजित किए। जिसमें 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इसमें कृषि विज्ञान केंद्र अंबाला व कृषि विज्ञान केंद्र करनाल के विभागों के अधिकारियों ने अपने विचार साझा किए। केंद्र के वरिष्ठ समन्वयक डा. प्रद्युमन भटनागर ने कहा कि अक्टूबर खुंब उत्पादन का सही समय है।

इस काम को बेरोजगार, भूमिहीन व महिलाएं भी बहुत कम लागत में शुरू कर सकते हैं। खुंब एक शाकाहारी खाद्य पदार्थ है। जिसमें प्रोटीन, विटामिन व खनिज लवण भरपूर मात्रा में व्यवस्था पाई जाती है। हरियाणा में खुंब उगाने का सही समय अक्टूबर से फरवरी तक है। 100 किट तैयार कंपोस्ट से लगभग 90 हजार से एक लाख तक का लाभ कमाया जा सकता है।

## बच्ची को इंसाफ दिलाने को तालमेल कमेटी बनाई

**कुरुक्षेत्र।** पिछड़ा वर्ग धर्मशाला के प्रतिनिधियों की एक मीटिंग प्रजापति धर्मशाला में दर्शन लाल लाडवा की अध्यक्षता में हुई।

मीटिंग में ओमपाल कश्यप, प्रधान कश्यप धर्मशाला, मोहन सिंह, उपप्रधान प्रजापति धर्मशाला, ओमप्रकाश बैरागी धर्मशाला, पवन कुमार प्रधान सैन धर्मशाला, रमेश पाल प्रधान पाल समाज धर्मशाला, रामकुमार प्रधान मेढ़ क्षत्रिय सभा, वीरभान उपप्रधान मेढ़ क्षत्रिय सभा, हरिराम पांचाल प्रतिनिधि पांचाल सभा, विनोद कुमार, सहसचिव नामदेव मंदिर सभा, संजीव कुमार, सुरेंद्र सिंह, सूखा सारसा, हरिचंद जांगड़ा कैथल, करतार यादव कैथल, सतपाल पधाना, सतीश सिरोहा सहित कई पिछड़ा वर्ग प्रतिनिधि मौजूद रहे। मीटिंग में प्रजापति सभा के नवनियुक्त प्रधान ने पानीपत जिला के उरलाना गांव में कुम्हार समाज की पांचवी कक्षा की छात्रा के साथ अमानवीय ज्यादती की घटना पिछड़ा वर्ग प्रतिनिधियों के सामने रखी। पिछड़ा वर्ग प्रतिनिधियों ने पिछड़ा वर्ग की बच्ची को इंसाफ दिलाने के लिए एक तालमेल कमेटी बनाने का ऐलान किया।

# राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त कवियों ने बिखेरी काव्य खुशबू

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



कविता की प्रस्तुति देते कवि

**सैनिकों** के शौर्य पर न कोई प्रश्नचिन्ह, यदि ठाने शत्रु को ये जड़ से उखाड़ देते हैं, कोई दो-दो हाथ करना भी यदि चाहता तो, एक बार में ही भूमि पे पछाड़ देते है... जैसी देशभक्ति से ओत प्रोत व बेहतरीन रचनाओं के द्वारा हरियाणा कला परिषद् के कलाकीर्ति भवन में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कवि मनवीर मधुर ने वीरों को नमन किया।

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में पूर्व नप अध्यक्षा उमा सुधा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मबीर मिजार्पुर तथा जजपा के युवा जिलाअध्यक्ष जसविंद्र खैरा की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर मारकंडा नेशनल कॉलेज के प्राचार्य अशोक चौधरी, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रजनीश गुप्ता, प्रसिद्ध कलाकार वीपी वर्मा ने भी कवि सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। मंच संचालन विकास शर्मा व सम्मेलन का संचालन गायत्री कौशल के द्वारा किया गया। हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन ने सभी अतिथियों तथा आमंत्रित कवियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि मनवीर मधुर ने वीर रस से भरा काव्य पाठ कर देशभक्ति का परिचय दिया। वहीं कवि डा. राजीव बटिया ने भी भारत मां के टुकड़े करके तुमको चैन नहीं आया, दोनों हाथ कटा कर मां के तुमको चैन नहीं आया, लूटपाट हत्याएं करा के तुमको चैन नहीं आया, बसे बसाए घर उजाड़ कर तुमको चैन नहीं आया, सारा हिन्दुस्तान जला कर तुमको चैन नहीं आया, तो सुनो तुम्हारी मनमानी को और नहीं चलने देंगे, कसम राम की भारत को अब और नहीं बंटने देंगे... जैसी ओजपूर्ण कविताओं के माध्यम से मां भारती के चरणों में वंदना की। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि बलवान सिंह, नरेश सागवाल, धर्मपाल गुगलानी, सीमा काम्बोज, मनीश डोगरा, उपेंद्र सहित श्रोता उपस्थित रहे।

### खेत में बने मकान से चोरों ने किए लाखों के आभूषण चोरी

**भिवानी।** बीती रात गांव लक्ष्मणपुरा के खेत में बने एक मकान से अज्ञात चोरों ने एक लाख 30 हजार रुपये नगदी सहित लाखों रुपये के सोने के आभूषण चोरी कर लिए जिसकी शिकायत पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। गांव लक्ष्मणपुरा निवासी सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शनिवार-रविवार की रात वह अपने खेतों में बने मकान में बच्चों सहित सो रहा था। रात्रि में करीबन दो बजकर 30 मिनट पर उसकी पत्नी सुनीता को बर्तनों की आवाज सुनाई दी तो उसकी पत्नी ने सतपाल को जगाया। तत्पश्चात कमरे के अंदर जाकर देखा तो दरवाजे खुले हुए थे। कमरे में रखा सामान लोहे की अलमारी, बक्सा सभी सामान बिखरा हुआ पड़ा था। उन्होंने अलमारी में देखा तो अलमारी में रखे एक लाख 30 हजार रुपये गायब थे।




## तनिष्क ने हरियाणा के पलवल में किया अपने नए स्टोर का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल।

**भारत** के सबसे विश्वसनीय और सबसे प्रतिष्ठित ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क ने हरियाणा के पलवल में नया स्टोर शुरू किया है। दोपहर 12 बजे तनिष्क के रीजनल बिजनेस मैनेजर मुनीश चावला ने तनिष्क की एचआर हेड-नॉर्थ सुश्री समीरा शेख और असोसिएट पार्टनर अमित पाहवा की उपस्थिति में नए स्टोर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर तनिष्क के एरिया बिजनेस मैनेजर हरीश नायर ने बताया, सबसे बढ़िया डिजाइन्स के साथ-साथ खरीदारी का अतुलनीय अनुभव चाहने वाले कई ग्राहकों के लिए पलवल में हमारे नए स्टोर के शुभारंभ की घोषणा करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। इस तनिष्क स्टोर में हम ग्राहकों को वैश्विक स्तर के वातावरण के साथ ऐसा आदर्श मंच प्रदान करना चाहते हैं जो उनके लिए यकीनन यादगार बनेगा। पलवल में नया तनिष्क स्टोर 2500 स्क्वायर फीट की जगह पर फैला हुआ है। जीटी रोड, नंबर 6458, आगरा चौक, पलवल, हरियाणा में स्थित इस स्टोर में सोने, हीरों, सॉलिटेयर्स और प्लैटिनम से बने 1500 से ज्यादा डिजाइन्स मुहैया किए गए हैं। हरियाणवी दुल्हन के लिए खास तौर पर बनाए गए शानदार आभूषण रिवाह बाय तनिष्क वेडिंग ज्वेलरी कलेक्शन में खरीदे जा सकते हैं। साथ ही लिटिल बिग मोमेंट्स, एकत्वम, आरंभ, गुलनाज, स्वयम, शुभम आदि तनिष्क के अनूठे कलेक्शन्स भी यह उपलब्ध हैं। तनिष्क का हर एक आभूषण अपने आप में सुंदर कलाकारी और बेहतरीन रचना अनुभूति का शानदार नमूना होता है।

तनिष्क में हर व्यक्ति के लिए और हर मौके के लिए आभूषण हैं। अलग-अलग ग्राहकों की अलग-अलग पसंद और जरूरतों के अनुसार शानदार ज्वेलरी डिजाइन्स यहां उपलब्ध कराये गए हैं। स्टोर में गोल्ड स्टैंडर्ड सुरक्षा नियमों और रिमोट बिक्री विकल्पों का पालन करते हुए हम हमारे सभी ग्राहकों को सुरक्षित और सुविधाजनक खरीदारी का अनुभव प्रदान करते हैं।

## शोभा यात्रा के साथ हुई गणेश प्रतिमा विसर्जित

**सोनीपत।** दस दिवसीय श्रीगणेश महोत्सव के रविवार को समापन अवसर पर मिशन चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा हवन-यज्ञ के साथ पूजा पाठ करने के बाद शोभा यात्रा निकाली गई।

जिसमें श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरिया अगले वर्ष जल्दी आना के जयकारों के साथ झूमते नजर आए। इस दौरान शोभा यात्रा में मनमोहक झांकियां सजाई गई। मंदिर समिति सदस्यों द्वारा शोभा यात्रा रोहतक रोड से होते हुए यमुना नदी के पुल पर पहुंची। जहां पर श्रद्धालुओं ने बड़ी ही श्रद्धा के साथ गणेशजी की प्रतिमा का यमुना नदी में विसर्जन किया। शनिवार रात को प्राचीन शिव मंदिर की ओर से जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान एक छह वर्षीय बच्ची ने भगवान शिव शंकर के भजनों पर बहुत ही सुन्दर नृत्य किया। जिस देखकर उपस्थित सभी ने तालियों का गड़गड़ाहट से नन्हीं बच्ची का हौंसला बढ़ाया। शोभा यात्रा से पहले मंदिर के सामने हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

# जगदाले हेल्थकेयर ने बताए बच्चों में मुलमिना के इम्यून बूस्टिंग लाभ

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

**जगदाले** इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के एक डिविजन, जगदाले हेल्थकेयर ने हाल ही में अपने लोकप्रिय स्वास्थ्य पेय मुलमिना पर एक नैदानिक अध्ययन के परिणामों की घोषणा की। बच्चों सहित सभी आयु समूहों के लिए उपभोग के लिए उपयुक्त, मुलमिना प्राकृतिक सुपरफूड से बना है। टेट्रा पैक में इम्यून बूस्टर, एंटी-ऑक्सीडेंट रेडी-टू-ड्रिंक है। शोध ने साबित किया कि पेय के अंतर्निहित प्रतिरक्षा-बढ़ाने वाले गुण इसे अन्य स्वास्थ्य पेय पदार्थों से बेहतर विकल्प बनाते हैं। जगदाले इंडस्ट्रीज, इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, राजेश जगदाले ने कहा, हम विश्व स्तर के वैज्ञानिक रूप से शोध किए गए उत्पाद उपलब्ध कराने में विश्वास करते हैं, जो चिकित्सकीय रूप से सिद्ध हो और लोगों की सामान्य जीवन शैली के अनुकूल हो। सच्चे ज्ञान को सभी के लाभ के लिए साझा किया जाना चाहिए।

चल रही महामारी के मद्देनजर, अधिक से अधिक लोग निवारक स्वास्थ्य के लिए बेहतर उपायों की तलाश कर रहे हैं। कोविड मामलों की वैश्विक वृद्धि के साथ, दुनिया भर में स्वास्थ्य सेवा कंपनियां बीमारी के लिए एक व्यवहार्य निवारक और उपचारात्मक विकल्प तलाश रही हैं। दुर्भाग्य से, कई माता-पिता अपने बच्चों को कोरोनो वायरस के संपर्क में लाने के बारे में चिंतित हैं। उन्होंने अपने बच्चों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल प्रोटोकॉल में देरी की है या उन्हें संक्रमण के प्रति संवेदनशील बना दिया है। आम के संयोजन में हल्दी, गोटू कुला जैसी आयुर्वेदिक दवाओं का अच्छी तरह से अध्ययन किया गया है, अब चिकित्सकीय रूप से सिद्ध हो चुका है कि 7-14 वर्ष के बीच के बच्चों में प्रतिरक्षा बढ़ाने में एक निश्चित भूमिका होती है। मैलिज हॉस्पिटल, बेंगलुरू के कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन, डॉ. सौम्या नागार्जन ने कहा, यह अध्ययन साबित करता है कि आम, गोटू कुला और हल्दी के संयोजन में आवश्यक विटामिन और खनिजों के साथ जब श्वसन पथ के संक्रमण वाले चुनिंदा रोगियों में एंटीबायोटिक दवाओं के साथ प्रयोग किया गया है, तो नियमित अंतराल पर रक्त विश्लेषण से साबित होता है कि प्रतिरक्षा और एंटीऑक्सीडेंट स्तर में वृद्धि हुई है। यह आगे के अध्ययनों को दिशा प्रदान करेगा कि कैसे न्यूट्रास्युटिकल उत्पाद चिकित्सा में सहायक के रूप में कार्य कर सकते हैं।

### जगदाले हेल्थकेयर ने चिकित्सकीय अध्ययन परिणामों की घोषणा की

मानक उपचार प्रोटोकॉल के साथ मुलमिना मैंगो (आम, गोटू कुला / सेंटेला एशियाटिक और हल्दी का संयोजन) के साथ प्रबंधित श्वसन संक्रमण वाले बच्चों पर एक जाने-माने चिकित्सा संस्थान और अनुसंधान केंद्र में किए गए नैदानिक अध्ययनों ने 14 और 28 दिनों की अवधि में मार्कर और इम्यून मार्कर एंटी-ऑक्सीडेंट में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है।

# कोर कमेटी की बैठक में एक भी किसान भाग लेने के लिए नहीं पहुंचा

## सिंघु बॉर्डर पर रास्ते बंद होने के चलते कुंडली, राई, एचएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र को नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**मुरथल** विश्वविद्यालय में रविवार को हरियाणा गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एक भी किसान भाग लेने के लिए नहीं पहुंचा। प्रशासन ने बैठक के बाद कहा कि जल्द ही दूसरी बैठक की जाएगी और कोशिश करेंगे उसमें किसान शामिल हो।

बैठक में सोनीपत और झज्जर के डिप्टी कमिश्नर, रोहतक मंडलायुक्त पंकज यादव के अतिरिक्त औद्योगिक यूनियन के अध्यक्ष भी बैठक में मौजूद रहे। सोनीपत के दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय मुरथल में रविवार को हरियाणा के गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में हाई पावर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। सरकार की गठित इस हाई पावर कोर कमेटी की बैठक तय शैड्यूल के अनुसार हुई। इसमें सोनीपत जिले की राई कुंडली और गन्नौर औद्योगिक क्षेत्रों से यूनियन के अध्यक्ष मौके पर पहुंचे। बैठक में प्रशासन द्वारा 43 किसान नेताओं को बुलाया गया था, लेकिन एक भी किसान इस बैठक में शामिल नहीं हुआ। बैठक में मौजूद राई औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष राकेश देवगन, कुंडली औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष नीरज चौधरी और गन्नौर एचएसआईडीसी के अध्यक्ष शमशेर शर्मा ने बताया कि कुंडली सिंघु बॉर्डर पर रास्ते बंद होने के चलते यहां जो औधोगिक क्षेत्र है उसको बहुत अधिक नुकसान हो रहा है। प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि एक तरफ का रास्ता जरूर खुलना चाहिए, जब तक रास्ता नहीं खुलता है जो अन्य रोड है उनको मरम्मत कर सही किया जाए, ताकि आने-जाने के रास्ते कुछ सुगम हो सके। उनका कहना है कि सरकार द्वारा गठित की गई हाई पावर कमेटी द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही जनहित को ध्यान में रखते हुए एक तरफ का रास्ता खुलवाया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर सोनीपत के कुंडली सिंघु बॉर्डर पर धरनारत किसानों से एक तरफ का रास्ता खुलवाने के सरकार के प्रयासों को झटका लगा। संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से एक भी किसान इस बैठक में शामिल नहीं हुआ। बैठक में प्रशासन द्वारा जनहित के मुद्दे पर सरकार का सहयोग करने और दोबारा से बैठक आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। सुप्रीम कोर्ट में 20 सितंबर को जवाब दाखिल करना है।



मुरथल विवि. में कोर कमेटी के बैठक में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

### उद्योगपतियों ने की समस्याओं के समाधान की मांग

**बैठक** में शामिल औद्योगिक इकाइयों के पदाधिकारियों ने विशेष रूप से उन्हें हो रही समस्याओं के समाधान की मांग की। उद्योगपति धीरज चौधरी ने कहा कि जिला में मध्यम तथा छोटी-बड़ी करीब पांच हजार औद्योगिक इकाइयां हैं, जिनमें साढ़े चार लाख से अधिक श्रमिक कार्यरत हैं। पहले कोविड-19 और अब किसान आंदोलन ने औद्योगिक इकाइयों को ठप्प सा कर दिया है। यहां की इकाइयों को वार्षिक टर्न ओवर औसतन एक करोड़ से 100 करोड़ रुपये है। लेकिन मार्ग अवरूद्ध होने के चलते इकाइयों का उत्पादन करीब तीस प्रतिशत घट गया है। औद्योगिक इकाइयों के विस्तार की सोच भी नहीं सकते। यदि किसानों के मौलिक अधिकार हैं तो हमारे भी तो मौलिक अधिकार हैं, परंतु हमारे मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है। एमएसएमई देश की रीढ़ है और सोनीपत एमएसएमई का एक बड़ा हब है। परंतु इस समस्या के चलते औद्योगिक इकाइयों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मांग की कि समस्या का हल जल्द निकाला जाए। उद्योगपति राकेश छाबड़ा ने कहा कि आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक व शारीरिक तनाव भी झेलने को विवश होना पड़ रहा है। मनोज अरोड़ा ने ऋण लेकर औद्योगिक इकाई के विस्तार की योजना पर विराम लगने संबंधी समस्या प्रस्तुत की।

### जिला प्रशासन का जताया विशेष आभार

**बैठक** के दौरान उद्योगपतियों ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उद्योगपतियों के अनुसार प्रशासन ने उन्हें हर प्रकार से सहयोग, सुविधा तथा सुरक्षा प्रदान की है। जिससे औद्योगिक इकाइयों को संजीवनी मिली है। जिला उपायुक्त नियमित रूप से उद्योगपतियों तथा श्रमिकों और क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों से संपर्क बनाए हुए हैं। रेजीडेंट वैल्फेयर एसोसिएशनों के साथ भी उपायुक्त ने लगातार बैठक की है। सबकी समस्याओं के समाधान की दिशा में उन्होंने प्रभावी प्रयास किए हैं। उद्योगपतियों ने कहा कि उन्हें पूर्ण भरोसा है कि प्रशासन उनकी मार्ग खुलवाने संबंधी समस्याओं को दूर करेगा।

# शहर के चार सेक्टरों के विकास पर हुडा की तरफ से खर्च किया जाएगा 273 लाख का बजट : विधायक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



### विधायक सुभाष सुधा ने विकास कार्यों के लिए टेंडर लगाने के दिए आदेश

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि शहर के चार सेक्टरों में हुडा विभाग की तरफ से 273 लाख रुपये का बजट खर्च किया जाएगा। इन विकास कार्यो के लिए हुडा के अधिकारियों को टेंडर जारी करने के आदेश दिए गए है। इस राशि से सेक्टर 30, 29, 10 व 17 में विकास कार्य किए जाने है। विधायक सुभाष सुधा रविवार को सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर बातचीत कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने हुडा के कार्यकारी अभियंता योगेश कुमार व एसडीओ, जेई सहित अन्य अधिकारियों से सेक्टरों के विकास कार्यो को लेकर चर्चा की और शीघ्र अति शीघ्र विकास कार्य शुरु करने के आदेश भी दिए।

विधायक ने अधिकारियों से चर्चा करने के उपरांत कहा कि सेक्टर 29 व सेक्टर 30 के बीच 45 मीटर सडक़ की विशेष मुरम्मत की जाएगी। इस कार्य पर करीब 64.40 लाख रुपए की राशि खर्च करने का अनुमानित बजट तय किया है। सेक्टर 30 में 18 मीटर व 24 मीटर सडक़ों की विशेष मुरम्मत की जाएगी। इस बार टेंडर में इन सडक़ों की एक साल की टुटने की जिम्मेवारी और तीन साल देखरेख और मुरम्मत करने की शर्तो को शामिल किया जाएगा। इस कार्य पर 85 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी।उन्होंने कहा कि सेक्टर 10 में 18 मीटर व 10 मीटर सडक़ों का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस बार टेंडर में इन सडक़ों की एक साल की टुटने की जिम्मेवारी और तीन साल देखरेख और मुरम्मत करने की शर्तो को शामिल किया जाएगा।

इन कार्यो पर करीब 50 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। सेक्टर 17 में हुडा विभाग की तरफ से सेंटर प्लाजा वाले क्षेत्र में सडक़ों की विशेष मुरम्मत करने के साथ साथ अन्य सडक़ों पर काम किया जाएगा। इस कार्य पर हुडा की तरफ से 73.10 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साहिल सुधा व विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

### 7947 परीक्षार्थियों ने दी महिला सिपाही पद की परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** महिला सिपाही पद के लिए रविवार को सुबह और सायं के सत्र में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। डीईओ अरुण आश्री ने कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को सुबह के सत्र में 16600 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसमें से 7947 परीक्षार्थियों ने यह परीक्षा दी है और 8653 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे है। उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए सरकार की हिदायतों के अनुसार तमाम सुविधाओं का प्रबंध किया गया है ताकि परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके अलावा परीक्षा को शांति पूर्ण सम्पन्न करवाने तथा नकल रहित सम्पन्न करवाने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैं तो नाचूं अपने श्याम बिहारी संग, भजन पर झूमे श्रद्धालु



**कुरुक्षेत्र।** विवेकानंद कालोनी में स्थित श्रीराधा रमन बिहारी मंदिर के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस मौके पर श्रीखाटू श्याम परिवार ट्रस्ट की ओर से आयोजित भजन संकीर्तन में हरियाणा के विख्यात गायक बाबा श्याम के परम भगत सुभाष सांवरिया ने मैं तो नाचूं अपने श्याम बिहारी संग भजन पर ऐसा समय बांधा कि हर श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गया। मंदिर परिसर में पूजन के उपरांत श्रीखाटू श्याम परिवार ट्रस्ट की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर के पुजारी राजेश कौशिक ने बताया कि मंदिर के स्थापना दिवस पर विवेकानंद कालोनी वासियों ने जहां उत्साह के साथ सहयोग किया। वहीं दूर दूर से श्रद्धालु भी पहुंचे। उन्होंने बताया कि मंदिर के स्थापना दिवस समारोह में खादी ग्रामोद्योग संघ मिर्जापुर नरड़ के सचिव सतपाल सैनी एवं खाटू श्याम परिवार ट्रस्ट के जयपाल शर्मा ने विशेष सहयोग दिया है।

### प्रशासन करवाएं धान मिलों की फिजिकल वेरीफिकेशन

**करनाल।** नई अनाजमंडी-तरावड़ी अनाजमंडी में धान की वैरायटी 1509 खरीद में भारी अनिमितताएं पाए जाने के बाद प्रशासन को मिलों की फिजिकल वेरीफिकेशन करवानी चाहिए ताकि पता चल सके कि जो धान 1509 इन मिलों में पहुंचा हैं। उसकी खरीद मंडियों से पारदर्शी तरीके से हुई या नहीं। बजीदा रोड के आसपास स्थित दो राइस मिलों पर आरोप लगे हैं कि इन मिलों में कच्ची पर्चियों पर खरीदा गया धान पहुंचा हैं। मार्केटिंग बोर्ड द्वारा धान खरीदी में हुई अनियमितताओं की जांच की जा रही है। हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड द्वारा धान खरीद में हुई अनियमितताओं के आरोप में करनाल व तरावड़ी मंडी के सचिवों को सस्पेंड किया जा चुका है। फिलहाल प्रदेश सरकार मंडियों में धान खरीद सुचारु रुप से चलें, इसको लेकर गंभीरता के साथ काम कर रही है।

### गिरधर हॉस्पिटल मामले में डॉक्टरों पर किया केस दर्ज

**सोनीपत।** शहर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में महिला को डिलीवरी कराने के दौरान रक्त की कमी की वजह से उसकी मौत हो गई थी। शनिवार को परिजनों ने लापरवाही करने वाले डॉक्टरों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ सख्त पुलिस कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम सरकारी हस्पताल में बोर्ड के माध्यम से करवाया। सोनीपत के सेक्टर-12 की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले प्रिंस कुमार की पत्नी दीपाली को शुक्रवार सुबह प्रसव के लिए गिरधर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दोपहर में दीपाली ने बच्ची को जन्म दिया। उसके कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसे रक्तस्राव हो गया। चिकित्सकों ने तत्काल दो यूनिट ब्लड लाने को उनको एक निजी अस्पताल में भेज दिया। जब तक वह ब्लड लेकर आए दीपाली की मौत हो गई थी। इस मामले में शनिवार को परिजनों ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर लापरवाह डॉक्टरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। परिजनों ने इस मामले में लापरवाही करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाने की भी मांग की है।पुलिस ने भी अब इस मामले को गंभीरता से लेना शुरू कर दिया है। पीड़ित परिवार द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर सेक्टर-27 पुलिस थाना में केस भी दर्ज कर लिया है। मृतक महिला का सोनीपत सरकारी अस्पताल में बोर्ड के माध्यम पोस्टमार्टम से करवाने के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि जो भी जांच में दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# विधायक रामकरण ने सुनी किसानों की समस्याएं

### आईएएस विनय प्रताप ने किसान समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



किसानों की समस्याएं सुनते विधायक रामकरण काला।

**शाहबाद** के विधायक एवं शुगर फेड के चेयरमैन रामकरण काला की अध्यक्षता में रविवार को मार्केट कमेटी शाहबाद के कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मार्केट कमेटी शाहबाद के सचिव कृष्ण कुमार मलिक, मंडी प्रधान सर्वजीत सिंह सहित सैंकड़ों किसानों ने भाग लिया। इस बैठक में विधायक रामकरण काला ने आगामी धान खरीद सीजन को लेकर किसानों के साथ विचार-विमर्श किया और उनकी परेशानियों को भी जाना। विधायक रामकरण काला ने किसानों की समस्याओं को लेकर सीए मार्केटिंग बोर्ड विनय प्रताप आईएएस से दूरभाष पर बातचीत की। किसानों की समस्याओं से अवगत करवाया। आईएएस विनय प्रताप ने विधायक को आश्वासन दिया कि किसानों की सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और किसी भी किसान को धान खरीद सीजन के दौरान कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान मौके पर उपस्थित सभी किसानों ने विधायक रामकरण काला का समस्याओं का समाधान करवाने के लिए धन्यावाद भी किया।

# बाबा श्रीचंद ने लोभ, अहंकार व निंदा से बचने का दिया संदेश: खैहरा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



### बाबा श्रीचंद का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया

डेरा उदासीन में बाबा श्रीचंद का जन्म दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अखंड पाठ के भोग डाले गए। बाबा श्रीचंद जी के आगे अरदास की गई।

कार्यक्रम में भाग ले रहे जजपा के युवा जिला अध्यक्ष व शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने कहा कि बाबा श्रीचंद ने सम्पूर्ण मानव जाति को लोभ, अंहकार व निंदा से बचने का संदेश देकर सम्पूर्ण मानव जाति व विश्व का कल्याण किया है। उन्होंने कहा कि बाबा श्रीचंद के उपदेशों को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए, ताकि हम सदमार्ग पर चल सकें और संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में आयोजक महंत तरण दास व महंत दीपक ने डॉ. खैहरा को शॉल भेंट का आशीर्वाद दिया।

### एक व्यक्ति की कोविड रिपोर्ट आई पॉजिटिव

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. संत लाल वर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में कोरोना मरीजों का रिकवरी रेट काफी अच्छे स्तर पर है और अब तक कुरुक्षेत्र में 4 लाख 95 हजार 456 लोगों की कोविड रिपोर्ट नेगटिव आ चुकी है। कुरुक्षेत्र में अब तक 21772 कोविड मरीज ठीक होकर घर जा चुके है और कुरुक्षेत्र में कोविड पॉजिटिव 3 मरीज एक्टिव है। सीएमओ डा. संत लाल वर्मा ने कहा कि अभी तक लिए गए 518721 में से 495456 सैंपलों की रिपोर्ट नेगटिव आ चुकी है। इस जिले में पॉजिटिव केसों की रिकवरी में लगातार सुधार हो रहा है। जिले का रिकवरी रेट 98.38 पर है और सैंपल पॉजिटिव रेट घटकर 4.28 पर पहुंच गया है।

# आर्ट आफ लिविंग संस्था ने धूमधाम से किया गणेश विसर्जन

पीएल वर्मा। कैथल



समारोह में भाग लेते हुए संस्था के सदस्य।

श्रीश्री रविशंकर द्वारा संचालित संस्था आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा भगवान श्रीगणेश-प्रतिमा के विसर्जन समारोह शुभारंभ आचार्या अल्पना मित्तल एवं आचार्या सोनिया मिगलानी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन संग गणेश वंदना वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ निर्विघ्नं कुरु में देव सर्वकार्येषु सर्वदा के पश्चात् गुरुपूजा के साथ किया गया।

जानकारी देते हुए आचार्या डॉक्टर सीमा भटनागर ने बताया कि वेदविज्ञान महाविद्यापीठ, कपिस्थल आश्रम, कैथल में आचार्या अल्पना मित्तल एवं आचार्या सोनिया मिगलानी के पावन सानिध्य में विधिपूर्वक सम्पन्न इस श्रीगणेश-प्रतिमा विसर्जन समारोह में भक्तों ने उचित शारीरिक दूरी नियमों का पालन करते हुए शुद्ध मंत्रोचारण के बीच बेहद सात्विक वातावरण में गणेशजी की अराधना करते हुए सर्वविघ्नहर्ता भगवान गणेशजी के प्रति अपनी कृतज्ञता की व्यक्त की। आचार्या अल्पना मित्तल ने बताया कि इस पावन कार्यक्रम में भाग लेने से साधक जिस सकारात्मक ऊर्जा तथा प्राणशक्ति से ओतप्रोत होंगे। श्रीगणेशजी के चरणों में समर्पित दिव्य भजन संध्या में डॉक्टर विकास भटनागर, डॉक्टर सीमा भटनागर, सोनिया मिगलानी तथा शेफाली खुराना द्वारा श्रीगणेश-अराधना सम्बन्धी गाये गये विविधतापूर्ण भजनों की अनूठी श्रृंखला पूर्ण हुई।

इस दौरान सभी साधकों ने अलौलिक आनन्द की दिव्य अनुभूति अर्जित की। तत्पश्चात् भगवान श्रीगणेश-प्रतिमा का कपिस्थल आश्रम के चारों ओर परिक्रमा के पश्चात् विधिवत रूप में नहर में विसर्जन किया गया। इस सम्पूर्ण आयोजन की सफलता तय करने में अल्पना मित्तल, डॉक्टर विकास भटनागर, डॉक्टर सीमा भटनागर, सुनील खुराना, सोनिया मिगलानी, भारत खुराना, सूरजभान शांडिल्य, पीयूष हसीजा, गीता खुराना, गुलाब, कृष्ण मिगलानी, डॉक्टर राजेश सीकरी, भारती गुप्ता तथा कमल कान्त गांधी आदि स्वयंसेवकों ने सराहनीय योगदान प्रदान किया।

# चेतावनी: छह अक्टूबर तक बहाली नहीं तो करेंगे भूख हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**अपनी** बहाली की मांग को लेकर लगभग दो वर्षों से धरने पर बैठे बर्खास्त पीटीआई को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गत वर्ष छह अक्टूबर को बहाली का आश्वासन देते हुए कहा था कि पीटीआई के घरों का चूल्हा नहीं बुझने दिया जाएगा। लेकिन प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अपने किए वायदे को भूलने के बाद 1983 परिवारों का चूल्हा बुझने के साथ-साथ अब वे भूखमरी की कगार पर पहुंच चुके हैं।

ये बातें बर्खास्त पीटीआई के धरने को संबोधित करते हुए हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष दिलबाग जांगड़ा ने कहीं। रविवार को बर्खास्त पीटीआई का धरना 461वें दिन भी जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए दिलबाग जांगड़ा ने कहा कि प्रदेश के मुखिया के आश्वासन को एक वर्ष बीतने को है, लेकिन अब तक बर्खास्त पीटीआई की बहाली की ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की इस वादा खिलाफी के विरोध में बर्खास्त पीटीआई के सब्र का बांध अब टूटने लगा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि छह अक्टूबर से पहले बर्खास्त पीटीआई की बहाली नहीं हुई तो छह अक्टूबर से विरोध स्वरूप बर्खास्त पीटीआई प्रदेश भर में भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

### कैथल के तीन साहित्यकार हुए चरखी दादरी में सम्मानित

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल से जुड़े तीन साहित्यकारों, प्रोफेसर अमृत लाल मदान, डॉ हरीश झंडई और राजेश भारती को प्रदेश की चरखी दादरी की साहित्यिक संस्था निर्मला स्मृति साहित्यिक समिति द्वारा सम्मानित किया गया। समिति द्वारा आज ऑन लाइन आयोजित कार्यक्रम हिंदी उत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह-2021 में प्रोफेसर अमृत लाल मदान को निर्मला स्मृति हिंदी साहित्य शिरोमणि सम्मान से, डॉ ए. हरीश झंडई को निर्मला स्मृति हिंदी साहित्य रत्न सम्मान से और राजेश भारती को निर्मला स्मृति हिंदी साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कैथल से एक साथ तीन साहित्यकारों के सम्मानित होने से साहित्य क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

# पर्यावरण संरक्षण में सबकी सहभागिता अनिवार्य: तावड़े

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी।



**हमें** महामारी एवं त्रासदियों से बचना है तो हमें प्रकृति से मैत्रीपूर्ण भाव रखना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण समय की जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण में सबकी सहभागिता अनिवार्य है। ये विचार भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में पौधारोपण के अवसर पर कहे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण में विश्वविद्यालयों की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल की अगुवाई एवं कुलसचिव डाक्टर जितेन्द्र भारद्वाज के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सतत् संयमित उपभोग अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों को इस प्रकार के सामाजिक अभियान चलाकर संसाधनों के सदुपयोग को लेकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पूर्णतया भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों पर आधारित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियांवयन में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं सभी शिक्षण संस्थानों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। हम सबको बौद्धिक योद्धा के रूप में कार्य करना होगा। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने भी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित अभियान को जरूरत बताया।

# उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

## महिला सिपाही पद की परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों पर किए गए हैं कड़े सुरक्षा प्रबंध

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



### अधिकारियों को दिए परीक्षा केन्द्रों पर सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश

उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए सरकार की हिदायतों के अनुसार तमाम सुविधाओं का प्रबंध किया गया है ताकि परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके अलावा परीक्षा को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने तथा नकल रहित सम्पन्न करवाने के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।

उपायुक्त मुकुल कुमार रविवार को जनता पब्लिक स्कूल, सेठ टेकचंद पब्लिक स्कूल, गुरु नानक पब्लिक स्कूल व महावीर जैन पब्लिक स्कूल सहित शहर के अन्य शिक्षण संस्थानों में महिला सिपाही पद की परीक्षा को लेकर बनाए गए परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था को चैक करने के उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त मुकुल कुमार, पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग ने सबसे पहले जनता पब्लिक स्कूल को चैक किया। इसके बाद सेठ टेकचंद पब्लिक स्कूल, गुरु नानक पब्लिक स्कूल व महावीर जैन पब्लिक स्कूल सहित शहर के अन्य शिक्षण संस्थानों में बनाए गए सेंटरों की सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य प्रंबधों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सभी सेंटरों में अधिकारियों की हाजिरी को जांचा और नियमानुसार सेंटरों में व्यवस्था का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने कहा कि परीक्षाओं को सुचारु रुप से सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और चेकिंग के लिए फ्लाईंग स्क्वायड भी नियुक्त किए हुए है।

# 27 को भारत बंद : 25 और 26 सितम्बर को किसान निकालेंगे मशाल जुलूस

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

### अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक में प्रधान राजकुमार दलाल ने कहा

आगामी 27 सितम्बर को भारत बंद रहेगा। इस निर्णय की जानकारी अखिल भारतीय किसान सभा तहसील की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान राजकुमार दलाल ने दी। इस बैठक का संचालन प्रताप सिंह ने किया।

जिला प्रधान करतार ग्रेवाल व किसान नेता रामफल देशवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि देश की केंद्र सरकार व हरियाणा की राज्य सरकार देश के पूंजीपति व कार्पोरेट घरानों की दलाली कर तीनों कृषि कानून व राज्य का भूमि अधिग्रहण कानून को सही ठहरा रही है। पिछले लगभग 10 महीने से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के चारों तरफ लाखों किसान मोर्चा लगाये बैठे हैं। इस दौरान 600 से ज्यादा किसान अपनी जान की कुर्बानी दे चुके हैं। केंद्र व राज्य सरकार के आंदोलन कमजोर करने के तमाम षडयंत्रों के बावजूद आंदोलन और मजबूत हो रहा है। ये मुजफ्फरनगर की किसान महापंचायत व करनाल के किसान पड़ाव ने साबित कर दिया है। 27 सितम्बर को भारत बंद का आह्वान, 25-26 सितम्बर को मशाल जुलूस व प्रदर्शन इससे पहले 20 सितम्बर को उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन देंगे।

# भारत में 2020 में सड़क दुर्घटनाओं में मौत के 1.20 लाख मामने आए सामने


**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत** में 2020 में लापरवाही के कारण हुई सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मौत के 1.20 लाख मामले दर्ज किए गए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 लॉकडाउन के बावजूद हर दिन औसतन 328 लोगों ने अपनी जान गंवाई। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2020 की वार्षिक क्राइम इंडिया रिपोर्ट में खुलासा किया कि लापरवाही के कारण हुईं सड़क दुर्घटनाओं में तीन साल में 3.92 लाख लोगों की जान गई है। आंकड़ों के अनुसार साल 2020 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.20 लाख लोगों की मौत हुई, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 1.36 लाख और 2018 में 1.35 लाख था।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले एनसीआरबी की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में 2018 के बाद से हिट एंड रन यानी टक्कर मारकर भागने के 1.35 लाख मामले दर्ज किए गए हैं। अकेले 2020 में, हिट एंड रन के 41,196 मामले सामने आए। 2019 में ऐसे 47,504 और 2018 में 47,028 मामले सामने आए थे। आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक साल में देशभर में हर दिन हिट एंड रन के औसतन 112 मामले सामने आए। सार्वजनिक मार्ग पर तेज गति से या लापरवाही से वाहन चलाने से चोट लगने के मामले 2020 में 1.30 लाख, 2019 में 1.60 लाख और 2018 में 1.66 लाख रहे, जबकि इन वर्षों में गंभीर चोट लगने के क्रमश: 85,920, 1.12 लाख और 1.08 लाख मामले दर्ज किए गए। इस बीच, देशभर में 2020 में रेल दुर्घटनाओं में लापरवाही से मौत के 52 मामले दर्ज किए गए। 2019 में ऐसे 55 और 2018 में 35 मामले दर्ज किए गए थे।

### लॉकडाउन के बावजूद हर दिन औसतन 328 लोगों ने गंवाई अपनी जान

### 2020 में हिट एंड रन के 41,196 लाख मामले दर्ज 2019 में थे 47,504 मामले



एनसीआरबी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2020 के दौरान, भारत में चिकित्सा लापरवाही के कारण मौतों के 133 मामले दर्ज किए गए। 2019 में ऐसे मामलों की संख्या 201 जबकि 2018 में 218 थी। रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में नागरिक निकायों की लापरवाही के कारण मौत के 51 मामले सामने आए। 2019 में ऐसे मामलों की संख्या 147 और 2018 में 40 थी। आंकड़ों में बताया गया है कि 2020 में देशभर में अन्य लापरवाही के कारण मौत के 6,367 मामले दर्ज किए गए, जो 2019 में 7,912 और 2018 में 8,687 थे। एनसीआरबी ने रिपोर्ट में कहा कि देश में 25 मार्च, 2020 से 31 मई, 2020 तक पूरी तरह कोविड-19 लॉकडाउन लागू रहा और इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर आवाजाही बहुत सीमित थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराधों, चोरी, लूट, डकैती और झपटमारी के मामलों में गिरावट आई है।

## ओडिशा में जबरन मजदूरी के लिए तस्करी साइबर अपराध में वृद्धि : एनसीआरबी

**भुवनेश्वर।** पिछले साल जबरन मजदूरी के लिए जिन लोगों की तस्करी की गई उनमें सबसे ज्यादा लोग ओडिशा के थे और राज्य में कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए लगाए लॉकडाउन के बीच साइबर अपराध में भी 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।


राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि देश में हत्या और हत्या के प्रयास के मामलों की उच्च दर वाले राज्यों में से एक ओडिशा है। साथ ही हिट एंड रन, डकैती और आपराधिक धमकी के मामलों में प्रति लाख की आबादी पर सबसे अधिक अपराध दर ओडिशा में दर्ज की गई। मंगलवार को प्रकाशित भारत में अपराध 2020 रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में साइबर अपराध की दर प्रति लाख आबादी पर 4.2 प्रतिशत थी जो राष्ट्रीय दर 3.7 से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य में 2020 में साइबर अपराध के 1,931 दर्ज किए गए जो पिछले साल के मुकाबले 30.03 प्रतिशत अधिक है। राज्य में मानव तस्करी के 103 मामले आए जो 2019 में सामने आई 147 घटनाओं से 29.93 प्रतिशत कम है। हालांकि, जिन लोगों की तस्करी की गई उनकी संख्या 741 दर्ज की गई जो देश में दूसरी सबसे अधिक संख्या है। इसमें 287 महिलाएं और 159 बच्चे शामिल हैं। एनसीआरबी ने बताया कि ओडिशा 18 साल से अधिक आयु के लोगों की तस्करी के मामलों की सूची में पहले स्थान पर है।

# 'उम्मीद कैप्टन कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने वाला कदम नहीं उठाएंगे'

**एजेंसी।** जयपुर

**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे चुके अमरिंदर सिंह की ओर से नवजोत सिंह सिद्धू के खिलाफ मोर्चा खोलने की पृष्ठभूमि में रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमरिंदर कोई ऐसा कदम नहीं उठाएंगे जिससे कांग्रेस पार्टी को नुकसान हो। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार आलाकमान को विधायकों एवं आमजन से मिले फीडबैक के आधार पर निर्णय लेने पड़ते हैं और ऐसे क्षणों में लोगों को अपनी अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए।

गहलोत ने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब एक दिन पहले अमरिंदर सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और कहा कि विधायकों की बार-बार बैठक बुलाए जाने से उन्होंने खुद को अपमानित महसूस किया, जिसके बाद यह कदम उठाया। अमरिंदर ने पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धू पर निशाना साधा और दावा किया कि उनके पाकिस्तान से रिश्ते हैं तथा उनको मुख्यमंत्री बनाने से पंजाब का बेड़ा गर्क हो जाएगा। गहलोत ने एक बयान में कहा, मुझे उम्मीद है कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगे, जिससे कांग्रेस पार्टी को नुकसान हो। कैप्टन साहब ने स्वयं कहा कि पार्टी ने उन्हें साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री बनाकर रखा है। उन्होंने अपनी सर्वोच्च क्षमता के अनुरूप कार्य कर पंजाब की जनता की सेवा की है। उनके मुताबिक, आलाकमान को कई बार विधायकों एवं आमजन से मिले फीडबैक के आधार पर पार्टी हित में निर्णय करने पड़ते हैं। मेरा व्यक्तिगत तौर पर भी मानना है कि कांग्रेस अध्यक्ष कई नेताओं, जो मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में होते हैं, उनकी नाराजगी मोल लेकर ही मुख्यमंत्री का चयन करते हैं। परंतु वही मुख्यमंत्री को बदलते वक्त आलाकमान के फैसले को नाराज होकर गलत ठहराने लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे क्षणों में अपनी अंतरात्मा को सुनना चाहिए।



### राजस्थान सीएम बोले, हमें अपने से ऊपर उठकर देश हित में सोचना होगा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत ने कहा, मेरा मानना है कि देश फासीवादी ताकतों के कारण किस दिशा में जा रहा है, यह हम सभी देशवासियों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। इसलिए ऐसे समय हम सभी कांग्रेसजनों की जिम्मेदारी देश हित में बढ़ जाती है। हमें अपने से ऊपर उठकर पार्टी व देश हित में सोचना होगा। उन्होंने जोर देकर कहा, कैप्टन साहब पार्टी के सम्मानित नेता हैं एवं मुझे उम्मीद है कि वह आगे भी पार्टी का हित आगे रखकर ही कार्य करते रहेंगे। उधर, गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने शनिवार को अपने एक ट्वीट से विवाद खड़ा होने के बाद इस्तीफा दे दिया। शर्मा ने ट्वीट किया था, मजबूत को मजबूर, मामूली को मगरूर किया जाए, बाड़ ही खेत को खाए, उस फसल को कौन बचाए। उनके इस ट्वीट को पंजाब के घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में कई लोगों ने कांग्रेस आलाकमान पर सवाल खड़े करने के रूप में देखा।

### इस्तीफे से पहले अमरिंदर ने सोनिया को लिखा था पत्र

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से पहले अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखकर हालिया घटनाक्रमों को लेकर पीड़ा व्यक्त की और इस बात को लेकर चिंता जताई कि इन घटनाक्रमों से राज्य में अस्थिरता आ सकती है। सिंह ने शनिवार को सोनिया गांधी को पत्र लिखा और पद छोड़ने के फैसले से उन्हें अवगत कराया। पत्र में उन्होंने कहा, व्यक्तिगत पीड़ा के इतर, मैं आशा करता हूं कि राज्य में बहुत मुश्किल से मिली शांति और विकास को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचे तथा सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने का वो प्रयास निर्बाध रूप से जारी रहे, जो मैं पिछले कुछ वर्षों से कर रहा था। अमरिंदर सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि विधायकों की बार-बार बैठक बुलाए जाने से उन्होंने अपमानित महसूस किया, जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया।

### कांग्रेस के पर्यवेक्षकों ने पंजाब के नए सीएम को लेकर चर्चा की

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों अजय माकन और हरीश चौधरी ने पंजाब में कांग्रेस के विधायक दल के नए नेता के नाम को अंतिम रूप देने के लिए पार्टी की प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की है। माकन, चौधरी और पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश रावत यहां एक होटल में ठहरे हुए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू, वरिष्ठ नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा और सुनील जाखड़ का नाम नए मुख्यमंत्री के लिए प्रबल दावेदारों में माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक पार्टी आलाकमान के संपर्क में हैं तथा उन्होंने पंजाब प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा की है। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री के साथ ही दो उप मुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं ताकि जातीय एवं क्षेत्रीय समीकरणों को साधा जा सके। विधायक दल की रविवार सुबह 11 बजे होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई थी।

# यूपी के सुरक्षा और सुशासन मॉडल की दुनिया भर में हो रही सराहना: सीएम योगी

**एजेंसी।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपनी सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर उपलब्धियों की चर्चा करते हुए दावा किया कि प्रदेश सरकार के सुरक्षा और सुशासन मॉडल को दुनिया भर में सराहा जा रहा है। रविवार को लोक भवन (मुख्यमंत्री कार्यालय) के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में योगी ने विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने सुरक्षा और सुशासन का जो मॉडल दिया है उसे देश और दुनिया देख रही है और कोरोना प्रबंधन के लिए सरकार के प्रयासों को दुनिया भर में सराहा जा रहा है।

योगी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश में अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा 350 सीटें जीतकर भारी बहुमत से फिर सरकार बनाएगी। अपनी सरकार के साढ़े चार वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए योगी ने कहा कि 24 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा और सुशासन के क्षेत्र में अपनी



उपलब्धियों से देश और दुनिया की धारणा को बदला है। पिछली समाजवादी पार्टी की सरकार को निशाना बनाते हुए उन्होंने कहा कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां पेशेवर माफिया सत्ता के संरक्षण में अराजकता और भय फैलाते थे। दंगा प्रदेश की प्रवृत्ति बन गई थी और 2012 से 2017 के बीच बीच हर तीसरे दिन औसतन एक बड़ा दंगा होता था, लेकिन साढ़े चार वर्षों में राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ। योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश ने कारोबार में सुगमता में लंबी छलांग लगाई है और जो उत्तर प्रदेश 2016 में 14वें स्थान पर था वही प्रदेश आज दूसरे स्थान पर है। साथ ही कहा कि 2016 में उत्तर प्रदेश देश की छठी अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज यह देश की दूसरी अर्थव्यवस्था बन गया है।

### विपक्ष ने योगी सरकार की साढ़े चार वर्ष की उपलब्धियों को हवा-हवाई बताया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा की सरकार के साढ़े चार वर्ष पूरे होने पर रविवार को विपक्षी दलों समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस ने जमकर हमला बोला है और सरकार की उपलब्धियों के दावे को हवा-हवाई बताया है। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को ट्वीट के जरिए कहा, इस दंभी सरकार के 54 माह गुजर गए और अब सिर्फ छह माह बचे हैं। उन्होंने कहा, किसान, गरीब, महिला और युवाओं पर अत्याचार करने वाली, बेरोजगारी, महंगाई, नफरत, ठप्प कारोबार के बहकावे, फुसलावे वाली जुमलेबाज सरकार के छह माह बचे हैं। जिसका सच ठग का साथ, ठग का विकास और ठग का प्रयास हो, ऐसी सरकार नहीं चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदू यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका ने अनुपम खेर को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की



**न्यूयॉर्क।** हिंदू यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका ने अभिनेता अनुपम खेर को हिंदू अध्ययन में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। फ्लोरिडा स्थित विश्वविद्यालय ने शनिवार को यहां एक विशेष कार्यक्रम में खेर को हिंदू अध्ययन में पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की। खेर ने एजेंसी से कहा, मैं इस उपाधि को प्राप्त कर खुद को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित उपाधि है और यह पल हमेशा मेरे जीवन के प्रमुख आकर्षणों में से एक रहेगा। यह उपाधि मुझे हिंदू धर्म के दर्शन, दुनिया की सबसे पुरानी संस्कृति के दर्शन के बारे में बात करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। विवि ने जब उनसे सम्मान के लिए संपर्क किया, तो 66 वर्षीय अभिनेता ने कहा कि वह उपाधि स्वीकार करना चाहते हैं।

### कच्छ में कम तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में रविवार को 3.1 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि इससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। गांधीनगर स्थित भूकंप विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने कहा कि भूकंप सुबह करीब 8:38 बजे आया जो यह दुधई के 26 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में 9.3 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। कच्छ जिला आपदा प्रबंधन इकाई ने कहा कि इससे किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अहमदाबाद से 300 किलोमीटर से अधिक दूर अत्यधिक उच्च भूकंपीय क्षेत्र में स्थित कच्छ में नियमित रूप से हल्का भूकंप आता रहता है। इससे पहले, इस साल 21 अगस्त को जिले में 4.1 एक तीव्रता का भूकंप आया था जिसका केंद्र धौलावीरा के निकट था।

### भारत में कोरोना संक्रमण के 30,773 नए मामले आए सामने

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 30,773 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या 3,34,48,163 हो गई जबकि उपचाराधीन रोगियों की तादाद कम होकर 3,32,158 रह गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के रविवार को अद्यतन आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार 309 रोगियों की मौत के बाद मृतकों की तादाद 4,44,838 हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि उपचाराधीन रोगियों की संख्या संक्रमितों की कुल तादाद का 0.99 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से उबरने की दर 97.68 प्रतिशत दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे के दौरान कोविड-19 के उपचाराधीन रोगियों की संख्या में 8,481 की कमी आई है।

### देश का तांबा आयात पहली तिमाही में 26 फीसद बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का तांबा आयात चालू वित्त वर्ष की जून में समाप्त पहली तिमाही में 26 प्रतिशत बढ़कर 60,766 टन पर पहुंच गया। कोविड-19 की वजह से लगाए गए अंकुशों में ढील के बाद अब आर्थिक गतिविधियां रफ्तार पकड़ रही हैं। ऐसे में शेष वित्त वर्ष में तांबे के आयात का आंकड़ा ऊंचा रहने की उम्मीद है। अंतरराष्ट्रीय तांबा संघ ने यह जानकारी दी। संघ ने कहा कि देश में तांबे की जरूरत को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता के बावजूद आर्थिक वृद्धि के रफ्तार पकड़ने से चालू वित्त वर्ष में आयात का आंकड़ा तीन लाख टन पर पहुंच सकता है। संघ ने कह, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तांबे का आयात 26 प्रतिशत बढ़कर 60,766 टन पर पहुंच गया। एक साल पहले समान अवधि में यह 48,105 टन रहा था। महामारी की दूसरी लहर के बावजूद आयात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। इस महत्वपूर्ण धातु की मांग शेष वित्त वर्ष में और बढ़ने की उम्मीद है। इसका इस्तेमाल विविध क्षेत्रों में होता है। कोविड-19 से संबंधित अंकुशों में ढील के बाद आर्थिक गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ी है और उसी के अनुरूप तांबे की मांग भी बढ़ रही है। बीते वित्त वर्ष में भारत ने 2,33,671 टन तांबे का आयात किया था।

### चीन में नौका पलटने से आठ की मौत, सात लापता

**बीजिंग।** दक्षिण-पश्चिम चीन के गुइझोउ प्रांत की नदी में एक यात्री नौका के पलटने के बाद कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और सात अन्य लापता हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार को खबर दी कि यह दुर्घटना शनिवार को लियुपनशुई शहर की जांग्के नदी में स्थानीय समयानुसार शाम चार बजकर 50 मिनट पर हुई। इस नौका में 40 यात्रियों के बैठने की क्षमता थी। प्राधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि नौका में कितने लोग सवार थे। अभी तक आठ शव बरामद किए गए हैं। रविवार सुबह आठ बजकर 10 मिनट तक नदी से 39 लोगों को बचाया गया। खबर में बताया गया है कि बचाव अभियान चल रहा है और हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है।

# अरुणाचल के महाधिवक्ता निलय दत्ता का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**एजेंसी।** गुवाहाटी

**अरुणाचल** प्रदेश के महाधिवक्ता निलय दत्ता का कर्नाटक के कुर्ग में शनिवार देर रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 68 वर्ष के थे। दत्ता के एक करीबी दोस्त ने बताया, प्रख्यात अधिवक्ता अपनी शादी की 46वीं सालगिरह मनाने बुधवार को कुर्ग गए थे। वह अपने परिवार के साथ जिस रिजॉर्ट में ठहरे हुए थे, वहां उन्हें शनिवार देर रात ढाई बजे के करीब दिल का दौरा पड़ा और उन्होंने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। उनके परिवार ने बताया कि आज शाम तक उनका अंतिम संस्कार बेंगलुरु में ही किया जाएगा, क्योंकि कर्नाटक में कोविड-19 प्रोटोकॉल के कारण उनके शव को तीन दिन तक उनके गृह राज्य असम नहीं लाया जा सकेगा। शुक्रवार और शनिवार को, दत्ता ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ शादी की सालगिरह के जश्न की कई तस्वीरें ट्विटर पर डाली थीं। वह असम और पूर्वोत्तर के सबसे प्रमुख और प्रतिष्ठित कानूनी हस्तियों में शुमार थे। उन्होंने उच्चतम न्यायालय में कई मामलों में जिरह की। दत्ता ने दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ाई की थी और बाद में नक्सली आंदोलन में शामिल हो गए, जिसके लिए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

## वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजारों की दिशा: विश्लेषक

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख से तय होगी। विश्लेषकों का कहना है कि इस सप्ताह घरेलू मोर्चे पर बड़े वृहद आर्थिक आंकड़े नहीं आने हैं, ऐसे में निवेशकों की निगाह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर निर्णय और वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए। विश्लेषकों ने कहा कि सकारात्मक आर्थिक आंकड़ों और दूरसंचार, बैंकिंग और वाहन क्षेत्र में सरकार के सुधारों से बाजार की धारणा मजबूत हुई। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, हालिया समय में बाजार ने काफी शानदार प्रदर्शन किया है।

# 'आपकी पगड़ी कभी झुकने नहीं दूंगा'

**एजेंसी।** बागपत (यूपी)

**राष्ट्रीय** लोकदल (रालोद) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने रविवार को यहां छपरौली में किसानों की लड़ाई लड़ने का वचन देते हुए उनसे कहा कि वह उनकी पगड़ी कभी झुकने नहीं देंगे। उन्होंने कहा, आपकी पगड़ी कभी झुकने नहीं दूंगा, जैसे जनता का सारा आशीर्वाद पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजित सिंह को मिलता रहा, वैसे ही आशीर्वाद मुझे मिलेगा। मैं हमेशा आपके बीच रहूंगा और जब भी मान सम्मान की बात आएगी, कभी झुकूंगा नहीं।

बागपत के छपरौली में रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की रस्म पगड़ी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के कई जिलों के अलावा



हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान आदि राज्यों के लोग पहुंचे थे। इन सभी राज्यों से खापों के चौधरी भी रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी को पगड़ी पहनाने के लिए आए थे। छपरौली के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के मैदान में चौधरी अजित सिंह की श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी कार्यक्रम में जयंत चौधरी ने हवन में आहुति दी। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। वहां विभिन्न समाज और खाप के चौधरियों ने पहुंचकर अपने-अपने समाज की पगड़ी जयंत चौधरी के सिर पर बांधी। मंच से एलान किया गया कि अब जयंत चौधरी हमारे सेनापति होंगे।

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने भी यहां पहुंचकर चौधरी अजित सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री सोमपाल शास्त्री, गठवाला खाप के चौधरी राजेंद्र सिंह, गुलाम मोहम्मद जोला, राजपूत समाज से पूरन सिंह, यूजीसी के पूर्व चेयरमैन वेद प्रकाश कार्यक्रम में मौजूद रहे। रालोद के राष्ट्रीय मीडिया प्रकोष्ठ के संयोजक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि छपरौली ही पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और उनके बेटे पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की कर्मभूमि रही है।

# नीट प्रवेश परीक्षा छात्रों के हित में शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देशों के अनुरूप: प्रीति सूदन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मेडिकल** कॉलेजों में दाखिले के लिए राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) स्नातक को लेकर उत्पन्न विवाद तमिलनाडु में कुछ छात्रों के आत्महत्या करने की खबर के बाद गहरा गया है। इसके चलते तमिलनाडु सरकार ने राज्य विधानसभा में एक विधेयक पारित किया है, जो कहता है कि राज्य के छात्र अब नीट प्रवेश परीक्षा में हिस्सा नहीं लेंगे, लेकिन इस फैसले के औचित्य को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पेश हैं कि इस संबंध में पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन से भाषा के पांच सवाल और उनके जवाब।

***सवाल : नीट प्रवेश परीक्षा आजकल सुर्खियों में है, तमिलनाडु सहित कुछ वर्गों की ओर से इसको लेकर अलग-अलग सवाल उठाए जा रहे हैं, इस पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है?***

**जवाब :** इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वास्तुकला सहित जितने भी पेशेवर पाठ्यक्रम हैं, उनमें दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा होती है। राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) से पहले मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए हर राज्य अपने स्तर पर प्रवेश परीक्षा लेता था। इसके कारण छात्रों को काफी परेशानी होती थी। ऐसे में मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए 2013 में राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रवेश परीक्षा आयोजित करने पर काम शुरू हुआ। यह मामला उच्चतम न्यायालय में गया और शीर्ष अदालत के साल 2016 के निर्देशों के तहत नीट परीक्षा आयोजित की जा रही है। ऐसे में अब नीट प्रवेश परीक्षा खत्म करने या इससे अलग होने को लेकर क्यों चर्चा हो रही है, यह समझ से परे है।

***सवाल : तमिलनाडु विधानसभा में एक विधेयक पारित हुआ है जिसमें नीट परीक्षा से अलग होने का प्रावधान है। आप इस फैसले को कैसे देखती हैं?***

**जवाब :** विधेयक पेश करने या पारित होने का विषय राज्य सरकार का मामला है, लेकिन हमें यह ध्यान देना होगा कि नीट प्रवेश परीक्षा की व्यवस्था से अलग होने के बाद भी मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए वे प्रवेश परीक्षा लेंगे। ऐसे में नीट परीक्षा के विरोध को लेकर तर्क सही नहीं दिखता है। नीट स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा के परिणाम पर ध्यान दें तो तमिलनाडु के छात्रों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। नीट स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा में भी तमिलनाडु के छात्र बड़ी संख्या में सफल रहे हैं। नीट प्रवेश परीक्षा का ढांचा काफी हद तक उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के तहत है, ऐसे में इस विषय पर कानूनी रूप से विचार करना पड़ेगा।

***सवाल : हाल ही में कुछ छात्रों की आत्महत्या की खबरों के बाद नीट प्रवेश परीक्षा का विरोध बढ़ गया है और इसका प्रारूप बदलने की मांग की जा रही है। इसपर आपकी क्या प्रतिक्रिया है?***




**जवाब :** सबसे पहले हमें अपने बच्चों को भावनात्मक एवं मानसिक रूप से दृढ़ बनाना होगा क्योंकि परीक्षा परिणाम निकलने से पहले ही आत्महत्या की घटनाएं सामने आई हैं। बच्चों के ऊपर इतना दबाव न डालें कि तुम्हें सफल होना ही होगा। नीट प्रवेश परीक्षा में भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान विषय के 180 सवालों के जवाब देने होते हैं और यह क्षेत्रीय भाषाओं सहित 13 भाषाओं में होती है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) साल 2019 से यह परीक्षा आयोजित कर रही है। इससे पहले सीबीएसई आयोजित करती थी। सभी राज्य बोर्डों एवं राष्ट्रीय स्तर पर पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर प्रश्नपत्र तैयार किए जाते हैं। काफी संस्थागत एवं पेशेवर तरीके से परीक्षा आयोजित की जाती है। अगर सुधार के लिए कोई सुझाव आता है तब निश्चित तौर पर सरकार को विचार करना चाहिए।

***सवाल : नीट प्रवेश परीक्षा को लेकर एक वर्ग का कहना है कि पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए उपयुक्त व्यवस्था नहीं है और प्रदेशों में प्रतिभाओं को समान अवसर नहीं मिल पाता है। यह कहां तक सही है?***

**जवाब :** हमें सिर्फ कही हुई बातों पर नहीं जाना चाहिए। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए पिछड़े एवं कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए एक व्यवस्था पहले से बनी हुई है और इस व्यवस्था का पालन करना ही होता है। इसके साथ ही हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि पहले 12वीं कक्षा पास होने के बाद छात्रों का करीब दो महीने का समय अलग-अलग प्रवेश परीक्षाओं को देने में ही निकल जाता था। कई बार अलग-अलग क्षेत्रों में परीक्षा की तिथि एक होने के कारण परेशानी भी होती थी और खर्च भी अधिक होता था। नीट प्रवेश परीक्षा के कारण छात्रों का समय बचा, परेशानियां कम हुई हैं और अभिभावकों का पैसा भी बचा है।

***सवाल : तमिलनाडु सहित कुछ राज्यों का कहना है कि नीट प्रवेश परीक्षा के कारण मेडिकल सीटों में राज्यों का हिस्सा प्रभावित हो रहा है, इसपर आपकी क्या प्रतिक्रिया है?***

**जवाब :** तमिलनाडु के अलावा किसी अन्य राज्य ने ऐसा कुछ भी नहीं कहा है। हमें यह समझना होगा कि डॉक्टरी पेशा बेहद पेशेवर होता है और इसके लिए गुणवत्तापूर्ण, समानता एवं उत्कृष्ट मानदंडों पर आधारित व्यवस्था होनी चाहिए। जहां तक नीट परीक्षा में मेडिकल सीटों का सवाल है, इसमें केंद्रीय कोटे के तहत 15 प्रतिशत सीट हैं और शेष 85 प्रतिशत सीटों के लिए राज्यों के स्तर पर काउंसलिंग होती है। ऐसे में राज्यों का हिस्सा या हक प्रभावित नहीं होता है।

पायनियर
हरियाणा, सोमवार, 20 सितंबर, 2021



# दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर में लगा सकेंगे उद्योग

## 19 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की योजना लांच, 24 सितंबर से वेबसाइट पर करें आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



स्मार्ट टाउनशिप में से एक डीएमआईसी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में उद्योग लगाने का बेहतरीन मौका है। इस टाउनशिप के 19 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन की योजना लांच कर दी गई है। इन भूखंडों के लिए 24 सितंबर से डीएमआईसी आईआईटीजीएनएल की वेबसाइट के जरिए आवेदन किया जा सकता है।

दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम डीएमआईसी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड द्वारा करीब 747.5 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप बसाई गई है। इस टाउनशिप में पांच बड़ी कंपनियां अपना प्लांट लगा चुकी हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मी मोबाइल, संस्कृति इफोटेनमेंट, चेनफेंग टेक, और जे. वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। ये कंपनियां 3700 करोड़ से अधिक का निवेश कर रही हैं और करीब 10 हजार युवाओं को रोजगार देंगी।

इनके साथ ही देश-विदेश के कई बड़ी कंपनियां इस टाउनशिप में निवेश की इच्छुक हैं। उनकी मांग को देखते हुए डीएमआईसी आईआईटीजीएनएल के सीईओ व एमडी नरेंद्र भूषण के निर्देश पर इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में औद्योगिक भूखंडों की योजना लांच कर दी गई है। इस योजना के तहत 18602 वर्ग मीटर से लेकर 54602 वर्ग मीटर एरिया तक प्लॉट हैं। इनकी कीमत 16.990 रुपये प्रति वर्ग मीटर है। इन भूखंडों के लिए ऑनलाइन ही आवेदन किया जा सकता है। इसका ब्रोशर आईआईटीजीएनएल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आवेदक इसी वेबसाइट पंजीकरण पर ई-लैंड मैनेजमेंट सिस्टम पर पंजीकरण कर भूखंडो के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय 25 हजार रुपये बतौर पंजीकरण राशि और प्लॉट की कुल कीमत का 10 प्रतिशत राशि का भुगतान करना होगा।

आवंटन की प्रक्रिया एक माह में पूरी कर शीघ्र पजेशन दे दिया जाएगा। कुल कीमत का 30 फीसदी भुगतान मिलते ही आवेदक को पजेशन मिल जाएगा। यह ओपन एंडेड स्कीम है। हर माह की एक से 15 तारीख के बीच आने वाले आवेदनों को 16 तारीख को खोला जाएगा और 16 से 30 के बीच आने वाले आवेदनों को हर माह की एक तारीख को खोला जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा से भी निकलेंगे कुश्ती के खिलाड़ी, बनेंगे दो अखाड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



सीईओ नरेंद्र भूषण

अब ग्रेटर नोएडा के गांवों से भी कुश्ती के बेहतरीन खिलाड़ी निकल सकेंगे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-37 में प्रस्तावित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रेसलिंग कोर्ट बनाने का निर्णय लिया है। इस पर करीब 60 लाख रुपये खर्च होंगे। इसका टेंडर शीघ्र जारी होने जा रहा है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर खेलो इंडिया के तहत ग्रेटर नोएडा के अंतर्गत आने वाले गांवों में खेल सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में अब ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 37 में रेसलिंग कोर्ट बनाने की योजना है। सेक्टर 37 में पहले से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए करीब चार हेक्टेयर जगह चिंहित है। उसी में से 50 गुणा 15 मीटर एरिया में रेसलिंग कोर्ट बनाया जा रहा है। जिसमें दो रिंग जल्द बनाने की योजना है। ये दो रिंग 12 गुणा 12 वर्ग मीटर के बनेंगे। एक रिंग कच्चा और दूसरा पक्का होगा। 60 लाख रुपये खर्च होंगेइसके अलावा चेंजिंग रूम और ट्वॉयलेट भी होगा। कुश्ती देखने वालों के लिए दर्शक दीर्घा भी बनेगा।

इसे बनवाने में करीब 60 लाख खर्च होंगे। प्रोजेक्ट विभाग से बहुत जल्द टेंडर जारी करने की तैयारी है। टेंडर के जरिए कंपनी का चयन कर शीघ्र निर्माण शुरू कराया जाएगा। प्राधिकरण की कोशिश है कि इसे शीघ्र पूरा कर दिया जाए, जिससे कि आसपास के खिलाड़ी कुश्ती की बारीकियों को सीख सकें। प्राधिकरण ने गांवों में खेल ग्राउंड विकसित करने की पहल की है। पाली, खोदना खुर्द, चुहड़पुर, सैनी व धूममानिक पुर में खेल ग्राउंड बनाए जाएंगे।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

कोतवाली कासना क्षेत्र के घंघोला गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली कासना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि घंघोला गांव में रहने वाले गौरव भाटी ने डेढ़ वर्ष पूर्व बागपत के खेकडा निवासी सपना से प्रेम विवाह किया था। शनिवार को सपना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गौरव ने पुलिस को बताया सपना ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली है।

पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतका के मायके पक्ष के लोगों को दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# आंध्र प्रदेश से लाकर यूपी में बेच रहे थे गंजा, गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा स्पेशल टास्क फोर्स और कोतवाली इकोटेक-3 पुलिस ने एक जॉइंट ऑपरेशन में चेकिंग के दौरान दो शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इनके कब्जे से करीब 37 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया है जिसकी कीमत 25 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपियों का एक साथी मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक नोएडा एसटीएफ और कोतवाली ईकोटेक-3 पुलिस एक सूचना के आधार पर एक कार पकड़ा।

एसटीएफ के राजकुमार मिश्रा ने बताया कि चेकिंग के दौरान पकड़े गए आरोपियों की पहचान शहजादख और सोनू के रूप में हुई है।

# मुख्यमंत्री के होर्डिंग फाड़ने वाले पर मुकदमा दर्ज, जल्द होगी गिरफ्तारी

- 22 सिंतबर को योगी का ग्रेनो आने वाले है

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



गौतमबुद्ध नगर के दादरी में 22 सितंबर को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने का कार्यक्रम है। इस दौरान वह सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसको लेकर स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर मुख्यमंत्री योगी और स्थानीय सांसद और विधायक की तस्वीर वाले होर्डिंग,बैनर लगाए हैं।

सीएम के इस कार्यक्रम का एक समुदाय विशेष के लोग विरोध कर रहे हैं। इसको लेकर शनिवार शाम कुछ लोगों ने क्षेत्र में लगी मुख्यमंत्री की होर्डिंग बैनर को फाड़ कर नष्ट कर दिया। इस पर एक व्यक्ति की शिकायत पर कोतवाली दादरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक 22 सिंतबर को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ग्रेटर नोएडा के दादरी में स्थित सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण करने आ रहे हैं। इसको लेकर जिला पुलिस-प्रशासन और स्थानीय बीजेपी कार्यकर्ता तैयारियों में लगे हैं। आगमन से प्रसन्न लोगों ने उनके स्वागत के लिए मुख्यमंत्री योगी और स्थानीय सांसद महेश शर्मा व विधायक तेजपाल नगर की तस्वीरों के साथ होर्डिंग बैनर लगाए हैं।

इस दौरान एक समुदाय विशेष के लोग कार्यक्रम का विरोध कर रहे हैं। इसके चलते शनिवार को कुछ लोगों ने क्षेत्र में लगी होर्डिंग और बैनर फाड़ कर नष्ट कर दिए।

# राजपूतों के इतिहास से छेड़छाड़ स्वीकार नहीं: महासभा



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**नौवीं** शताब्दी के महान हिंदू शासक मिहिर भोज को गुर्जर और राजपूत साबित करने की होड़ लगी हुई है। दोनों तरफ के संगठन, इतिहासकार और इतिहास के जानकार साक्ष्यों के साथ इस प्रतापी राजा को अपना अपना पूर्वज बताने में जुटे हुए हैं।

इसी क्रम में नोएडा मीडिया क्लब में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मिहिर भोज को राजपूत शासक बताया। संस्था ने उन्हें गुर्जर साबित करने की कोशिश को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। मीडिया से बातचीत में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा, 22 सितंबर को दादरी में सम्राट मिहिर भोज प्रतिहार की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के करने की चर्चा है। इस प्रतिमा का अनावरण गुर्जर सम्राट मिहिर भोज नाम से कराया जा रहा है।

इसका राजपूत समाज पुरजोर विरोध कर रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अध्यक्ष ऋषि पाल परमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहताश सिंह चौहान, नरेश चौहान, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मान सिंह चौहान, सत्येंद्र सिसोदिया, सूर्य नारायण गुप्ता और जितेंद्र सिंह समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# यूपी सरकार ने सभी वर्गों का विकास किया : कैबिनेट मंत्री

- 40 करोड़ की लागत से एयर फोर्स स्टेशन का निर्माण किया: खन्ना

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेस को संबोधित करते हुए योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाई।

उन्होंने दावा किया कि योगी सरकार के सारे 4 साल के कार्यकाल में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं साथ कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। महिला और बाल उत्पीड़न अपराध में काफी कमी आई है। भू-माफियाओं पर शिकंजा भी कसा गया है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद दिल्ली से सटा हुआ शहर है यहां के विकास को लेकर सरकार का विशेष व फोकस रहा है।

उन्होंने उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 5799.56 लाख की लागत से मानसरोवर भवन बनाया गया है जिसका लाभ मानसर कैलाश मानसरोवर यात्रियों को मिल रहा है। साथ ही 40करोड़ की लागत से एयर फोर्स स्टेशन का निर्माण किया गया। 220 लाख रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइट आदि को दुरुस्त किया गया। उन्होंने कहा कि 5734.34 लाख की लागत से 60 न्यायिक अधिकारियों के लिए भवनों का निर्माण किया गया। गाजियाबाद में कुल295 भूमाफिया ने 263.84 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त कराई गई। उन्होंने कहा कि योगी सरकार कानून व्यवस्था को व्यवस्थित करने में पूरी तरह से कामयाब रही है। आज किसी अपराधी की हिम्मत नहीं है कि किसी महिला की तरफ आंख उठाकर भी देख ले। योगी सरकार में सबसे खास बात यह रही है कि बिना किसी भेदभाव के सभी जाति, संप्रदाय के लोगों को सामान लाभ मिला है।

# गड्ढों में लेटे किसानों ने खुद डाला अपने ऊपर कफन

- आधी रात में समाधि लेने वाले किसानों को हटाने पुलिस वापस लौटी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



सांकेतिक समाधि में बैठे मंडोला के किसान

आवास-विकास परिषद की मंडोला विहार योजना में अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा व अन्य मांगों को लेकर पिछले चार दिनों से सांकेतिक समाधि लेकर बैठे 17 आंदोलनकारी किसानों को हटाने के लिए शनिवार की आधी रात में भारी संख्या में पुलिस फ़ोर्स जेसीबी लेकर आंदोलन स्थल पर पहुंची।

पुलिस फ़ोर्स ने जेसीबी से गड्ढे भरने शुरू कर दिए,लेकिन किसान दबाव में नही आये तथा वे गड्ढों से बाहर नहीं निकले तथा अपने ऊपर सफेद कपड़ा (कफन) डाल लिया। जिसके बाद पुलिस फ़ोर्स को वापस लौटना पड़ा। आंदोलनकारी किसानों की अगुआई कर रहे किसान नेता नीरज त्यागी का आरोप है कि जिला प्रशासन द्वारा सत्याग्रही किसानों को जिंदा दफन करने का प्रयास किया गया, लेकिन वे डरने वाले नहीं है। उचित मुआवजा व अन्य मांगों को लेकर पिछले करीब पांच सालों से छह गांव के किसान आंदोलन कर रहे है।

# एनडीआरएफ की टीम ने डूबते युवक को बचाया

- गंग नहर में गणेश विसर्जन के दौरान हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



डूबे युवकों से बचाते हुए एनडीआरएफ की टीम

गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान जहां छोटा हरिद्वार गंग नहर में डूब रहे एक युवक को एनडीआरएफ की टीम ने बचा लिया, वही वजीराबाद यमुना नदी में डूबे युवक के शव को टीम ने खोज निकाला।

छोटा हरिद्वार मुरादनगर गंग नहर में गणेश मूर्ति विसर्जन के दौरान पैर फिसलने से डूब रहे एक श्रद्धालु युवक को एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने बचा लिया। मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली के जोहरी पुर गांव निवासी अविनाश गणेश मूर्ति विसर्जन के लिए छोटा हरिद्वार गंग नहर आया था लेकिन दोपहर लगभग 12: 30 बजे मूर्ति विसर्जन के समय अचानक उसका पैर फिसल गया और नहर में डूबने लगा लेकिन वहां मौजूद एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने सतर्कता दिखाते हुए और व्यवहारिक क्रिया से उसका पेट का पानी निकाला जिसके चलते उसकी सांस वापस लौट आई। एनडीआरएफ बटालियन के कमांडेंट पीके तिवारी ने आज शाम यहां बताया गणेश विसर्जन उत्सव पर एनडीआरएफ की 2 टीमें यमुना नदी वजीराबाद और छोटा हरिद्वार मुरादनगर में तैनात की गई।

# शिविर में लगाया गए 500 लोगों को टीके

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित एस्टर पब्लिक स्कूल में मुफ्त वैक्सीनेशन कैंप लगाया गया। इसमें करीब 500 लोगों ने टीके की दूसरी खुराक ली। वेस्ट की संस्था नेफोवा के पदाधिकारियों ने भी इस टीकाकरण कैंप के आयोजन में सहयोग दिया। एस्टर स्कूल प्रबंधन ने टीकाकरण को सफल बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां की थी। इसका असर भी दिखाई दिया।

नेफेमा टीम के लगातार प्रयास से आज जि़ला प्रशासन गौतमबुद्ध नगर सीएमओ ऑफिस के सहयोग से अपना सातवां वैक्सिनेशन कैम्प लगाया गया। इसमें अब तक क़रीब तीन हज़ार 500 लोगों को वैक्सीन लग चुकी है। एस्टर पब्लिक स्कूल ग्रेटर नॉएडा वेस्ट में 500 निवासियों को दूसरी डोज दी गई।

# नगर निगम ने विलुप्त 26 तालाबों को किया पुनर्जीवित

- 20 और परंपरागत तालाबों को किया जा रहा है विकसित

**अशोक निर्वाण।** गाजियाबाद

एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो, कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता। इस लोकोक्ति को गाजियाबाद नगर निगम की आशा शर्मा और आयुक्त महेंद्र सिंह तवर की कार्य इच्छा शक्ति ने महानगर के 26 तालाबों को पुनर्जीवित कर सिद्ध कर दिया है। महानगर में इस समय 46 तालाब है जिनमें से नगर निगम ने 26 तालाबों को पुनर्जीवित कर उन्हें पानी से लबालब कर दिया है।

शेष 20 तालाबों को भी पुनर्जीवित करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। खास बात यह है कि इन तालाबों के आसपास गांव में यदि अतिवृष्टि होती है तो यह तालाब अतिवृष्टि के तमाम पानी को अपने आगोश में ले सकते हैं। इन तालाबों से न केवल जलस्तर ऊपर आएगा बल्कि गर्मी की तपिश से बचने के लिए पशु पक्षी इस जल को ग्रहण करके तपिश से मुक्ति पा सकेंगे।

अर्थ एनजीओ तालाब विशेषज्ञ रामवीर ने बताया कि वर्षा के जल को गांव में बने नालों के माध्यम से तालाब तक संशोधित करते हुए लाया गया है। उन्होंने बताया कि एकत्रित जल्द से भूजल स्तर में बढ़ोतरी हो रही है जिसके सकारात्मक परिणाम बहुत जल्द देखने को मिलेंगे।




महानगर के विकसित होने से पहले और विकसित होने के बाद तालाब का दृश्य।

## वर्षा के जल से गांव के पोखर हो गए लबालब

नगर आयुक्त महेंद्र सिंह ने बताया कि रईसपुर गांव के 4 तालाबों को पुनर्जीवित किया गया है जिसमें लगभग चार करोड़ लीटर पानी एकत्र हुआ है ,नायफल गांव के तालाब में लगभग 2 करोड़ लीटर पानी एकत्र हुआ है। बयाना गांव के तालाब में 5 लाख लीटर पानी वर्षा के दौरान एकत्र हुआ है। नूर नगर के तालाब में 5लाख लीटर जल एकत्र हुआ है। मकनपुर में ढाई करोड़ लीटर और मोरटा में साढ़े तीन करोड़ लीटर जल एकत्र हुआ है जो पर्यावरण के लिए एक राहत भरी खबर है, इससे गाजियाबाद में जमीनी पानी स्तर भी बढ़ेगा।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

आज मित्रों का सहयोग मिलेगा। वाद-विवाद में समय न गवाएं, तनाव बढ़ेगा। विरोधी पक्ष पराजित होंगे। योजनाएं सफल होंगी। दायरे से बाहर निकलकर ऐसे लोगों से मेलजोल बढ़ाने की कोशिश करें जो ऊंचे पद पर कार्यरत हों। दिन उपलब्धियों भरा रहेगा। छात्रों को सफलता की प्राप्ति होगी। ऑफिस में काम को लेकर बॉस प्रशंसा कर सकते हैं। लवमेट के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे।

**( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**

**भाग्यांक: 8**
**विशेष:** भगवान शिव की आराधना करें।

### वृष

बढ़ती महत्वाकांक्षाएं नई सफलता की ओर बढ़ेंगी। व्यक्तित्व में वृद्धि होगी और आप आसानी से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। प्रमोशन होने के योग हैं। नौकरी की तलाश है तो प्रयास जारी रखें और आप सफल होंगे। वरिष्ठों से सहयोग और प्रशंसा मिलती रहेगी। आर्थिक रूप से सुरक्षित होंगे और संपत्ति या वाहन में भी निवेश कर सकते हैं। भविष्य में सुविचारित निर्णय लाभकारी होंगे। पारिवारिक समारोह में शामिल होंगे।

**( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )**

**भाग्यांक: 7**
**विशेष:** शिवलिंग का दूध से अभिषेक करें।

### मिथुन

धन लाभ हो सकता है। ऐसे काम से फायदा होगा, जो लंबे समय तक चलेगा? कई तरह के रोचक विचार और योजनाएं आज बन सकती हैं। बुद्धि से काम को पूरे कर सकते हैं। खुद को साबित करके दिखा देंगे। दोस्तों और परिवार से सहयोग मिलने के योग हैं। अच्छी खबर भी आज मिल सकती है। आप खुश हो जाएंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छा कहा जा सकता है।

**( का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा )**

**भाग्यांक: 5**
**विशेष:** चांदी का कड़ा धारण करें।

### कर्क

कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए समय संघर्षपूर्ण है। आज विरोधी पक्ष के कारण रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। परिवार के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं। आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। खुद को थकान से भरा महसूस कर सकते हैं। परिवार के लिए समय निकालें। ज्यादा परिश्रम के बाद कुछ समय स्वयं के लिए भी निकालेगें तो उचित होगा। कारोबार में व्यस्तता बढ़ सकती है।

**( ही, हू ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )**

**भाग्यांक: 9**
**विशेष:** छोटे बच्चों में चॉकलेट बांटे।

### सिंह

आय के लिए दिन बेहतर रहेगा। व्यापारिक कार्य से संबंधित योजनाएं फलीभूत होंगी। यात्रा का परिणाम सुखदायी होगा। शिक्षा इत्यादि से संबंधित कार्य करने वालों को अधिक सफलता मिलेगी। संतान से सुख की अनुभूति होगी। कार्यों से मन प्रसन्न होगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। सामाजिक-राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को अच्छी सफलता का योग बना हुआ है।

**( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )**

**भाग्यांक: 7**
**विशेष:** माथे पर सफेद चंदन का तिलक लगाए।

### कन्या

बिजनेस में नई पहल करने का समय है। कामकाज में नया प्रयोग करने में आप सफल हो सकते हैं, दिन आपके लिए ठीक है। जो भी सोचेंगे उसमें सफलता मिल सकती है। अधिकारी तारीफ करेंगे। जीवनसाथी के साथ समय बीतेगा। साझेदारी से फायदा भी होगा। रोजमर्रा के कामों से फायदा हो सकता है। प्रॉपर्टी के काम भी पूरे हो सकते हैं। पुराने काम समय से पूरे हो जाएंगे। पारिवारिक समस्याओं के समाधान का मौका मिल सकता है।

**( टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो )**

**भाग्यांक: 5**
**विशेष:** रुद्र सूक्त का पाठ करें।

### तुला

अपनी सोच सकारात्मक रखें। ससुराल पक्ष से लाभ हो सकता है व अच्छे समाचार मिल सकते हैं। आय में वृद्धि संभव है। तीर्थ यात्रा के अवसर बनेंगे। अच्छी खबर भी मिल सकती है। अविवाहितों को विवाह का प्रस्ताव मिलेगा। आर्थिक योजना को साकार रूप देने में सफलता मिलेगी। नए व्यवसाय के बारे में योजना बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में तनाव रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी आएगी सावधान रहें।

**( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक: 8**
**विशेष:** गणेश जी की पूजा करें।

### वृश्चिक

आज शुभ समाचार मिल सकता है। वरिष्ठ और सहयोगी आपका पूर्ण सहयोग देंगे। कई लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे। इच्छाओं और महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति होगी। वाहन की प्राप्ति भी हो सकती है। यादगार यात्रा होने की भी संभावना है, जो आपके लिए आनंदमय रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। प्रेम संबंधों के लिए समय भी अच्छा है। किसी रुके हुए काम के पूरे होने की संभावना है।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक: 1**
**विशेष:** नम: शिवाय का जाप करें।

### धनु

आज दिन खास रहेगा। कुछ ऐसी बातें सामने आ सकती हैं, जो आने वाले दिनों में बड़ा फायदा देंगी। कठिन मामले को सुलझाने के लिए अच्छा दिन है। समझदारी का इस्तेमाल करें। कार्यक्षेत्र में जान-पहचान के लोग मददगार रहेंगे। आज नया सौदा आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, आज का आपका दिन शुभ रहेगा। कोई बीमारी है तो वह भी ठीक हो जाएगी। किस्मत का साथ और रुका हुआ पैसा मिल सकता है।

**( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )**

**भाग्यांक: 7**
**विशेष:** भगवान शिव को सफेद गुलाब के फूल अर्पित करें।

### मकर

आज नए विचार पर काम कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यापार में योजनाओं पर अमल करें। कोई बड़ा सौदा कर सकते हैं। यश में वृद्धि होगी। मेहनत का फायदा मिलेगा। आज आपको अपने साथी से सावधान रहने की जरूरत हैं। आलस्य को अपने आप पर हावी न होने दें। आईटी के जातक सफलता की प्राप्ति करेंगे। प्रॉपर्टी के लिए अच्छी डील मिल सकती है। कार्य के संपन्न होने से प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )**

**भाग्यांक: 7**
**विशेष:** भगवान शिव को खीर का भोग लगाएं।

### कुंभ

सहकर्मी के बीच लोकप्रियता में वृद्धि होगी। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और अच्छी प्रगति होगी। आमदनी बढ़ेगी। आमदनी के नए रास्ते भी मिलेंगे। भाई-बहनों और बड़ों के साथ संबंध सौहार्दपूर्ण और प्रेमपूर्ण रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ छोटी यात्राओं या भ्रमण की योजना बन सकती है। पारिवारिक-जीवन आनंदमय और खुशहाल रहेगा। पिता के स्वास्थ्य की स्थिति चिंता का विषय हो सकती है।

**( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )**

**भाग्यांक: 4**
**विशेष:** पक्षियों को सतनाजा डालें।

### मीन

आज मजबूती और धैर्य से काम लेंगे। दिनभर पैसों के बारे में ही सोचते रहेंगे। भूमि और प्रॉपर्टी के कामों से भी धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। नया काम करने की सोच रहे हैं तो सामने कुछ और काम आ सकते हैं। रोजमर्रा के कामकाज ज्यादा ही रहेंगे। थोड़े समय में सब ठीक हो जाएगा, धैर्य रखें। ऑफिस में प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आगे बढ़ने के लिए आपको कुछ नया सीखना होगा। सेहत संबंधी मामलों में चिंता कम हो जाएगी।

**( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )**

**भाग्यांक: 2**
**विशेष:** शिवालय में देशी घी का दीपक जलाएं।




## पितृ दोष निवारण के लिए पितृ-सूक्त का पाठ

धार्मिक पुराणों के अनुसार पितृ-सूक्तम पितृ दोष निवारण में अत्यंत चमत्कारी मंत्र पाठ है। यह पाठ शुभ फल प्रदान करने वाला सभी के लिए लाभदायी है। जो व्यक्ति जीवन में बहुत परेशानी का अनुभव करते हैं उनको तो यह पाठ प्रतिदिन अवश्य पढ़ना चाहिए। इससे उनके जीवन के समस्त संकट दूर होकर उन्हें पितरों का आशीष मिलता है।

।। पितृ-सूक्तम् ।।

उदिताम् अवर उत्परास उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः।
असुम् यऽ ईयुर-वृका ॠतज्ञास्ते नो ऽवन्तु पितरो हवेषु ॥1 ॥
अंगिरसो नः पितरो नवग्वा अथर्वनो भृगवः सोम्यासः।
तेषां वयम् सुमतो यज्ञियानाम् अपि भद्रे सौमनसे स्याम् ॥2 ॥
ये नः पूर्वे पितरः सोम्यासो ऽनूहिरे सोमपीथं वसिष्ठाः।
तेभिर यमः सरराणो हवीष्य उशन्न उशद्भिः प्रतिकामम् अत्तु ॥3 ॥
त्वं सोम प्र चिकितो मनीषा त्वं रजिष्ठम् अनु नेषि पंथाम्।
तव प्रणीती पितरो न देवेषु रत्नम् अभजन्त धीराः ॥4 ॥
त्वया हि नः पितरः सोम पूर्वे कर्माणि चक्रुः पवमान धीराः।
वन्वन् अवातः परिधीन् ऽरपोर्णु वीरेभिः अश्वैः मघवा भवा नः ॥5 ॥
त्वं सोम पितृभिः संविदानो ऽनु द्यावा-पृथिवीऽ आ ततन्थ।
तस्मै तऽ इन्दो हविषा विधेम वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥6 ॥
बर्हिषदः पितरः ऊत्य-र्वागिमा वो हव्या चकृमा जुषध्वम्।
तऽ आगत अवसा शन्तमे नाथा नः शंयोर ऽरपो दधात ॥7 ॥
आहं पितृन्त् सुविदत्रान् ऽअवित्सि नपातं च विक्रमणं च विष्णोः।
बर्हिषदो ये स्वधया सुतस्य भजन्त पित्वः तऽ इहागमिष्ठाः ॥8 ॥
उपहूताः पितरः सोम्यासो बर्हिष्येषु निधिषु प्रियेषु।
तऽ आ गमन्तु तऽ इह श्रुवन्तु अधि ब्रुवन्तु ते ऽवन्तु-अस्मान् ॥9 ॥
आ यन्तु नः पितरः सोम्यासो ऽग्निष्वात्ताः पथिभि-र्देवयानैः।
अस्मिन् यज्ञे स्वधया मदन्तो ऽधि ब्रुवन्तु ते ऽवन्तु-अस्मान् ॥10 ॥
अग्निष्वात्ताः पितर एह गच्छत सदःसदः सदत सु-प्रणीतयः।
अत्ता हवींषि प्रयतानि बर्हिष्य-था रयिम् सर्व-वीरं दधातन ॥11 ॥
येऽ अग्निष्वात्ता येऽ अनग्निष्वात्ता मध्ये दिवः स्वधया मादयन्ते।
तेभ्यः स्वराड-सुनीतिम् एताम् यथा-वशं तन्वं कल्पयाति ॥12 ॥
अग्निष्वात्तान् ॠतुमतो हवामहे नाराशं-से सोमपीथं यऽ आशुः।
ते नो विप्रासः सुहवा भवन्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥13 ॥
आच्या जानु दक्षिणतो निषद्य इमम् यज्ञम् अभि गृणीत विश्वे।
मा हिंसिष्ट पितरः केन चिन्नो यद्व आगः पुरुषता कराम ॥14 ॥
आसीनासोऽ अरूणीनाम् उपस्थे रयिम् धत्त दाशुषे मर्त्याय।
पुत्रेभ्यः पितरः तस्य वस्वः प्रयच्छत तऽ इह ऊर्जम् दधात ॥15 ॥
॥ ॐ शांतिः शांतिः शांतिः ॥

# श्राद्ध पक्ष

## पितृयान से गए पितर वापस क्यों लौट जाते हैं, जानिए देवयान का रहस्य

गति बहुत महत्वपूर्ण है। गति होती है ध्वनि कंपन और कर्म से। यह दोनों ही स्थिति चित्त का हिस्सा बन जाती है। कर्म, विचार और भावनाएं भी एक गति ही है, जिससे चित्त की वृत्तियां निर्मित होती है। योग के अनुसार चित्त की वृत्तियों से मुक्ति होकर स्थिर हो जाना ही मोक्ष है। लेकिन यह चित्त को स्थिर करना आम लोगों के बस की बात नहीं। ऐसे में वे जब देह छोड़ते हैं, तो अपने कर्म के अनुसार गति करते हैं।

मरने के बाद आत्मा की तीन तरह की गतियां होती हैं। 1. उर्ध्व गति, 2. स्थिर गति और 3. अधोगति। इसे ही अगति और गति में विभाजित किया गया है। अगति में व्यक्ति को मोक्ष नहीं मिलता है उसे फिर से जन्म लेना पड़ता है। अगति के चार प्रकार है। 1.क्षिणोदर्क, 2.भूमोदर्क, 3. अगति और 4.दुर्गति। क्षिणोदर्क अगति में जीव पुन: पुण्यात्मा के रूप में मृत्यु लोक में आता है और संतों सा जीवन जीता है। भूमोदर्क में वह सुखी और ऐश्वर्यशाली जीवन पाता है। गति में नीच या पशु जीवन में चला जाता है। गति में वह कीट, कीड़ों जैसा जीवन पाता है। उसी तरह गति में जीव को किसी लोक में जाना पड़ता है। गति के अंतर्गत चार लोक दिए गए हैं। 1.ब्रह्मलोक, 2.देवलोक, 3.पितृलोक और 4.नर्कलोक। जीव अपने कर्मों के अनुसार उक्त लोकों में जाता है। ब्रह्मलोक वह पहुंचता है जिसने योग और ध्यान करके मोक्ष प्राप्त किया है। देवलोक पुण्यात्मा ही पहुंचती है। कुछ काल रहने के बाद उसे पुन: मनुष्य योनि में जन्म लेना होता है। पितृलोक में भी पुण्यात्मा ही पहुंचती है जहां वह अपने पितरों के साथ सुखपूर्वक समय बिताकर पुन: जन्म लेती है। नर्कलोक में पापी या दुष्कर्मी आत्माएं ही पहुंचती है। वे भी यहां कुछ काल रहने के बाद पुन: किसी भी योनि में जन्म ले लेती है। पुराणों अनुसार आत्मा तीन मार्ग के द्वारा उर्ध्व (उर्ध्व गति) या अधोलोक (अधोगति) की यात्रा करती है। ये तीन मार्ग है। 1.अर्चि मार्ग, 2.धूम मार्ग और 3.उत्पत्ति-विनाश मार्ग। अर्चि मार्ग ब्रह्मलोक और देवलोक की यात्रा के लिए है। धूममार्ग पितृलोक की यात्रा के लिए है। उत्पत्ति-विनाश मार्ग नर्क की यात्रा के लिए है। यह यात्रा बुरे सपनों की तरह होती है। जब भी कोई मनुष्य मरता है और आत्मा शरीर को त्याग कर उत्तर कार्यों के बाद यात्रा प्रारंभ करती है तो उसे उपरोक्त तीन मार्ग मिलते हैं। उसके कर्मों के अनुसार उसे कोई एक मार्ग यात्रा के लिए प्राप्त हो जाता है।

**शुक्ल कृष्णे गती ह्येते जगतः शाश्वते मते।**
**एकया यात्यनावृत्ति मन्ययावर्तते पुनः ॥- गीता**

भावार्थ: क्योंकि जगत के ये दो प्रकार के शुक्ल और कृष्ण अर्थात देवयान और पितृयान मार्ग सनातन माने गए हैं। इनमें एक द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 24 के अनुसार अर्चिमार्ग से गया हुआ योगी।) जिससे वापस नहीं लौटना पड़ता, उस परमगति को प्राप्त होता है और दूसरे के द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 25 के अनुसार धूममार्ग से गया हुआ सकाम कर्मयोगी।) फिर वापस आता है अर्थात जन्म-मृत्यु को प्राप्त होता है ॥26 ॥

**देवयान और पितृयान:** पहला जन्म साधारण जन्म है। पिता की मृत्यु के उपरांत पुत्र में ओर पुत्र के बाद पौत्र में जीवन की जो निरंतरता बनी रहती है उसे दूसरे प्रकार का जन्म माना गाया है। मृत्युपरांत पुनर्जन्म तीसरे प्रकार का जन्म है।

कौशीतकी में ऐसे व्यक्तियों का उल्लेख है जो मृत्यु के पश्चात चंद्रलोक में जाते हैं और अपने कार्य एवं ज्ञानानुसार वर्षा के माध्यम से पृथ्वी पर कीट पशु, पक्षी अथवा मानव रूप में जन्म लेते हैं। अन्य मृतक देवयान द्वारा अग्निलोक में चले जाते हैं। छांदोग्य के अनुसार ज्ञानोपार्जन करने वाले भले व्यक्ति मृत्युपरांत देवयान द्वारा सर्वोच्च पद प्राप्त करते हैं। पूजापाठ एवं जनकार्य करने वाले दूसरी श्रेणी के व्यक्ति रजनी और आकाश मार्ग से होते हुए पुन: पृथ्वी पर लौट आते हैं और इसी नक्षत्र में जन्म लेते हैं। श्राद्ध कर्म से मृतकों को सहायता मिलती है और वह सद्गति प्राप्त कर लेते हैं।

## क्या पितर सचमुच अतृप्त होते हैं जो हम उनके लिए तर्पण करें ?

**पितरों** के लिए श्रद्धा से किए गए मुक्ति कर्म को श्राद्ध कहते हैं तथा तृप्त करने की क्रिया और देवताओं, ऋषियों या पितरों को तंडुल या तिल मिश्रित जल अर्पित करने की क्रिया को तर्पण कहते हैं। कर्मों के अनुसार किसी भी आत्मा को गति मिलती है। देह छोड़ गए लोगों में से बहुत से अतृप्त होते हैं। कहते हैं कि अतृप्त आत्मा को सद्गति नहीं मिलती है और वह भटकता रहता है इसलिए श्राद्ध कर्म करके उसके वंशज उसके लिए सद्गति का मार्ग खोलते हैं।

### अतृप्ति का कारण

**पहला:** व्यक्ति किसी भी उम्र या अवस्था में मरा हो उसकी इच्छाएं यदि बलवती है तो वह अपनी इच्छाओं को लेकर मृत्यु के बाद भी दुखी ही रहेगा और मुक्त नहीं हो पाएगा। यही अतृप्तता है। जो व्यक्ति भूखा, प्यासा, संभोगसुख से विरक्त, राग, क्रोध, द्वेष, लोभ, वासना आदि इच्छाएं और भावनाएं लेकर मरा है अवश्य ही वह अतृप्त होकर भटकता रहेगा। सभी को गीता का छठा व सातवां अध्याय पढ़ना चाहिए।


**दूसरा:** अकाल का अर्थ होता है असमय मर जाना। पूर्ण उम्र जिए बगैर मर जाना। अर्थात जिन्होंने आत्महत्या की है या जो किसी बीमारी या दुर्घटना में मारा गया है। वेदों के अनुसार आत्मघाती मनुष्य मृत्यु के बाद अज्ञान और अंधकार से परिपूर्ण, सूर्य के प्रकाश से हीन, असूर्य नामक लोक को गमन कहते हैं और तब तक अतृत होकर भटकते हैं जब तक की उनके जीवन का चक्र पूर्ण नहीं हो जाता।

**तीसरा:** धर्म को नहीं जानना ही सबसे बड़ा अधर्म व अतृप्तता का कारण है। जिन्होंने उपनिषद और गीता का अध्ययन अच्छे से नहीं किया वे ज्ञान शून्य और बेहोशी में जीने वाले लोग अतृप्त होकर ही मरते हैं क्योंकि वे अपने मन से आत्मा, ईश्वर या ब्रह्मांड के संबंध में धारणाएं बना लेते हैं। ऐसे लोगों की भी कर्म गति तय करती है कि वे किस तरह का जन्म लेंगे। लेकिन इनमें जो अज्ञानी भक्त हैं वे बचे रहते हैं।

**चौथा:** शास्त्र कहते हैं कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आप क्या सोचते, क्या समझते, क्या बोलते और क्या सुनते हैं। फर्क इससे पड़ता है कि आप क्या करते, क्या मानते और क्या धारणा पालते हैं। क्योंकि यह चित्त का हिस्सा बन जाती है, जो कि आपकी गति तय करती है। यदि आपने यह पक्का मान रखा है कि मरने के बाद व्यक्ति को चीरनिंद्रा में सोना है तो आपके साथ ऐसा ही होगा। हमारी चित्त की गति प्रारब्ध और वर्तमान के कर्मों पर आधारित होती है।

**पांचवां:** हर कोई अपनी जिंदगी में अनजाने में अपराध या बुरे कर्म करता रहता है। लेकिन वे लोग सचमुच ही बुरे हैं जो जानबुझकर किसी की हत्या करते, बलात्कार करते, हर समय किसी न किसी का अहित करते रहते हैं या किसी भी निर्दोष मनुष्य या प्राणियों को सताते रहते हैं। चोर, डकैत, अपराधी, धूर्त, क्रोधी, नशेड़ी और कामी आदि लोग मरने के बाद बहुत ज्यादा दुख और संकट में रहते हैं।





## श्राद्ध पक्ष में इन चीजों का जरूर करें दान

**श्राद्ध** पक्ष 20 सितंबर से शुरू हो गया है, जो 06 अक्टूबर को समाप्त होगा। इस दौरान इस पितृ पक्ष में दान का भी बहुत महत्व है, मान्यता है कि दान से पितरों की आत्मा को संतृष्टि मिलती है, कालसर्प दोष और पितृ दोष भी समाप्त होता है। प्राचीनकाल में तो कई तरह के दान किए जाते थे जैसे गौ-दान, भूमिदान, स्वर्ण दान और चांदी दान परंतु इस कलिकाल में ये तो संभव नहीं है। श्राद्ध पक्ष में अन्न दान तो करते ही हैं, लेकिन इसके अवाला भी ये 10 प्रमुख दान हैं। आओ जानते हैं कि दानों में प्रमुख दान कौन-से हैं जो श्राद्ध पक्ष में किए जा सकते हैं।

**मान्यता है कि दान से पितरों की आत्मा को संतृष्टि मिलती है कालसर्प दोष और पितृ दोष भी समाप्त होता है। प्राचीनकाल में तो कई तरह के दान किए जाते थे जैसे गौ-दान, भूमिदान, स्वर्ण दान और चांदी दान परंतु इस कलिकाल में ये तो संभंव नहीं है।**

'ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णु अद्य यथोक्त गुण विशिष्ट तिथ्यादौ... गौत्र... नाम ममस्य पितरानां दान जन्य फल प्रात्यर्थं क्रियामाण भगवत्प्रीत्यर्थ गौनिष्क्रय/ भूमि निष्क्रय द्रव्य वा भवते ब्राह्मणाय सम्प्रददे।' दानों में गौ-दान, भूमि दान, तिल दान, स्वर्ण दान, घृत दान, धान्य दान, गुड़ दान, रजत दान, लवण दान।



**जूते-चप्पल का दान:** पूर्वजों के निमित्त और उनकी आत्मा शांति के लिए जूते या चप्पलों का दन करने से पितरो प्रसन्न होते हैं। मान्यताओं के अनुसार ऐसा करने से घर में सुख-शांति और खुशहाली आती है। शनि और राहु दोष भी समाप्त हो जाता है।

**वस्त्र दान:** जिसे भी भोजन कराया जा रहा है उसे जूते चप्पल के अलावा वस्त्रों का दान भी करना चाहिए। वस्त्र दान में धोती, टोपी या उत्तरीय (गमछा) दिया जाता है। कहते हैं कि पितर अपने वंशजों से वस्त्र की भी कामना आदि करते हैं।

**छाता दान:** श्राद्ध-कर्म में और मनुष्य की मृत्यु के बाद एकादशाह श्राद्ध (ग्यारहवें दिन) और शय्यादान में छाता और जूता दान करने की प्रथा है। मान्यता है कि यममार्ग में पितरों की छाते से ग्रीष्म के ताप और वर्षा से रक्षा होती है। यह भी कहा जाता है कि इससे पितरों की छत्र छाया बनी रहती है।

**काला तिल दान:** काले तिलों का दान करने से से व्यक्ति को ग्रह और नक्षत्र बाधा से मुक्ति तो मिलती है साथ ही यह दान संकट, विपदाओं से रक्षा करता है। तर्पण करने के दौरान यह कार्य किया जाता है।

**घी दान:** गाय का घी पात्र सहित दान करने से इससे गृहकल नहीं होती और पारिवारिक जीवन खुशहाल हो जाता है।

**गुड़ दान:** इसे पितरों को विशेष संतुष्टि प्राप्त होती है। इससे घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहता है। ऐसा करने से गृह-क्लेश भी दूर है। घर में लक्ष्मी का वास होता है।

**धान्य दान:** इसमें किसी अनाज, दाल, चावल या आटे आदि का दान किया जाता है। इससे वंश वृद्धि में किसी भी प्रकार की रुकावट नहीं होती है।

**नमक का दान:** नमक का दान करने से प्रेत बाधा और आत्माओं से मुक्ति मिलती है।

**चांदी या स्वर्ण का दान:** स्वर्ण दान करने से सूर्य एवं गुरु संबंधी बाधा के अलावा रोगों से मुक्ति मिलती हैं वहीं चांदी दान करने से चंद्र ग्रह संबंधी बाधा दूर होती है और परिवार में शांति, सुख एवं एकता बनी रहती है। स्वर्ण के आभाव में पीतल या दक्षिणा दे सकते हैं और चांदी के अभाव में कोई सफेद वस्तु दान कर सकते हैं।

**गौ-दान:** इस दान को करने से मुक्ति की प्राप्ति होती है। जातक इस दान को संकल्प से प्रतिकात्मक रूपस से भी कर सकता है।

**भूमि दान:** भूमि दान की जगह एक गमले में पौधा लगाकर भी दान किए जाने का आजकल प्रचलन है।

**आमान्न दान:** श्राद्ध में जो लोग भोजन कराने में अक्षम हों, वे आमान्न दान देते हैं। आमान्न दान अर्थात अन्न, घी, गुड़, नमक आदि भोजन में प्रयुक्त होने वाली वस्तुएं इच्छानुसार मात्रा में दी जाती हैं। श्राद्ध का भोजन 4 लोगों को खिलाया जाता है। ब्राह्मण, गाय, कौए और कुत्ते। श्राद्ध के भोजन में बेसन का प्रयोग वर्जित है। सूतक में ब्राह्मण को भोजन नहीं कराना चाहिए। केवल गाय को रोटी दें।

## आज से शुरू हो रहे पितृ पक्ष

हिंदू धर्म में श्राद्ध पर्व का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि से आश्विन मास की अमावस्या यानी 16 दिनों तक मनाया जाता है। पितरों की आत्मा की शांति के लिए भाद्रपद शुक्लपक्ष की पूर्णिमा से आश्विन मास की अमावस्या तक श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान गाय, कुत्तों और कौवों को भोजन खिलाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से पितर प्रसन्न होते हैं और सुख-शांति और खुशहाली का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

ब्रह्म पुराण के अनुसार, पितृ पक्ष में विधि विधान से तर्पण करने से पूर्वजों को मुक्ति मिलती है। यह भी कहा जाता है कि पितृ पक्ष में जो भी अर्पण किया जाता है वह पितरों को मिलता है। पितृ अपना भाग पाकर तृप्त होते हैं और प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं, जो लोग श्राद्ध नहीं करते उनके पितरों को मुक्ति नहीं मिलती और फिर पितृ दोष लगता है। पितृ दोष से मुक्ति के लिए पितरों को श्राद्ध या पूजा करना आवश्यक है।

### श्राद्ध की तिथियां

| | |
|---|---|
| पहले दिन | पूर्णिमा श्राद्धः 20 सितंबर (सोमवार) 2021 |
| दूसरे दिन | प्रतिपदा श्राद्धः 21 सितंबर (मंगलवार) 2021 |
| तीसरे दिन | द्वितीय श्राद्धः 22 सितंबर (बुधवार) 2021 |
| चौथा दिन सितंबर | तृतीया श्राद्धः 23 (गुरुवार) 2021 |
| पांचवां दिन सितंबर | चतुर्थी श्राद्धः 24 (शुक्रवार) 2021 |
| महाभरणी श्राद्ध | 24 सितंबर (शुक्रवार) 2021 |
| छठा दिन सितंबर | पंचमी श्राद्धः 25 (शनिवार) 2021 |
| सातवां दिन | षष्ठी श्राद्धः 27 सितंबर (सोमवार) 2021 |
| आठवां दिन | सप्तमी श्राद्धः 28 सितंबर (मंगलवार) 2021 |
| नौवा दिन | अष्टमी श्राद्धः 29 सितंबर (बुधवार) 2021 |
| दसवां दिन | नवमी श्राद्ध (मातृनवमी): 30 सितंबर (गुरूवार) 2021 |
| ग्यारहवां दिन | दशमी श्राद्धः 01 अक्टूबर (शुक्रवार) 2021 |
| बारहवां दिन | एकादशी श्राद्धः 02 अक्टूबर (शनिवार) 2021 |
| तेरहवां दिन | द्वादशी श्राद्ध, संन्यासी, यति, वैष्णवजनों का श्राद्धः 03 अक्टूबर 2021 |
| चौदहवां दिन | त्रयोदशी श्राद्धः 04 अक्टूबर (रविवार) 2021 |
| पंद्रहवां दिन | चतुर्दशी श्राद्धः 05 अक्टूबर (सोमवार) 2021 |
| सोलहवां दिन | अमावस्या श्राद्ध, अज्ञात तिथि पितृ श्राद्ध, सर्वपितृ अमावस्या समापन- 06 अक्टूबर (मंगलवार) 2021 |



# पहले चरण की लय बरकरार रखने उतरेगा आरसीबी

## नए सिरे से शुरुआत करेगा केकेआर

एजेंसी। अबुधाबी

**इस** साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण में अपने आलराउंड प्रदर्शन के दम पर सात में पांच मैच जीतने वाला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) अपनी उसी लय को बरकरार रखने जबकि दो बार का चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) नए सिरे से शुरुआत करके भाग्य बदलने के उद्देश्य से सोमवार को एक दूसरे का सामना करेंगे। विराट कोहली की अगुवाई वाली टीम आरसीबी आठ टीमों की तालिका में 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है, जबकि 2012 और 2014 की चैंपियन केकेआर ने पहले चरण में सात मैचों में केवल दो में जीत दर्ज की और वह चार अंक के साथ सातवें स्थान पर है।

इयोन मोर्गन की अगुवाई वाली केकेआर 2014 की तरह भाग्य बदलने की उम्मीद कर रही है, जब उसने लगातार नौ मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया था। टीम के मुख्य मार्गदर्शक (मेंटर) डेविड हस्सी को भी उम्मीद है कि टीम अच्छे परिणाम हासिल करने में सफल रहेगी। हस्सी ने कहा, हमें जीत के लिए खेलना होगा। हमने पहले भी ऐसा किया है और हम फिर से ऐसा कर सकते हैं। हमारे पास ऐसी टीम है जो यह कर सकती है। केकेआर के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना मजबूत आरसीबी से है, जिसके कप्तान कोहली अगले महीने विश्वकप के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय की कप्तानी छोड़ने की घोषणा करने के बाद बड़ी पारियां खेलने के लिए बेताब होंगे। इन दोनों टीमों के बीच अभी तक जो 27 मैच खेले गए हैं उनमें केकेआर ने 14 और आरसीबी ने 13 मैच जीते हैं। पहले चरण के मैच में हालांकि आरसीबी ने अपने इस प्रतिद्वंद्वी को 38 रन से हराया था। केकेआर बल्लेबाजी में शुभमन गिल और नितीश राणा पर काफी निर्भर है, लेकिन ये दोनों पहले चरण में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। भारत में जैव सुरक्षित वातावरण में कोविड-19 के मामले पाए जाने के कारण स्थगित किए आईपीएल 2021 के पहले सात मैचों में गिल ने केवल 132 जबकि राणा ने 201 रन बनाए थे। इसके अलावा मोर्गन को भी अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। दिनेश कार्तिक, आंद्रे रसेल, राहुल त्रिपाठी और शाकिब अल हसन से भी टीम को उपयोगी प्रदर्शन की उम्मीद है। केकेआर की गेंदबाजी न्यूजीलैंड के टिम साउदी पर निर्भर रहेगी, जो दूसरे चरण में पैट कमिन्स की जगह टीम से जुड़े हैं।

दूसरी तरफ आरसीबी अभी अच्छी स्थिति में है और कोहली ऐसे में स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। ग्लेन मैक्सवेल और एबी डिविलियर्स ने पहले चरण में धमाकेदार प्रदर्शन किया। आरसीबी की बल्लेबाजी बेहद मजबूत नजर आती है, जिसके शीर्ष क्रम में कोहली और देवदत्त पडिक्कल अच्छी शुरुआत देते रहे हैं। गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज और न्यूजीलैंड के काइल जैमीसन आक्रमण की अगुवाई करेंगे। उनका साथ देने के लिए हर्षल पटेल, नवदीप सैनी और युजवेंद्र चहल जैसे उपयोगी गेंदबाज हैं। चहल टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुने जाने के बाद स्वयं को साबित करने के लिए बेताब होंगे। एडम जंपा और केन रिचर्डसन की जगह श्रीलंका के वाहिंदु हसरंगा और दुशमंत चमीरा के टीम से जुड़ना भी उसके लिए अच्छा है क्योंकि इन दोनों को यूएई में खेलने का अनुभव है।

### टीमें

**केकेआर:** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर, शिवम दुबे, टिम साउदी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैक्सन, टिम सीफर्ट।

**आरसीबी:** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंत चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वाहिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, युजवेंद्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

*मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।*





## अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को हैरान कर सकते हैं गिल और राणा: हस्सी

**अबुधाबी।** शुभमन गिल और नितीश राणा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले चरण में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य मार्गदर्शक (मेंटर) डेविड हस्सी का मानना है कि ये दोनों टूर्नामेंट के दूसरे चरण में अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को हैरान कर सकते हैं। केकेआर के पहले सात मैचों में गिल ने 132 और राणा ने 201 रन बनाए। भारत में टूर्नामेंट के जैव सुरक्षित वातावरण में कोविड-19 के मामले पाए जाने के बाद आईपीएल को मई में स्थगित कर दिया गया था।

हस्सी ने हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों को भारतीय खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी करार देते हुए कहा कि टीम को उनसे काफी उम्मीद है। उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, दोनों ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वे अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी खेल चुके हैं। हस्सी ने कहा, मुझे लगता है कि वे अपने प्रदर्शन से क्रिकेट जगत को हैरान करने वाले हैं और वे भारतीय खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी हैं, केवल एक या दो श्रृंखलाओं के लिए नहीं बल्कि संभवत: एक दशक तक वे अपनी छाप छोड़ सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि कप्तान इयोन मोर्गन दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। पहले चरण में वह रन बनाने के लिए जूझते रहे थे। हस्सी ने कहा, कप्तान के रूप में वह आगे बढ़कर नेतृत्व करने वाला है। हमें उनसे कुछ बड़ी पारियों की जरूरत है।

# एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने में खुशी होगी: स्टुअर्ट

एजेंसी। लंदन



**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने कहा वह एशेज श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए तैयार है, लेकिन उनकी टीम के दूसरे खिलाड़ियों को वहां लागू होने वाले प्रतिबंधों की विस्तृत जानकारी का इंतजार है। इस बात की संभावना है कि टूर्नामेंट से जुड़ी आखिरी प्रोटोकॉल के जारी होने के बाद इंग्लैंड के कुछ खिलाड़ी इस दौरे से हट जाएंगे। ब्रॉड सिर्फ एक प्रारूप (टेस्ट) में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। टीम के नियमित कप्तान जो रूट अगर इस दौरे से हटने का फैसला करते है, तो इस बात की भी संभावना है कि ब्रॉड टीम का नेतृत्व करें।

भारत के खिलाफ श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच के दौरान पिंडली में चोट लगने के बाद वह बाकी बचे टेस्ट मैचों से बाहर हो गए थे। ब्रॉड ने ईएसपीएनक्रिकइंफो को संडे कॉलम के लिए भेजे मेल में लिखा, अगर आप मुझसे पूछें कि क्या मुझे नवंबर में ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए विमान में चढ़ने की खुशी होगी, तो मेरा जवाब हां होगा। इस तेज गेंदबाज ने कहा, मैं फिटनेस हासिल करने के लिए पूरी कोशिश कर रहा हूं और यह स्पष्ट है कि इंग्लैंड की एक टीम किसी न किसी रूप में दौरे पर जाएगी। ब्रॉड ने कहा, टीम का चयन होने में अब बस कुछ ही सप्ताह बचे हैं, लेकिन खिलाड़ी तब तक उम्मीद नहीं छोड़ सकते जब तक सब कुछ साफ नहीं हो। विक्टोरिया और न्यू साउथ वेल्स में कोविड-19 के प्रकोप को देखते हुए दौरे पर पृथकवास के नियमों को लेकर ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के बीच बातचीत जारी है। हालांकि उम्मीद है कि नवंबर तक प्रतिबंधों में ढील दी जाएगी। इंग्लैंड के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में कड़े पृथकवास और प्रतिबंधों के खिलाफ है। सीए हालांकि ऑस्ट्रेलिया और वहां की प्रांतीय सरकारों से बातचीत कर मामले का हल निकालने की कोशिश कर रहा है। ब्रॉड ने कहा, ईसीबी सीए से मिली जानकारियों को हमसे साझा कर रहा है। इसे लेकर हालांकि बहुत कम जानकारी मिली है। मुझे नहीं लगता कि कोई भी दिल से कह सकता है कि हम वहां जैव-सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) में नहीं रहेंगे और यह बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

# स्टेला को भारत के खिलाफ वनडे पदार्पण की उम्मीद

एजेंसी। ब्रिसबेन

**भारतीय** महिला टीम के खिलाफ अभ्यास मैच में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद आस्ट्रेलिया की युवा तेज गेंदबाज स्टेला कैंपबेल को मेहमानों के खिलाफ आगामी श्रृंखला में वनडे पदार्पण करके अपना सपना पूरा करने की उम्मीद है। अभ्यास मैच में इस 19 साल की गेंदबाज ने 38 रन देकर तीन विकेट झटके थे, जिसकी मदद से आस्ट्रेलियाई टीम शनिवार को भारत पर 36 रन से जीत दर्ज करने में सफल रही थी।

स्टेला ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, वनडे पदार्पण करने से मेरा सपना पूरा हो जाएगा, लेकिन मैं यहां सिर्फ इस अनुभव का लुत्फ उठाने, सीखने के लिए और ज्यादा से ज्यादा सुधार करने के लिए आई हूं। लेकिन अगर यह (वनडे पदार्पण) होता है तो यह शानदार मौका होगा। स्टेला ने पारी के शुरू में ही भारतीय बल्लेबाजी की स्टार शेफाली वर्मा और रिचा घोष को आउट कर अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के लिए उम्मीद बढ़ा दी। इन दोनों के बाद उन्होंने स्नेह राणा को पवेलियन भेजा। इस लंबी तेज गेंदबाज में अतिरिक्त रफ्तार और उछाल हासिल करने की काबिलियत है।

## संक्षिप्त समाचार

### बिलबाओ ने एटलेटिको को गोलरहित ड्रा पर रोका

**बार्सिलोना।** मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड लगातार दूसरे मैच में गोल करने में नाकाम रहा, जिससे उसे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में एथलेटिक बिलबाओ से अपना मैच गोलरहित ड्रा खेलना पड़ा। एटलेटिको का यह लगातार दूसरा मैच है, जिसमें उसने अंक बांटे। इससे पहले बुधवार को चैंपियन्स लीग मैच में पोर्तो ने उसे गोलरहित ड्रा पर रोका था। एंटोनी ग्रीजमैन के टीम में वापसी करने के बावजूद एटलेटिको गोल नहीं कर पाया। एटलेटिको की अग्रिम पंक्ति बेहद मजबूत है जिसमें ग्रीजमैन के अलावा लुई सुआरेज, जोओ फेलिक्स, एंजेल कोरिया, मार्कोस लोरेंटे, यानिक कैरासो और मैथियास चुना जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। एटलेटिको अभी तालिका में एक अंक से बढ़त पर है, लेकिन रीयाल मैड्रिड, वेलेंसिया और रीयाल सोसिडाड अपने अगले मैच जीतकर उससे आगे निकल सकते हैं। इस बीच एटलेटिको के पूर्व स्टार राडामेल फालकाओ ने रायो वेलेकानो की तरफ से अपने पदार्पण मैच में ही गोल किया जिससे उनकी टीम ने गेटाफे पर 3-0 से जीत दर्ज की।

### पोर्टलैंड क्लासिक टूर्नामेंट: अदिति संयुक्त 57वें स्थान पर

**पोर्टलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक 2021 कैम्बिया पोर्टलैंड क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में पहले की तरह संयुक्त 57वें स्थान पर बनी हुई हैं, क्योंकि भारी बारिश के कारण तीसरे दौर का खेल नहीं हो पाया और अब प्रतियोगिता को 54 होल तक सीमित कर दिया गया है। पहाड़ी पर स्थित यह कोर्स रात को मूसलाधार बारिश के कारण तर हो गया था। आगे भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई थी। आयोजकों ने कहा कि जरूरत पड़ने पर खेल को सोमवार तक खींचा जा सकता है। पहले दौर में पांच ओवर 77 का स्कोर बनाने वाली अदिति ने दूसरे दौर में पार 72 का कार्ड खेला जिससे वह कट में जगह बनाने में सफल रही थी। रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज जिन यंग को (69-67) कुल आठ अंडर के साथ शीर्ष पर चल रही हैं।

### फ्रांसीसी लीग के मैच में दर्शकों ने मचाया हुड़दंग

**पेरिस।** मौजूदा चैंपियन लिली और लेन्स के बीच खेले गए फ्रांसीसी फुटबॉल लीग के मैच में दर्शकों ने जमकर हुड़दंग मचाया, जिससे मध्यांतर के बाद लगभग आधे घंटे तक खेल नहीं हो पाया। शनिवार को खेले गए इस मैच में पहला हॉफ छूटने के बाद लेन्स के समर्थक मैदान पर आ गए और इसके बाद लिली के समर्थकों से भिड़ गए। पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को उन्हें मैदान से बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोलरहित बराबरी पर थी, जिसके बाद मैच जारी रखने को लेकर आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में मैच जारी रखने का निर्णय किया गया, जिसमें लेन्स ने 1-0 से जीत दर्ज की। उसकी तरफ से यह गोल प्रजेमिस्लाव फ्रैंकोवस्की ने 73वें मिनट में किया। फ्रांसीसी लीग में इससे पहले नीस और मार्सेली के बीच अगस्त में खेले गए मैच में भी दर्शकों ने व्यवधान डाला था। नीस के प्रशंसक मैदान पर उतर आए थे और उन्होंने मार्सेली के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ हाथापाई की थी। इसके बाद यह मैच रद्द कर दिया गया था।

### लुकाकू और कोंटे के बिना भी इंटर मिलान की बड़ी जीत

**रोम।** इंटर मिलान ने शनिवार को बोलोग्ना पर 6-1 की बड़ी जीत से इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में अपना अजेय अभियान जारी रखा, जिससे लगता है कि वह रोमेलु लुकाकु और एंटोनियो कोंटे के बिना भी अपने खिताब के बचाव के लिए प्रतिबद्ध है। इंटर मिलान की तरफ से स्थानापन्न एडिन जेको ने दो गोल किए जबकि उनसे पहले लौटैरो मार्टिनेज, मिलान स्क्रीनियर, निकोलो बारेला और मैतियास वैकिनो ने गोल दागे। बोलोग्ना की तरफ से अंतिम क्षणों में आर्थर थीटे ने एकमात्र गोल किया। इस जीत से इंटर मिलान चार मैचों में 10 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वह रोमा, एसी मिलान, नैपोली और फ्लोरेनटिना से एक-एक अंक आगे है। फ्लोरेनटिना ने एक अन्य मैच में जेनोवा को 2-1 से हराया। कोंटे ने मई में इंटर मिलान को छोड़ दिया था, जबकि लुकाकु अगस्त में चेल्सी से जुड़ गए थे। लुकाकु ने इंटर मिलान की तरफ से दो सत्र में जो 95 मैच खेले उनमें 64 गोल किए थे।

### डेविस कप: स्लोवाकिया, नार्वे और दक्षिण कोरिया जीते

**ब्रातिस्लावा।** विश्व में 17वीं रैंकिंग के खिलाड़ी क्रिस्टियन गारिन ने केवल 50 मिनट में अपना मैच गंवा दिया, जिससे पांचवीं वरीयता प्राप्त चिली को डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के विश्व ग्रुप में स्लोवाकिया से 3-1 से हार का सामना करना पड़ा। नार्बर्ट गोम्बोस ने गारिन को हराने से पहले शुक्रवार को निकोलस जैरी को भी पराजित किया था, जिससे स्लोवाकिया लगातार तीसरी बार क्वालीफायर्स में जगह बनाने में सफल रहा। यूरोप में खेले गए मैचों में पांचवें वरीय चिली के अलावा छठे वरीय भारत और सातवें वरीय उज्बेकिस्तान को भी हार झेलनी पड़ी। नार्वे ने उज्बेकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना रखी थी लेकिन वह युगल मैच हार गया। इसके बाद 10वीं रैंकिंग के कास्पर रूड ने पहले उलट एकल में 567वीं रैंकिंग के संजय फायजीव को हराकर नार्वे को क्वालीफायर में पहुंचाया। दक्षिण कोरिया ने भी सूनवू क्वोन के शानदार खेले से न्यूजीलैंड को 3-1 से पराजित किया। शनिवार से शुरू हुए मुकाबलों में ब्यूनस आयर्स में बेलारूस के डेनिल ऑस्टापेंको ने 15वीं रैंकिंग के डिएगो श्वार्टजमैन को 6-4, 6-3 से हराकर अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। गुइडो पेला ने 16 साल के एरिक अर्टुनियान को हराकर अर्जेंटीना को वापसी दिलाई। आसुनसियोन में शीर्ष वरीयता प्राप्त बेल्जियम ने बोलिविया के खिलाफ अपने शुरुआती दोनों मैच गंवा दिए हैं। मोंटवेडियो में नीदरलैंड ने उरूग्वे पर 2-0 से बढ़त बना रखी है जबकि जोनीह में चल रहे मुकाबले में ब्राजील भी लेबनान से 2-0 से आगे है।

### त्वेसा संयुक्त 12वें स्थान पर रहीं

**बोरदु (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक लैकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस गोल्फ टूर्नामेंट के आखिरी दौर में यहां एक अंडर 70 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले शुरुआती दो दौर में 69 और 70 का कार्ड खेला था। उनका कुल स्कोर चार अंडर 208 का रहा। उन्होंने तीसरे दौर में आठवें से 10वें होल तक तीन बर्डी लगाए जबकि चौथे और 12वें होल में बोगी कर बैठी। यह त्वेसा का लगातार दूसरा अच्छा प्रदर्शन है। वह पिछले सप्ताह स्विस लेडिज ओपन में संयुक्त 11वें स्थान पर रही थी। वह तीन बार शीर्ष 10 में रही है।

### इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी जिमी ग्रीव्स का निधन

**लंदन।** इंग्लैंड के लिए 57 फुटबॉल मैचों में 44 गोल करने वाले दिग्गज जिमी ग्रीव्स का निधन हो गया। वह 81 साल के थे। इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम के अलावा उन्होंने टोटेनहम, चेल्सी और एसी मिलान के लिए शानदार प्रदर्शन किया। टोटेनहम के लिए उन्होंने 379 मैचों में रिकॉर्ड 266 गोल किए। इसी क्लब ने रविवार को उनके निधन की जानकारी दी। टोटेनहम ने बताया, अपने शानदार कॅरियर के दौरान जिमी का स्ट्राइक रेट (प्रति मैच गोल औसत) शानदार था। ग्रीव्स इससे पहले 2012 में मामूली और 2015 में गंभीर हृदयाघात का सामना कर चुके थे। ग्रीव्स इंग्लैंड की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में लगातार तीन सत्र तक सर्वाधिक गोल करने की तालिका में शीर्ष पर रहने वाले पहले खिलाड़ी है। उन्होंने राष्ट्रीय टीम के लिए रिकॉर्ड छह हैट्रिक गोल किए है। वह हालांकि टीम के होने के बाद भी 1966 विश्वकप के फाइनल में मैदान में नहीं उतर सके थे। वह इस विश्वकप के पहले मैच में चोटिल हो गए थे और उनकी जगह टीम में ज्योफ हर्स्ट को शामिल किया गया था।

### आईटीटीएफ कजाखस्तान ओपन में भारतीयों का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** सिद्धेश पांडे एवं मुदित दानी और फिदेल आर स्नेहित एवं सुधांशु ग्रोवर की भारतीय पुरुष युगल जोड़ियों को कारागांडा में आईटीटीएफ (अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ) कजाखस्तान अंतरराष्ट्रीय ओपन में अपने-अपने पुरुष युगल सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों जोड़ियों ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से सेमीफाइनल में हारने से पहले पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था। महाराष्ट्र के मुदित एवं सिद्धेश को सऊदी अरब के अली अलखद्रवी और अब्दुलअजीज बू शुलेबिक की जोड़ी ने 3-0 से हराया तो वहीं स्नेहित एवं सुधांशु की जोड़ी को एलन कुरमांगलीएव एवं किरिल गेरासिमेंको की स्थानीय जोड़ी ने 3-2 से शिकस्त दी। स्नेहित हालांकि एकल वर्ग के फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने अंतिम चार मुकाबले में बेलारूस के पावेल प्लातोनो को 4-1 से हराया।

# आईपीएल 2020 के अच्छे प्रदर्शन से एक कदम आगे बढ़ना चाहेंगे: अक्षर पटेल

एजेंसी। दुबई



**दिल्ली** कैपिटल्स के आल राउंडर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 14 के दूसरे चरण में पिछले सत्र के प्रदर्शन से एक कदम आगे बढ़ना चाहेगी जिसमें वह फाइनल में पहुंची थी। दिल्ली कैपिटल्स ने यूएई में आयोजित आईपीएल 2020 में पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी और श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम इसमें मुंबई इंडियंस से हार गई थी। आईपीएल का 14वां चरण बायो-बबल में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के कारण मई में रोक दिया गया था जो अब रविवार को यूएई में बहाल हो गया।

अंक तालिका में अभी दिल्ली की टीम शीर्ष पर है। अक्षर ने विज्ञप्ति में कहा, जब घोषणा की गई थी कि आईपीएल 14 के दूसरे चरण का आयोजन यूएई में किया जाएगा तो मैंने यहां पर अपने पिछले प्रदर्शन के बारे में सोचा। पिछले सत्र में इस आल राउंडर ने 15 मैचों में नौ विकेट झटके थे। उन्होंने कहा, हमारे पास उस टूर्नामेंट की खुशनुमा यादें हैं जिसमें हम पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचे थे। हम उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे और उम्मीद करते हैं कि इस सत्र में फाइनल में एक कदम और आगे बढ़ेंगे। इंग्लैंड में हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा रहे अक्षर ने ब्रिटेन और यूएई के मौसम में अंतर की बात करते हुए कहा, जहां तक मौसम की बात है तो दोनों जगह में जमीन आसमान का अंतर है। इंग्लैंड में बहुत ठंडा था और यहां हम गर्मी के अनुकूल होने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जब पृथकवास के दौरान हम अपने कमरों की बालकनी में खड़े हुए तो हमें गर्मी का अंदाजा हो गया लेकिन जब हमने नेट पर अभ्यास करना शुरू हुआ तो हमें मौसम का सही अंदाजा हुआ। अक्षर ने कहा, हम अगले दो-तीन दिन में इन परिस्थितियों के आदी हो जाएंगे।

# चेन्नई ने मुंबई को दिया 157 रन का लक्ष्य

**दुबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस के बीच खेले गए मैच से आईपीएल 2021 फेज-2 का आगाज हो गया है। मैच की शुरुआत चेन्नई के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के साथ हुई। अनफिट रोहित शर्मा की जगह किरोन पोलार्ड टीम की कप्तानी की। सीएसके ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए।

ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 58 गेंदों पर नाबाद 88 रनों की पारी खेली। गायकवाड़ की यह पारी चेन्नई के लिए बहुत अहम समय पर देखने को मिली। आईपीएल में यह उनका छठा और यूएई में लगातार चौथा अर्धशतक पूरा किया। वहीं, ड्वेन ब्रावो ने सिर्फ सात गेंदों पर 23 रनों की विस्फोटक पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने लगातार 3 छक्के लगाए। अंतिम 5 ओवर के खेल में सीएसके ने 2 विकेट खोकर 69 रन बनाए। मुंबई के लिए बोल्ट, बुमराह और मिल्ने के खाते में दो-दो विकेट आए।



## अजितेष संधू डट ओपन में संयुक्त 15वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय

**क्रॉम्वॉयर्ट।** अजितेष संधू लगातार तीसरे दौर में 69 के स्कोर से तीसरे दौर के बाद संयुक्त 15वें स्थान के साथ यहां डच ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में भारतीयों के बीच शीर्ष पर चल रहे हैं। संधू का कुल स्कोर नौ अंडर है। दूसरे दौर के बाद शीर्ष 10 में शामिल शुभंकर शर्मा तीसरे दौर में दो ओवर 74 के स्कोर के साथ संयुक्त 35वें स्थान पर खिसक गए। एसएसपी चौरसिया (82) ने यूरोपीय टूर पर अपने सबसे खराब प्रदर्शन में से एक किया और पांच डबल बोगी तथा दो बोगी से 82 के स्कोर से 77वें स्थान पर लुढ़क गए।

## बायो-बबल का पड़ रहा बुरा प्रभाव, मानसिक स्वास्थ्य की परेशानी से बचने के लिए संतुलन जरूरी: विशेषज्ञ

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के चिकित्सा विशेषज्ञों के अध्ययन के मुताबिक सख्त जैव-सुरक्षित माहौल (बायो-बबल) से जुड़े तनाव का खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे होने वाले नुकसान से बचने के लिए संतुलन बनाने की आवश्यकता है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीए के मानसिक स्वास्थ्य प्रमुख मैट बर्गिन और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जॉन ऑर्चर्ड ने ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ स्पोर्ट एंड एक्सरसाइज मेडिसिन के लिए एक लेख में इसका जिक्र किया है।

उन्होंने लिखा, प्रतिस्पर्धा से जुड़े तनाव का लंबे समय में बुरा प्रभाव हो सकता है और यह संभव है कि घटना के सप्ताह या कुछ महीनों के बाद भी नकारात्मक प्रभावों का अनुभव किया गया हो। उन्होंने कहा, ऐसे खिलाड़ियों जिन्हें अक्सर जुझारूपन के लिए सराहा जाता है उन्हें भी इस स्थिति का सामना करने की चुनौती से निपटना होता है। उनके लिए भी अपने मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नए तरीकों को अपनाने और विकसित करना चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने बताया, बायो-बबल से जुड़े अधिकांश लक्षणों का उपचार आसानी से हो सकता है, लेकिन खिलाड़ियों की भी इस तरीके की सहनशीलता की एक सीमा होती है।


## मैकलेनाहन ने मोहम्मद हफीज से कहा

# दौरा रद्द करने के लिए खिलाड़ियों को दोष देना बंद करो

एजेंसी। क्राइस्टचर्च

**न्यूजीलैंड** के तेज गेंदबाज मिशेल मैकलेनाहन ने कहा कि कीवी टीम का पाकिस्तान दौरा रद्द करने के लिए खिलाड़ियों को दोष नहीं देना चाहिए क्योंकि उन्होंने केवल अपनी सरकार की सलाह का अनुसरण किया। इस 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने न्यूजीलैंड टीम का पाकिस्तान दौरा रद्द करने पर बल्लेबाज मोहम्मद हफीज के व्यंग्यात्मक ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त की।

मैकलेनाहन ने ट्वीट किया, सच्चाई स्वीकार करो भाई। आपके ट्वीट से सही संदेश नहीं जा रहा है। खिलाड़ियों या संगठन को दोष मत दो हमारी सरकार को दोष दो। उन्हें जो सलाह मिली उन्होंने (खिलाड़ियों और न्यूजीलैंड क्रिकेट) केवल उस पर अमल किया। मुझे पक्का विश्वास है कि ये युवा खिलाड़ी खेलना चाहते थे और स्वयं को साबित करना चाहते थे। उनके पास कोई विकल्प नहीं था।



हफीज ने शनिवार को सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा रद्द करने के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट की खिल्ली उड़ाई थी। हफीज ने ट्वीट किया था, न्यूजीलैंड की टीम को हवाई अड्डे तक सुरक्षित पहुंचाने की व्यवस्था करने के लिए पाकिस्तान के सुरक्षा बलों का आभार। वही रास्ता है और वही सुरक्षा है, लेकिन हैरानी है कि आज कोई खतरा नहीं है। न्यूजीलैंड की टीम 11 सितंबर को पाकिस्तान पर पहुंची थी। यह 18 वर्षों में उसका पाकिस्तान का पहला दौरा था, जिसमें उसे तीन वनडे और पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने थे। लेकिन न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से पूर्व पाकिस्तान का दौरा रद्द कर दिया था। इसका कारण उसने टीम की सुरक्षा को गंभीर खतरा बताया था।

### धमकी मिलने के बाद हम पाकिस्तान में नहीं रह सकते थे: एनजेडसी सीईओ वाइट

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड वाइट ने कहा कि न्यूजीलैंड को पाकिस्तान का दौरा करने के फैसले पर खेद नहीं है, लेकिन विशिष्ट और विश्वसनीय धमकी मिलने के बाद टीम को उस देश में नहीं रखा जा सकता था। न्यूजीलैंड का 34 सदस्यीय दल शनिवार की रात को विशेष विमान से इस्लामाबाद से दुबई पहुंच गया। टीम के सदस्य 24 घंटे तक पृथकवास पर रहेंगे, जिसके बाद 24 सदस्य अगले सप्ताह तक वापस न्यूजीलैंड लौट जाएंगे।

टीम के बाकी सदस्य यूएई में ही रहेंगे और 17 अक्टूबर से शुरू होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड की टीम से जुड़ेंगे। वाइट ने बयान में कहा, हम मानते हैं कि यह पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के लिए बेहद मुश्किल समय रहा है तथा हम उनके मुख्य कार्यकारी वसीम खान और उनकी टीम का पेशेवर रवैया अपनाने और खिलाड़ियों की देखभाल करने के लिए आभार व्यक्त करना चाहते हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने शुक्रवार को पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच से पूर्व पाकिस्तान का दौरा रद्द कर दिया था। इसका कारण उसने टीम की सुरक्षा को गंभीर खतरा बताया था। वाइट ने कहा, मैं यही कह सकता हूं कि हमें सलाह दी गई कि यह टीम के खिलाफ विशिष्ट और विश्वसनीय धमकी थी। उन्होंने कहा, नतीजे पर पहुंचने से पहले हमारी न्यूजीलैंड सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत हुई तथा पीसीबी को सूचित करने के बाद हम समझते हैं कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच टेलीफोन पर भी बातचीत हुई थी। वाइट ने कहा, दुर्भाग्य से हमें जो सलाह दी गई थी उसे देखते हुए हम उस देश में नहीं रुक सकते थे। न्यूजीलैंड की टीम 11 सितंबर को पाकिस्तान पर पहुंची थी। यह 18 वर्षों में उसका पाकिस्तान का पहला दौरा था, जिसमें उसे तीन वनडे और पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने थे।